आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी उपरांत 11:18 षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 49, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज 16

शर्वरी ने दिखाया फिटनेस का जलवा 15

## दुधवा में 117 वर्षों बाद मिला दुर्लभ सांप पेंटेड कीलबैक

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

- बायोलॉजिस्टों ने की इस गैर विषैले सांप की पहचान और पुष्टि



**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व में 117 साल बाद दुर्लभ प्रजाति का गैर विषैला सांप पेंटेड कीलबैक मिला है। दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डा. रंगा राजू टी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में वर्ष 1907 में पेंटेड कीलबैक देखे जाने के बाद अब इसकी उपस्थिति दुधवा में दर्ज की गई है। पेंटेड कीलबैक को नकौआ नाले के पास स्थित दीमक के एक टीले के निकट मृत पाया गया। उसके शरीर के लाल-नारंगी रंग सहित अन्य विशेष चिन्हों और स्किल पैटर्न से बायोलॉजिस्टों ने इसकी पहचान प्रिंटेड कीलबैक के रूप में की।

विश्व प्रकृति निधि के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित रवि, बायोलॉजिस्ट विपिन सैनी एवं अपूर्व गुप्ता आदि ने गजन जांच कर पेंटेड कीलबैक की पहचान और पुष्टि की।

## कासगंज में पुलिस की पिटाई से आहत दलित ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

### रामलीला मंचन के दौरान कुर्सी पर बैठने पर पिटाई करने का आरोप

**अमृत विचारः** रामलीला मंचन के दौरान दलित युवक का कुर्सी पर बैठना पुलिस कर्मियों को नागवार लगी, उन्होंने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए पिटाई की। जिससे आहत होकर उसने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी ने आरोपी दो पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सोरों कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे गांव के ही कुछ लोगों की साजिश की बात कही जा रही है।

सोरों के गांव सलेमपुर में रामलीला का मंचन चल रहा है। रविवार को गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश



- दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ पत्नी ने की शिकायत

दिवाकर पुत्र कन्हई लाल पंडाल में पड़ी कुर्सी पर बैठकर रामलीला देख रहे थे। आरोप है कि रामलीला कमेटी के इशारे पर पुलिस कर्मी विक्रम और एक अन्य कांस्टेबल ने रमेश का गिरेबान पकड़कर उठा लिया और अलग ले जाकर पिटाई कर जातिसूचक गालियां दीं। पिटाई से आहत रमेश ने घर आकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन सिपाहियों पर आरोप लगाकर कर्रवाई की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों और परिजनों से जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मृतक की पत्नी रामरती देवी ने तहरीर में कहा कि विक्रम नाम के सिपाही ने भरे पंडाल में मारपीट की। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। जांच की जा रही है।

### भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रमेश दिवाकर कुर्सी पर बैठे थे। इसी पर पुलिस कर्मियों ने मारपीट की। उनके सम्मान को ठेस पहुंची तो जान दे दी। ग्राम प्रधान गुड्डू ने कहा कि रामलीला के दौरान रमेश कुर्सी पर बैठ गए थे। कुछ लोगों के इशारे पर पुलिस कर्मियों ने मारा पीटा।

### विधान भवन के सामने युवक ने लगाई आग, गंभीर

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान भवन के सामने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे युवक ने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन कंबल डालकर आग बुझाई फिर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। पुलिस के मुताबिक टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का विवाद था। पूछताछ के लिए टेंट हाउस मालिक को हिरासत में लिया गया है। पुराना चबूतरा दालमंडी सआदतगंज निवासी मुन्ना विश्वकर्मा (40) आलमबाग के बंगाल टेंट हाउस में बिजली का काम करता था। टेंट हाउस मालिक रंजीत चक्रवर्ती से उसका लेनदेन का विवाद था। एक महीने पहले आलमबाग थाने की मवैया चौकी पुलिस ने शिकायत मिलने पर दोनों को बुलाया। मुन्ना का आरोप है कि पुलिस ने टेंट हाउस मालिक का साथ देते हुए उसे चौकी से भगा दिया। उसकी बात नहीं सुनी। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने बेटे की फीस भी नहीं भर पा रहा था। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक मुन्ना 50 प्रतिशत झुलस गया है। टेंट हाउस के मालिक रंजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का था विवाद, जांच शुरू

## एक नजर

### हाईकोर्ट में इस माह 13 दिन होंगे न्यायिक कार्य

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 15 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश रहेगा। इसके चलते 8 दिनों तक हाईकोर्ट में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं होगा। नए दाखिल केसों की सुनवाई अब 15 अक्टूबर के बाद होगी। दशहरा एवं उसके बाद दीपावली अवकाश के कारण हाईकोर्ट अक्टूबर माह में केवल 13 दिनों के लिए ही खुला रहेगा। न्यायिक कार्य पूरे माह में मात्र 13 दिन ही होना है।

### बस पलटने से तीन यात्रियों की मौत, कई घायल

**पालनपुर (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात के बनासकांठा जिले में सोमवार को सुबह अंबाजी मंदिर से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी बस के पलट जाने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अक्षय राज ने बताया कि तीन यात्रियों की मौत होने के साथ नौ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 25 अन्य को मामूली चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### दो इनामी समेत चार नक्सली गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) टीम की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा-माओवादी के दो जोनल कमांडर समेत चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि किसी नक्सली घटना को अंजाम देने के लिए अवैध हथियार और कारतूस के साथ कुछ नक्सली बघोई टोला सत्यदेव नगर में सत्येन्द्र सिंह के घर पर रुके हुए हैं, जिस पर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई की।

### कच्छ तट से 120 करोड़ की कोकीन बरामद

**गांधीधाम (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले में गांधीधाम शहर के निकट एक खाड़ी क्षेत्र से 12 किलोग्राम कोकीन से भरे दस लावारिस पैकेट बरामद किए गए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपये आंकी गई है। कच्छ-पूर्व संभाग के पुलिस अधीक्षक सागर बागमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्करों ने संभवत: पकड़े जाने से बचने के लिए खाड़ी के पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ छिपाया होगा।

# संजय रॉय ने ही किया था प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या

## आरजी कर मामला: सीबीआई ने दाखिल किया आरोपपत्र, सामूहिक दुष्कर्म का उल्लेख नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में दिया था घटना को अंजाम

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सीबीआई ने कोलकाता की एक विशेष अदालत में दाखिल अपने आरोपपत्र में कहा है कि स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले रॉय ने 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में घटना को तब अंजाम दिया था जब प्रशिक्षु चिकित्सक वहां सोने के लिए गई थी।

अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने आरोपपत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं किया है, जिससे संकेत मिलता है कि रॉय ने अकेले ही अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस ने रॉय को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 10 अगस्त को गिरफ्तार किया था, जिसमें वह 9 अगस्त की सुबह सेमिनार रूम में प्रवेश करते हुए दिखा था। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 14 अगस्त को जांच का जिम्मा संभाला था। सीबीआई ने रॉय को हिरासत में लिया और उससे विस्तृत पूछताछ की, जिसके बाद पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया।

रॉय ने नार्को विश्लेषण के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद सीबीआई परीक्षण पर आगे नहीं बढ़ सकी। मामले में ताला पुलिस थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल और मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। घोष कथित भ्रष्टाचार से संबंधित सीबीआई के एक अन्य मामले का भी सामना कर रहे हैं। प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को सुबह 9.30 बजे उसके एक सहकर्मी ने वार्ड में राउंड शुरू करने से पहले उसकी तलाश के दौरान देखा था। ताला पुलिस थाने को एक महिला के बेहोशी की हालत में पड़े होने के बारे में सूचित किया गया था और उसका दल पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे मौके पर पहुंचा। प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या के बाद देशभर में रेजिडेंट डॉक्टर ने बेहतर सुरक्षा की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### जू.डॉक्टरों का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में न्याय एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग कर रहे आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों का आमरण अनशन लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मंगलवार को शाम करीब साढ़े चार बजे मध्य कोलकाता के कॉलेज स्कवायर से धर्मतला तक एक रैली करने की भी घोषणा की। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि कल, हम राज्य भर के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में सांकेतिक भूख हड़ताल भी करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी ने कहा-हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान हो

## महापुरुषों के प्रति टिप्पणी अस्वीकार्य लेकिन अराजकता भी बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने अधिकारियों के साथ की कानून-व्यवस्था की समीक्षा
- त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर करें कार्रवाई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों और साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की अपने सरकारी आवास पर समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो, यह हर जिला-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पर्वों पर आमजन को न होने पाए परेशानी



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पहले सोमवार की शाम ग्राउंड जीरो पर उतरकर विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। अधिकारियों के साथ शिलान्यास और लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजयादशमी एवं अन्य पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने के साथ ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पर जोर दिया। योगी ने कहा कि पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए।

## दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

- माइक्रो आरएनए की खोज के लिए होंगे सम्मानित

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। नोबेल असेंबली ने कहा कि इन वैज्ञानिकों की खोज जीवों के विकास और कार्यप्रणाली के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। नोबेल समिति के महासचिव थॉमस पर्लमैन ने कहा कि एंब्रोस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में वह शोध किया जिसके कारण उन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। वह वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स मेडिकल स्कूल में प्रकृति विज्ञान के प्रोफेसर हैं। रुवकुन का अनुसंधान मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में किया गया, जहां वह जेनेटिक्स के प्रोफेसर हैं। पिछले वर्ष, फिजियोलॉजी या चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार हंगरियाई-अमेरिकी नागरिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी नागरिक ड्रू वीसमैन को दिया गया था।

## मोबाइल चोरी के आरोप में मजदूर को पीट-पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पचदेउरा गांव की घटना, दो गिरफ्तार

**अमृत विचारः** मजूदर पर मोबाइल चोरी का आरोप लगा, फिर उसे पीटकर मार डाला गया। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पचदेवरा गांव में हुई घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी व उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के पुत्र के प्रार्थनापत्र पर हत्या समेत एससी-एसटी की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है।

सदरपुर थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव का राकेश (45) पुत्र हीरालाल सोमवार को बेलौली चौराहे पर लगने वाली मजदूर मंडी आया था। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का पचदेवरा निवासी शोभाराम 12 मजदूरों को लेकर अपने धान के खेत में पहुंचा। अन्य मजदूरों के मुताबिक, शोभाराम ने सिद्धेश्वर बाबा मंदिर के पीछे मौजूद अपने खेत पर धान की पिटाई करने के लिए सभी मजदूरों को लगा दिया। यहीं पर शोभाराम का मोबाइल कहीं गुम हो गया। राकेश के पुत्र इंद्रजीत ने बताया कि शोभाराम और उसके परिवार के लोग पिता पर मोबाइल का आरोप लगा कर अपने घर ले गये। जहां, उनको अमानवीय यातनाएं दी गईं। लाठी- डंडों से ताबड़तोड़ किये गए वार से राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद राकेश के शव को झाड़ी में ले जाकर डाल दिया। बढ़ते बवाल के बीच राकेश की मौत की पुष्टि के लिए पुलिस की मौजूदगी में महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि मुख्य आरोपी शोभाराम व उसके भाई चमनलाल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आप सांसद संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी का छापा

**जालंधर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के एक मामले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सांसद के पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। जालंधर में जिन स्थानों पर तलाश ली जा रही है उनमें रियल एस्टेट कारोबारी हेमंत सूद और एक अन्य व्यक्ति चंद्र शेखर अग्रवाल के परिसर भी शामिल हैं। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि असल में किस कारण से तलाशी की जरूरत पड़ी।

## जिला मलेरिया अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- लखनऊ विजिलेंस टीम ने उन्नाव के अफसर को पकड़ा
- चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने को मांगे थे 10 हजार

**अमृत विचार :** कर्मचारी का चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेते जिला मलेरिया अधिकारी को सोमवार को लखनऊ विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। केके गुप्ता फाइलेरिया नियंत्रण इकाई में बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव को चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप है कि अवकाश स्वीकृत करने के लिए जिला मलेरिया अधिकारी ने 10 हजार रुपये मांगे थे। जिसकी शिकायत केके गुप्ता ने लखनऊ सतर्कता अधिष्ठान में की थी। सोमवार दोपहर बाद जैसे ही पीड़ित ने रमेश यादव को रुपये दिए, विजिलेंस टीम उन्हें दबोच लिया और लखनऊ ले गई। सतर्कता अधिष्ठान ने रमेश यादव को केके गुप्ता की शिकायत पर रंगे हाथ उनके कार्यालय से पकड़े जाने की पुष्टि की है।

## गोंडा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत

संवाददाता, गोंडा

- तीन की हालत गंभीर, एसपी व सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र का बेलसर बाजार सोमवार को धमाके से दहल उठा। बाजार से सटे एक मकान में अवैध रूप से चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। विस्फोट की जद में आकर लल्लू (30) व आकाश (15) की मौत हो गई। जबकि अयूब (17), कृष्ण कुमार (24) व इश्तियाक (40 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही तरबगंज एसएचओ राजेश सिंह व सीओ विनय सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल के डाक्टरों ने घायलों की हालत को देखते हुए उन्हे लखनऊ रेफर कर दिया। कुछ देर बाद एसपी विनीत जायसवाल व तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि दो लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। जबकि तीन घायल हैं। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। मौके पर डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी।

## 35 करोड़ की ठगी का आरोप, 6 बैंक खातों में सिर्फ 640 रुपये




इसी मशीन से जवान बनाने का किया दावा।

### जवानी की मशीन से बूढ़ों को युवा बनाने का आरोपी पहुंचा डीसीपी कार्यालय, दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बोला, मैं ठग नहीं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर, कभी नहीं कहा कि इजराइल से मंगाई मशीन
- डीसीपी और एसीपी ने की पूछताछ, अब आरोपी के दावों की सत्यता परख रही है एसआईटी



**अमृत विचार :** बुजुर्गों को जवान बनाने का झांसा देकर 35 करोड़ रुपये की ठगी का आरोपी स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे सोमवार दोपहर डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचा और बयान दर्ज कराए। खुद को बेकसूर बताते हुए उसने कहा कि उसके 6 बैंक खातों में मात्र 640 रुपये हैं। कंपनी ने कुल 40 लाख का ट्रांजेक्शन किया है। मैं ठग नहीं हूं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर हैं। मैंने कभी नहीं कहा था कि जवानी की मशीन इजराइल से मंगाई है। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा और एसीपी बाबूपुरवा अंजली विश्वकर्मा ने काफी देर तक उससे पूछताछ की, बाद में पुलिस उसे साकेत नगर स्थित जिम ले गई। एसआईटी टीम अब आरोपी के दावों की जांच कर रही है।

जवानी की मशीन से लोगों को झांसा देकर ठगी के आरोपी राजीव दुबे के डीसीपी कार्यालय पहुंचने पर उसे देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। इस पर किदवई नगर थाने से फोर्स बुलाना पड़ा। पुलिस को दर्ज कराए बयान में आरोपी ने 35 करोड़ की ठगी का आरोप निराधार बताते हुए कहा कि वह और पत्नी रश्मि दुबे बेकसूर हैं। आरोपी ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली रेनू सिंह चंदेल को ब्लैकमेलर बताते हुए कहा कि वह और उनके साथी पीछे पड़े हैं। उसके पास आडियो साक्ष्य हैं, पहले 5 लाख फिर 10 लाख, बाद में 18 लाख रुपये की मांग की गई। राजीव ने पुलिस को बताया कि उसने कभी नहीं कहा था कि मशीन इजराइल से मंगाई है। अगर ठगी करनी होती तो पत्नी के नाम का सहारा क्यों लेता और मूल दस्तावेजों का उपयोग क्यों करता। उसके विदेश भागने की बात कही जा रही है, आरोप लगाने वालों को नहीं पता है कि उसका पासपोर्ट डेढ़ वर्ष पहले एक्सपायर हो चुका है।

एसआईटी टीम अब आरोपी के बयान की सत्यता परखने के साथ उसके बैंक खातों की जांच कर रही है। देर शाम आरोपी को साकेत नगर स्थित रिवाइवल वर्ल्ड के ऑफिस ले जाया गया। इसी संस्था के नाम से उस पर ठगी करने का आरोप है। बीती 20 सितंबर को स्वरूप नगर निवासिनी रेनू सिंह चंदेल द्वारा राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद आफिस और कथित मशीन पहले ही सील की जा चुकी है।

> किदवई नगर थाने में पंजीकृत मुकदमे में स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर आरोप था कि इजराइल की मशीन से 60 साल के बूढ़ों को 25 साल का जवान बना दिया जाएगा। इस मामले में सोमवार को राजीव दुबे बयान दर्ज करने डीसीपी कार्यालय पहुंचे। अभी जो धाराएं उन पर लगी हैं, उनमें गिरफ्तारी नहीं है। मामले की सघन जांच की जा रही है, इसके बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपी के बैंक अकाउंट के ट्रांजेक्शन देखे जा रहे हैं। आरोप लगाने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। -**अंकिता शर्मा**, डीसीपी साउथ।

## एक नजर

### अराजकतत्वों से परेशान संत ने पुलिस से लगाई गुहार

**छिबरामऊ।** शहर के बनवारी नगर में हनुमान मंदिर पर रहकर पूजा- अर्चना करने वाले संत रमाशकर पुत्र गोवर्धन लाल को मोहल्ले के अराजक किस्म के लोग मंदिर पर पहुंच कर परेशान करते है। इसके साथ ही उनकी आराधना में भी व्यवधान करते है। संत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मोहल्ले में ही बनवारी बाबा का मंदिर है। यहां जुआरियों का मजमा लगता है। इनके ही इषारे पर अन्य लोग भी प्रताड़ित करते है ।पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### पुलिस ने दर्ज की आत्महत्या करने की एफआईआर

**गुरसहायगंज।** गांव के लोगों ने झूठे आरोप लगाकर युवक को प्रताड़ित किया। इससे आजिज आकर युवक ने साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम ताखेपुरवा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रमेश व जगपाल निवासी बरकागांव ने उसके भाई नरेंद्र पर झूठे आरोप लगाकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इससे आजिज आकर शनिवार की सुबह लगभग 07 बजे उसके भाई ने बाग में साड़ी का फंदा लगाकर पेंड से आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला को ले जाकर तीन लोगों ने किया दुराचार

**गुरसहायगंज।** महिला को बहलाकर ले गए। इसके बाद उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने कोतवाली में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी महिला ने बताया कि 20 जून को थाना कमालगंज के ग्राम सिंधौली निवासी अनुज, रामकिशोर, सुधीर उसे बहला फुसला कर अपने साथ जालंधर पंजाब ले गए। जहां उस के साथ तीनों लोगों ने बारी-बारी से बलात्कार किया। विरोध करने पर तीनों लोगों ने गालीगलौज की। इसके बाद मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति, पत्नी और पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज।** जहांगीरपुर महोना के संतप्रकाश ने तहरीर में बताया कि 14 सितंबर की शाम लगभग 7 बजे गांव के गंगाप्रसाद, रामवीर, दीपक, आकाश, मोहित उसके दरवाजे आए। गालीगलौज की। मना करने पर उसे, पत्नी रामा देवी, पुत्र अंकित को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# उर्वरक बिक्री में गड़बड़ी, लाइसेंस निरस्त करने का नोटिस

## अधिक रेट में थोक आपूर्ति और स्टॉक मिलान न होने पर दो दुकानदारों से जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में उर्वरक दुकानों का रविवार को निरीक्षण किया गया। छिबरामऊ क्षेत्र में शिकायत मिलने पर आरकेआर एजेंसीज निगोह रोड लड़ैता, आईएफएफडीसी मोहन नगला पाल खाद भंडार छिबरामऊ, कटियार फर्टिलाइजर छिबरामऊ, तेजस खाद भंडार पलिया एवं किसान खाद भंडार रोहली का निरीक्षण कर अभिलेख देखे गए। लाइसेंस निरस्तीकरण करने समेत दो दुकानों को नोटिस जारी किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि पाल खाद भंडार छिबरामऊ में पास मशीन के अनुसार 234 बोरी डीएपी होनी चाहिए थी लेकिन मौके पर 107 बोरी ही पाई गई। इनके संचालक को नोटिस जारी किया गया है। किसान खाद भंडार रोहली पर 400 बोरी डीएपी की आपूर्ति पीके एजेंसी सराय प्रयाग की ओर से की गई लेकिन कागजी प्रक्रिया व मशीन आंकड़े में कमी पाई गई। साथ ही दुकानदार ने आरोप लगाया कि थोक विक्रेता पीके एजेंसी ने महंगी दर पर डीएपी दी है। इस वजह से पीके एजेंसी कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहे हैं।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि थोक विक्रेता को लाइसेंस निरस्तीकरण का नोटिस जारी किया गया। साथ ही सभी थोक एवं खुदरा खाद विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित दरों पर ही उर्वरक की बिक्री करें। यदि जानबूझकर अधिक दरों पर उर्वरकों की बिक्री की गई तो उनका लाइसेंस निरस्त कर आईडी ब्लॉक कर दी जाएगी। साथ ही कानूनी कार्रवाई भी होगी। इसके अलावा अगर नकली उर्वरक बेचने की शिकायत मिलती है तो आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।


उर्वरक का स्टॉक मिलान करते जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह। अमृत विचार

### तीन दिन बाद इफको और डीएपी की होगी आपूर्ति

- जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सहकारी समितियों पर लगातार एनपीके खाद की आपूर्ति की जा रही है। तीन दिन बाद इफको और डीएपी खाद की रैक लग रही है, जिसमें 1080 मीट्रिक टन आपूर्ति समितियों पर की जाएगी। किसान फॉस्फोरस की पूर्ति के लिए आलू में डीएपी के स्थान पर सुपर एवं एनपीके खाद का उपयोग करें।


तिर्वा में खुली सहकारी समिति।

### आलू किसानों को नहीं मिल पा रही एनपीके खाद

**तिर्वा।** आलू किसानों को इस समय एनपीके खाद की जरूरत है, लेकिन समिति पर मिल नहीं रही। ऐसे में उन्हें बाजार में निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा देकर खरीदनी पड़ रही है। यह सब जानकर भी प्रशासन अंजान बना हुआ है। कस्बे के क्रय विक्रय केंद्र में अहेर न्याय पंचायत जुड़ी है। इसमें करीब 28 गांव लगते हैं, जहां हजारों किसान है। समिति में न्याय पंचायत के सैकड़ों किसानों का पंजीकरण है। वर्तमान में आलू किसानों को एनपीके खाद की जरूरत है। समिति में कई दिनों से एनपीके न होने कारण किसान चक्कर काट रहे हैं। बाजार में अधिक रकम देकर खाद लेना पड़ रही है। केंद्र के प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि इस समय एनपीके खाद की मांग ज्यादा है। खाद के लिए मांग पत्र भेजा है। जल्द ही समिति में खाद आ जाएगी और फिर किसानों को बांटी जाएगी।

# तकनीक के साथ करें आलू की खेती

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के प्रक्षेत्र पर आलू उत्पादक पूर्व प्रशिक्षित कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र के अध्यक्ष व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वीके कनौजिया ने किसानों को चेचक रोग के निदान को 03 प्रतिशत बोरिक एसिड से बीज को उपचारित करने की सलाह दी। बताया कि भूमि व बीज जनित रोगों से आलू के बचाव को मिट्टी को 5 किग्रा ट्राइकोडर्मा प्रति हे. की दर से उपचारित करें।

उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने बताया कि अगेती फसल हेतु अगेती प्रजातियां जैसे कुफरी ख्याति, कुफरी गरिमा, कुफरी अशोक, कुफरी सूर्या, कुफरी पुखराज इत्यादि तथा मुख्य फसल हेतु प्रजातियां- कु. कुफरी बहार, कु. लोहित, क. गंगा, कु. मोहन, कु. अरुण, कु. संगम, क. सदाबहार ,कु. पुखराज, कुफरी पुष्कर, कु. गरिमा का प्रयोग करें। प्रसंस्करण हेतु कु. चिप्सोना-1,2 3,5, कु. सूर्या, कु. फ्राई सोना इत्यादि लगाने की सलाह दी। बताया कि किसान मुख्य फसल की प्रजातियों को अगेती फसल के रूप में प्रयोग न करें। अगेती फसल में आलू को काटकर न बुवाई करें।

तापमान अधिक होने से आलू के सड़ने की संभावना रहेगी। मिट्टी का परीक्षण संभव न हो तो संतुलित खाद एवं उर्वरक प्रबंधन के रूप में 150-180 किग्रा नाइट्रोजन, 80-100 किग्रा फास्फोरस, 80-100 किग्रा पोटाश, 25 किग्रा जिंक सल्फेट, 25 किग्रा, सल्फर, 50 किग्रा फेरस सल्फेट प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. सीके राय, प्रसार वैज्ञानिक डॉ. सुशील कुमार मौसम वैज्ञानिक, अमरेंद्र यादव ने भी जानकारी दी।



किसानों को जानकारी देते केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया। अमृत विचार

- अगेती फसल में बीज को काटकर कर न करें बुवाई
- कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षित कृषक सम्मेलन आयोजित

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# यादव महासभा ने ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यादव समाज के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार को लेकर अखिल भारतीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में यादव समाज का उत्पीड़न रोके जाने की मांग की गई है।

अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष डा. चंद्रकांत यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में यादवों पर सौतेला व्योहार किया जा रहा है। उनके यहां बिजली विभाग छापेमारी कर उन पर एक से दो-दो लाख रुपये का जुर्माना लगा रहा है और मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। दो माह पहले ही ग्राम मिश्रापुर्वा में विद्युतीकरण का काम किया गया है। इस गांव के 22 लोगों पर बिजली विभाग ने मुकदमा दर्ज किया है, जबकि उनके घरों के सामने हाल ही में बिजली के पोल लगाये गये हैं। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन ने सुधार न किया तो विरोध जताया जाएगा।

महासभा ने कहा कि यदि यादवों का उत्पीड़न बंद न किया गया और बिजली विभाग फर्जी मुकदमे वापस न लिये तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरजीत यादव प्रधान नुनारी, राकेश कुमार यादव पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, नागेंद्र यादव प्रधान नंदलालपुर, मलखान सिंह यादव प्रधान, पिंटू यादव, कप्तान सिंह यादव, जितेंद्र यादव, आकाश कुमार यादव, मलखान सिंह यादव, भैयालाल, रामनिवास यादव प्रदेश महासचिव मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में एडीएम को ज्ञापन देते अखिल भारतीय यादव महासभा के लोग।

# नवंबर से ढाई-ढाई किलो मिलेगा गेहूं और चावल

**बदला नियम**

- पात्र गृहस्थी और अंत्योदय राशनकार्डधारकों के लिए नया स्केल जारी
- अंत्योदय पर प्रति कार्ड 17 किलोग्राम गेहूं और 18 किलो चावल का मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अगले महीने यानी नवंबर से राशन वितरण के स्केल में बदलाव तय हो गया है। पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों को प्रति यूनिट अब ढाई-ढाई किलोग्राम गेहूं व चावल मिलेगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 17 केजी गेहूं व 18 किलोग्राम चावल दिया जाएगा।

खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त सौरभ बाबू ने इसका पत्र भी जारी कर दिया है। अक्टूबर तक पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों को प्रति यूनिट तीन किलोग्राम चावल व दो किलोग्राम गेहूं कुल पांच किलोग्राम राशन वितरित हो रहा है। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड कुल 35 किलोग्राम राशन में 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल मिलता है, जिसमें भी बदलाव हो गया है।

पत्र के मुताबिक नवंबर के इस बदले राशन का उठान अक्टूबर में ही होगा। जनपद में तीन लाख 20 हजार के करीब पात्र गृहस्थी व अंत्योदय कार्ड धारक हैं। इसमें 12 लाख से अधिक यूनिट शामिल हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अक्टूबर का खाद्यान्न वितरण पांच अक्टूबर से शुरू हो चुका है जो 25 तारीख तक चलेगा।

## सार-संक्षेप


कलेक्ट्रेट पहुंचे फातहे बिलग्राम मिशन शाखा कन्नौज के मुस्लिम लोग। अमृत विचार

### ज्ञापन सौंपकर महंत नरसिंहानंद पर कार्रवाई की मांग

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट में फातहे बिलग्राम मिशन की कन्नौज ब्रांच के मुस्लिम धर्म के लोगों ने पहुंच कर डीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानन्द द्वारा पैगंबर के खिलाफ की गई वयानबाजी पर कार्रवाई की मांग की। यति नरसिंहानंद के विवादित बयान के खिलाफ फतेह बिलग्राम मिशन कन्नौज ब्रांच के लोग सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। इसमें पदाधिकारियों धर्म गुरू काजी एशरा कन्नौज, अनीसुल मसाइख पीर सैय्यद अनस हुसैन बस्ती व मुस्लिम धर्म के लोगों ने कहा कि महंत व उनके शिष्य अनिल यादव ने मुस्लिम धर्म के सर्वमान्य हजरत मोहम्मद मुस्तफा के खिलाफ अर्नगल वयानबाजी कर माहौल खराब करने की कोशिस की है। इन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिये।


अपना दल (एस) की बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों को जानकारी देते जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार। अमृत विचार

### कई लोगों ने थामा अपना दल एस का दामन

**कन्नौज।** अपना दल(एस) की मासिक बैठक जिला कार्यालय आयोजित की गई। इस मौके पर कईलोगों ने पार्टी की सदश्यता ली। अपना दल(एस) के जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार की अगुवाईमें आयोजित हुई मासिक बैठक में सबसे पहले संगठन को और मजबूत करने व अन्य मुद्दों पर विशेष निर्णय लिये गये। बैठक की अध्यक्षता विपिन कटियार ने की। इस मौके पर बैठक में जिला उपाध्यक्ष बीपी कटियार, जिला महासचिव मंदीप कटियार, जिला महासचिव शिवप्रकाश कटियार, जिला सचिव मोहम्मद कल्लू भाई, जिला उपाध्यक्ष कमलेश कटियार, जिला सचिव रामजीवान राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे, जिला महा सचिव फ़ैमुद्दीन, जिला सचिव शराफ़त भाई, छात्रमंच जिला अध्यक्ष विमल कटियार, युवामंच जिलाअध्यक्ष सावन पटेल, जिलासचिव शिवम पटेल, विधमंच जिला अध्यक्ष सुशील पटेल मौजूद रहे। इस दौरान छिबरामऊ विधान सभा क्षेत्र से कई लोगों ने पार्टी की नितियो से प्रभावित होकर पार्टी ज्वाईन की। इस में प्रमुख रूप से ममता कटियार, आकाश पटेल, सौरभ पटेल,जलील अहमद, नितिन कटियार, रामजी कटियार, ओमजी कटियार,चाँदबाबू, जितेन्द्र कटियार, शिवम् ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# परियोजना अधिकारी को डीएम की फटकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


- नदियों में जाने वाले सॉलिड वेस्ट का पूरा ब्योरा न होने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार।** डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक में कहा कि गंगा सफाई के लिए महाकुंभ 2025 के तहत ऐसा प्लान बनाकर कार्य करें जिससे गंगा में प्रदूषण न जा सके। डीएम ने क्षेत्रवार नदियों में जाने वाले सॉलिड वेस्ट का ब्योरा न होने पर नमामि गंगे परियोजना अधिकारी अजय त्रिपाठी को फटकार लगाई।

बैठक में डीएम ने कहा कि महत्वपूर्ण कार्य को मजाक न बनाएं। बैठक में पूरा ब्योरा लेकर ही आएं। निर्देश दिए कि गंगा की सहायक नदियों के संरक्षण एवं प्रदूषण मुक्त करने के लिए अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। सालिड वेस्ट एवं लिक्विड वेस्ट बिना शोधन के गंगा में नहीं जाना चाहिए। नाले पूरी तरह टैप होना चाहिए। गंगा/ काली नदी में नालों से गंदा पानी सीधे न जाकर एसटीपी में शोधन किया जाए। ग्रामों में शत-प्रतिशत कूड़ा कलेक्शन हो। प्लास्टिक पर प्रभावी रोक लगाने में नगर पंचायतों और पालिकाओं का अहम रोल है। नियमित चेकिंग की जाए। बारात घर की ओर से नगरीय सीमा में प्रदूषण फैलाने पर चालान किया जाए। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश से कहा कि जो कार्य करें स्थाई हों। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ, बीएसए संदीप कुमार व ईओ तिर्वा देवांशी दीक्षित मौजूद थीं।

# एसपी ने बच्चों को बताई पुलिस की चुनौतियां


संवाद करते एसपी अमित कुमार आनन्द।


संवाद कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एसपी ने कार्यालय में स्कूली बच्चों से संवाद कर पुलिस की कार्यप्रणाली व चुनौतियं से अवगत कराया। इस दौरान बच्चों ने एसपी से कई महात्वपूर्ण प्रश्न पूछे। इसके बाद कलक्ट्रेट पहुंच कर डीएम शुभ्रांत कुमार से प्रशासनिक व्यवस्था समझी।

सोमवार को कार्यालय में एसपी अमित कुमार आनंद ने मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत कन्हैयालाल सरस्वती विद्यामंदिर मकरन्दनगर कन्नौज के विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियों और ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। पुलिस के कार्य, कर्तव्यों और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका की जानकारी दी। यह भी समझाया कि पुलिस का मुख्य कार्य समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखना है, जिसमें कई बार कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

बच्चों ने कई प्रश्न पूछे, जिस पर एसपी ने जिज्ञासा शांत की। बच्चों ने अपराध नियंत्रण, साइबर सुरक्षा, और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जानकारी प्राप्त की। एसपी ने किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं में भ्रमण कर उनकी कार्यशैली को देखा एवं पुलिस लाइन्स कन्नौज स्थित शूटिंग रेंज, टेबल टेनिस, जिम, कैंटीन, स्नूकर रूम, टेनिस कोर्ट, यातायात कंट्रोल रूम एवं UP-112 कार्यालय में भ्रमण कर कर कार्यशैली के बारे में जाना।


बारात के दौरान तीन देवियों के स्वरूप में सजे कलाकार। अमृत विचार

**गुरसहायगंज में धूम** | प्रभु राम, लक्ष्मण और विश्वामित्र की आरती उतार की पूजा-अर्चना, 51 रथों पर मनभावन झाकियां देखने ग्रामीण क्षेत्र से उमड़ी भीड़

# गाजे-बाजे के साथ निकली प्रभु राम की बारात, छतों से बरसे फूल

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** श्री आदर्श रामलीला समिति पुरानी गल्ला मण्डी के तत्वावधान में श्रीराम की लीला का मंचन किया रहा है। इसमें रविवार देर रात भगवान राम की बारात नगर के मुख्य मार्गों पर 51 रथों पर सजी मनमोहक झांकियों के साथ निकाली गई। बारात देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़क किनारे तथा छतों पर जुटे रहे। स्थान-स्थान पर छतों से बारात पर फूल बरसे और श्रीराम के जयकारे भी लगे।

रविवार की देर रात रामगंज स्थित रामलीला मैदान से राम बारात का शुभारम्भ समाजसेवी इन्द्र कुमार गुप्ता व समिति के अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता ने श्री राम व लक्ष्मण के स्वरूपों की आरती कर किया। बारात में प्रथम पूज्य गजानन, राधा कृष्ण, खाटू श्याम, साई बाबा, मां जगदम्बा, शंकर परिवार, नंदी, ब्रहमा जी, सहित आगरा, मैनपुरी, बेबर व फिरोजाबाद से आई 51 रथों पर सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान कलाकारों के काली प्रदर्शन, वानर सेना, भूत-प्रेत, आदिवासी, किन्नर व नृतिकाओं के प्रदर्शन ने बारातियों का मनोरंजन किया। अन्तिम रथ पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण व गुरु विश्वामित्र के साथ विराजमान थे।

बारात नगर के रामगंज से क्रासिंग, तिर्वा रोड, चकोर रोड होती हुई जनकपुरी तक पहुंची। भीड़ और छतों पर प्रतीक्षा में बैठी महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। इस दौरान विजय मिश्रा, मनोज अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, राजेन्द्र बाबू द्विवेदी, संजीव गुप्ता संजू, पियूष चतुर्वेदी, सुशील गुप्ता पिन्टू, लल्ला जोशी, अनमोल गुप्ता, गौरव गुप्ता, आशु वर्मा, मोहित गुप्ता, राजेश गुप्ता, अमित गुप्ता सहित तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार, कोतवाल आलोक कुमार दुबे, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह पुलिस व पीएसी बल के साथ मुस्तैद रहे।


प्रभु राम की आरती उतारते कांग्रेसी नेता विजय मिश्र व अन्य। अमृत विचार


राम बारात में प्रदर्शन करते कलाकार। अमृत विचार

**आज का मौसम**

मंगलवार को धूप खिलने के साथ जहां तहां बादल रहने का अनुमान है।



32.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:06 | सूर्यास्त 05:49

**षष्ठम कात्यायनी**



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, हेमावती व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र – क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।**

# अनुत्तीर्ण छात्रों का प्रदर्शन प्रिंसपल ने बाहर निकाला

## राजकीय पॉलीटेक्निक अनौगी में 3 घंटे बाहर खड़े रहे छात्र

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड (बीटीईयूपी) का रिजल्ट तीन अक्टूबर को घोषित हुआ था। इसमें राजकीय महामाया पॉलिटेक्निक कॉलेज अनौगी के लगभग 400 परीक्षार्थियों में से 100 छात्र ही पास हो सके। कइयों के बैक पेपर लग गए। फेल हुए परीक्षार्थियों ने सोमवार को कॉलेज प्रशासन पर मनमानी व भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। आरोप है कि इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य ने कॉलेज गेट पर ताला भी लगवा दिया, जिससे छात्र-छात्राओं को करीब तीन घंटे बाहर रहना पड़ा।

छात्र-छात्राओं का कहना है कि पॉलिटेक्निक कॉलेज अनौगी के अधिकांश परीक्षार्थी रिजल्ट घोषित होने के बाद फेल हो गए हैं। गुस्साए परीक्षार्थियों ने सोमवार को कॉलेज परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। जानकारी होने पर प्रधानाचार्य ने विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं को कॉलेज के बाहर कर गेट पर ताला लगवा दिया। इससे काफी छात्र-छात्राओं को कॉलेज के अंदर व बाहर बैठा रहना पड़ा।



कॉलेज भवन के निकट विरोध प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं का आरोप है कि कॉलेज में विधिवत कक्षाएं नहीं लगती हैं। अधिकांश शिक्षक कानपुर से आते-जाते हैं, जो समय से पहले ही कॉलेज से चले जाते हैं। विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य को संबोधित प्रार्थना पत्र देकर दोबारा कॉपियों का मूल्यांकन निःशुल्क कराए जाने की मांग की। कुछ छात्राओं ने कॉलेज परिसर के गेट से बाहर निकाले जाने पर भूख-प्यास से परेशान और असुरक्षित होने का आरोप लगाया। छात्र सचिन, अनुराग सिंह, मोहम्मद शोएब, सुमित, अहम, प्रशांत, शैलेंद्र कुमार, दीपक, आदित्य, हर्ष, सोनाली, दिव्या, रामपाल सहित कई छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराए जाने की मांग की। प्रभारी प्रधानाचार्य उमेश चंद्र का पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन कई बार कॉल के बाद भी उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया।

# संदेह का लाभ पाकर 17 साल बाद हत्यारोपी रिहा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- कन्नौज में ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा
- हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को खारिज किया

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा हत्यारोपी ठहराए गए एक अभियुक्त को बरी करते हुए कहा कि आरोपी कुल 17 साल की सजा भुगत चुका है। आरोपी अक्टूबर 2007 से जेल में निरुद्ध है। इसके बावजूद उसके मामले पर समय से पहले रिहाई के लिए विचार नहीं किया गया, जबकि मामले में शिकायतकर्ता और चश्मदीद गवाह के बयानों में भौतिक विरोधाभास पाया गया है। अतः अपीलकर्ता को संदेह का लाभ देते हुए दोषसिद्धि और सजा के आक्षेपित आदेश को खारिज कर दिया गया।

यह आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने महफूज की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया। पूरे मामले के अनुसार मृतक दिनेश 19 अक्टूबर 2006 को अपने भाई के साथ घर लौट रहा था, तभी आरोपी और उसके भाई मुद्दू ने मृतक को रोक लिया और पैसे की मांग की। मृतक के इनकार करने पर दोनों ने उस पर गोलियां चला दीं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर आरोपी और मुद्दू भाग गए, लेकिन मुद्दू को ग्रामीणों ने पड़कर मार डाला।

बाद में अपीलकर्ता के खिलाफ पुलिस स्टेशन कोतवाली कन्नौज में आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज हुई। ट्रायल कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसे चुनौती देते हुए उसने हाईकोर्ट का रुख किया। याची के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि मामले की परिस्थितियां आरोपी की पुष्टि नहीं करतीं, बल्कि शिकायतकर्ता के भाई की हत्या के संबंध में संदेह उत्पन्न करती हैं, क्योंकि ग्रामीणों ने लाठी और लोहे की छड़ों से बेरहमी से पीटकर अपीलकर्ता के भाई मुद्दू की हत्या की थी, लेकिन पुलिस ने ऐसे संज्ञेय अपराध में कोई कार्रवाई नहीं की और न ही कोई प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए ट्रायल कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया।

## सार-संक्षेप

### जेएसआईटीएम के प्रबंधक को दिल्ली में किया सम्मानित

**छिबरामऊ।** जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना को दिल्ली के होटल में सद्गुरु ऋतेश्वर जी महाराज ने उनके विद्यालय को प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्लोबल एजुकेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह पुरस्कार शिक्षा 360 एजुकेशन फॉर द डेवलपमेंट दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया। प्रबंधक ने कहा कि यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, छिबरामऊ की निरंतर उन्नति और नवाचार के प्रयासों की पहचान कराता है।



दिल्ली में प्रबंधक हिमांशु सक्सेना को सम्मानित करते संत। अमृत विचार

### सौरिख के इंटर कॉलेज से सामान चोरी

**सौरिख।** कस्बे के तिर्वा रोड स्थित ज्ञान ज्योति पब्लिक इंटर कॉलेज में रविवार रात चोर कमरे में लगे पंखा, कार की स्टपनी, स्पीकर, बैटरी, स्कूल के जरूरी कागजात, कुर्सियां आदि चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पाल ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि घटना की सूचना नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के पवोरा पट्टी निवासी सपना देवी (48) सोमवार को घर से पैदल बाजार करने आ रही थी। तहसील के पास तिर्वा-कन्नौज मार्ग पार करने लगी तभी तेज रफ़्तार बाइक ने टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर जाते समय रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भतीजे सुधीर कुमार की तहरीर पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### तालग्राम में छेड़छाड़ के आरोप में सिपाही को पीटा

**गुरसहायगंज।** तालग्राम थाने में तैनात सिपाही रविवार रात एक मोहल्ले में गया था। आरोप है कि महिला को घर में अकेला पाकर छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने व शोर मचाने पर लोग आ गए और सिपाही को पकड़ लिया। इसके बाद भीड़ ने सिपाही की धुनाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सिपाही सिविल ड्रेस में था। घायल सिपाही को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। आराम न मिलने पर उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर सिपाही के पर कार्रवाई की जाएगी।

### संचारी रोगों से निपटने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**तिर्वा।** बदलते मौसम में बढ़ने वाली बीमारियों पर रोक लगाने के लिए चल रहे संचारी रोग अभियान के तहत स्वास्थय विभाग की टीम ने आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया। घर-घर रोगियो की खोज करने के लिए जागरूक किया। सरकार के निर्देश पर शुरू हुए संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए कस्वे के सीएचसी पर सोमवार को आगंनबाडी कार्यकत्रियो को प्रशिक्षण देते हुए घर घर जाकर लोगो का सर्वे करने के साथ बिमार मिलने पर उनका उपचार कराने के निर्देश दिए गए। चिकित्साधीक्षक डाक्टर राजन शर्मा ने बताया कि संचारी रोग अभियान के तहत आगँनबाडी कार्यकत्रियो को प्रशिक्षण दिया गया कि वह लोग अपने अपने गांव के प्रत्येक घर पर जाकर लोगो की स्तिथ देखे अगर कोई बीमार मिलता है तो उसकी सूचना सीएचसी पर दे टीम रोगी के घर जाकर उनका उपचार करेगी। साथ ही कार्यकत्री साफ-सफाई के लिए जागरूक करने का काम करेगी।

### दहेज के लिए विवाहिता को निकाला, पति समेत 8 पर रिपोर्ट

**सौरिख।** सकरावा थाना क्षेत्र के विकूपुर गांव निवासी सोनम पुत्री महेश चंद्र की शादी 22 जनवरी 23 को मैनपुरी जनपद के किसनी थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव निवासी विवेक कुमार पुत्र फूल सिंह के साथ हुई थी। आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद से ही पति विवेक कुमार, ससुर फूल सिंह, सास कांति देवी, देवर नीरज, नंनद आरती, विश्राम, मंजू, एवं विकूपुर गांव निवासी विमला देवी अतिरिक्त दहेज में 5 लाख की मांग करते हुए मारपीट एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त सभी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एक नजर

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव, कोई तहरीर नहीं

**तिर्वा।** क्षेत्र के अहिकरापुर गांव निवासी हरिश्चंद्र की 35 वर्षीय पत्नी रुकमणी घर के अंदर फंदे पर लटकी मिली। घर वालों ने उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोई तहरीर नही मिली।

### टंकी से दो चोर दबोचे गए

**छिबरामऊ।** ग्राम सभा रंधीरपुर के मजरे लालकपुर में पानी की टंकी के ओवरहेड टैंक का निर्माण चल रहा है। शनिवार रात बाइक सवार चोर यहां से सरिया लादकर ले जा रहे थे, तभी मजदूरों की नींद टूट गई। मजदूरों ने दोनों चोरों को दबोच लिया। सूचना ठेकेदार के साथ ही पुलिस को दी। घटना की तहरीर फर्रूखाबाद जिले के महरूपुर बीजल के रहने वाले राजन शुक्ला ने पुलिस को दी। पुलिस पूछताछ कर रही है।

### फार्मेसी की इंटरर्नशिप कर रहे युवक की बाइक चोरी

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में फार्मेसी की इंटर्नशिप कर रहे हरदोई जनपद के थाना मल्लावां के लकड़हा निवासी ओम प्रकाश सोमवार सुबह अस्पताल पहुंचा और बाइक को कैंटीन के सामने खड़ी कर काम करने लगा। दो बजे के बाद जब घर जाने के लिए निकला तो बाइक गायब थी। सूचना अस्पताल चौकी व सीएमएस डॉ. शक्ति बसु को दी।

### नलकूप से चोरों ने पार किया स्टार्टर

**छिबरामऊ।** सिकन्दपुर चौकी क्षेत्र के गांव महोई के रहने वाले राघवेन्द्र पुत्र श्यामबाबू ने बताया कि उनके खेतों पर नलकूप लगा है। सोमवार की सुबह नलकूप पर गये तो वहां से स्टार्टर के साथ अन्य सामान चोरों ने पार कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी।

### घर में अकेली महिला से युवक ने की छेड़छाड़

**सौरिख।** सकरावा क्षेत्र के एक गांव की महिला घर में अकेली थी। 19 अगस्त शाम करीब 7 बजे गांव का जितेंद्र घर में घुसा और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो युवक भाग गया। पति आरोपी के परिजनों से शिकायत करने गया तो विजेंद्र उर्फ अमन, रिशु ने गाली गलौज करते हुए धमकी देकर भगा दिया। इसके बाद घर में घुसकर मारपीट की। मारपीट में जितेंद्र चबूतरे से कूदा तो फिसलकर घायल हो गया। फिर महिला के पति पर मुकदमा लिखा दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



शहीद के परिजनों से बात करते मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

# शहीद अग्निवीर के परिजनों से मिल समाज कल्याण राज्यमंत्री ने बांटा दर्द

**तिर्वा।** एयरटैंक फटने से शहीद हुए अग्निवीर को श्रद्धांजलि देने के लिए सदर विधायक एवं समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण देर शाम भरखरा पहुंचे। यहां परिजनो को धैर्य बंधाते हुए सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

इंदरगढ़ क्षेत्र के भरखरा निवासी सौरभ पाल (25) पुत्र राकेश पाल सात अगस्त 23 को अग्निवीर आर्मी एयर डिफेंस में नियुक्त हुआ था। वह भरतपुर एयर डिफेंस में काम कर रहा था। शुक्रवार सुबह एयर टैंक फटने से उसकी मौत हो गई थी। रविवार सुबह जवान शव लेकर गांव पहुंचे थे। यहां हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इधर, देर शाम शहीद के गांव पहुंचे मंत्री असीम अरुण, जिलाध्यक्ष वीर सिंह ने शहीद को श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को सरकार से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# गुरसहायगंज में भी उमड़ी आस्था

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को भक्तों ने आरती कर आराधना की। नगर के मंदिर में पहुंचकर मां का गुणगान किया।

नगर के जीटी रोड स्थित संतोषी माता मंदिर, श्रीराम मंदिर, सती माता मंदिर, आजाद नगर के प्राचीन मां काली देवी मंदिर, चकोर गली स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वरनाथ मंदिर, रेलवे रोड स्थित मंदिर सहित क्षेत्र के मढियन देवी मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना की। पावर हाउस स्थित गंगेश्वरनाथ मंदिर में भाजपा नेता देवेन्द्र, अरविंद यादव, डॉ. सुधीर दीक्षित, अनुराग गुप्ता, योगेश दुबे, विपिन गुप्ता, उमाकांत सैनी, विपिन चौरसिया, सुमित सक्सेना ने संध्या आरती की। छिबरामऊ के कालिका देवी मंदिर में भी भीड़ उमड़ी।



गंगेश्वरनाथ मंदिर में मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

### ढोलक की थाप पर महिलाओं ने गाए देवी गीत

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला बस्तीराम न्यू टीचर्स कॉलोनी में गमा देवी मंदिर के पास स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा के पंडाल में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर ढोलक की थाप पर महिलाओं ने देवी गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। रात 8 बजे सामूहिक आरती हुई। आरती में शामिल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा धार्मिक आयोजन हमारे देश की पुरातन संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। आयोजक सुनील व अन्य सहयोगियों ने अंग वस्त्र पहनकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान सत्यनारायण वर्मा, नरेश गुप्ता गोल्डी, अमित भारतीय व प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एथलेटिक्स में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर ग्राउंड में किया गया था। इसमें चौ. जयवीर सिंह इंटर कॉलेज मिश्रापुर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जिस पर विद्यालय के द्वारा उन्हें सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

सोमवार को चौ. जयवीर सिंह इंटर कॉलेज मिश्रापुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्रा पूनम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्रा पूनम ने 100 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की सपना ने 800 मीटर में, रोशनी ने 100 मीटर व 200 मीटर में, संगम ने लंबी कूद में मेडल प्राप्त किया। इनके अलावा



प्रशस्ति पत्र और मेडल के साथ विजेता छात्राएं। अमृत विचार

- विजेता छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक ने किया सम्मानित
- चौ. जयवीर सिंह इंटर कॉलेज की छात्राओं का उम्दा प्रदर्शन

काव्या व आकृति ने ऊंची कूद और 400 मीटर में स्थान पाया।

विजेता छात्राओं को प्रबंधक प्रशांत सिंह व प्रधानाचार्य राहुल भदौरिया ने माल्यार्पण कर व मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। जबकि टीम कोच संगम, अजय को भी सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित कर प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर आलोक यादव, राजेन्द्र सिंह, संजीव मोहन शर्मा, अगम कुमार दुबे, सचिन, अभिषेक, रवि, अजीत कुमार, रिंकी, सपना, आकांक्षा दुबे, जगमोहन सिंह, सौरभ, आशीष, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# इस वित्तीय वर्ष की पहली सामूहिक शादियां आज से

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज में 149 जोड़ों को बुलाया गया
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बजेगी शहनाई

**अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष 2024-25 का पहला सामूहिक शादियों का आयोजन आठ अक्टूबर को शारदीय नवरात्र की पंचमी को होगा। इसमें तिर्वा तहसील इलाके के 149 जोड़ों को आमंत्रित किया गया है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत तिर्वा कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज परिसर में आज शहनाई बजेगी। पहले आयोजन में ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के 77, सौरिख के 40 व हसेरन से 28 और तिर्वा नगर पंचायत इलाके के चार जोड़ों की शादियां व निकाह कराए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। मंगलवार को सुबह 10 बजे से जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। इससे पहले जोड़ों के पंजीकरण व हाजिरी शुरू हो जाएगी। आधार कार्ड लेकर सभी आवेदकों को पहुंचना होगा। अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष का आगाज हो गया था लेकिन उस समय लोकसभा क्षेत्र के चुनाव चल रहे थे। छह जून को आदर्श आचार संहिता हटी। बाद में ब्याह के मुहूर्त न होने की वजह से अब तक सामूहिक विवाह नहीं हो सके।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम SADADAM पुत्र SHAJAAD ALI से बदलकर SADDAM रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-SHAHZAD ALI NIYAMATPUR, NEOLI DANAPUR, BARABANKI-225404 (UP)

**सूचना**
मेरे पुत्र पंकज कुमार उर्फ शेरा व पुत्रवधू निशा कुमारी का चालचलन ठीक नहीं है तथा पुत्र पंकज शराबी व जुआरी है। मेरी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। बहू खाना नहीं देती व गालीगलौज करती है। पुत्र ने दबगों से कर्ज ले रखा है। मैं कर्ज का डेढ़ लाख का कर्ज व 50 हजार का जेवर छुड़वा चुका है। इसके बाद भी पुत्र-पुत्रवधू परेशान कर रहे हैं। अतः मैं दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कार्य के लिए वे जिम्मेदार होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।– **उमेश चंद्र पुत्र राम भरोसे, नि.मो. बजरिया, छिबरामऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **राजा सोनकर पुत्र अनूप चन्द्र सोनकर, निवासी-137/67, तकिया गणेश गंज, लखनऊ,** मैने अपनी पुत्री का नाम नाव्या सोनकर जन्मतिथि-03.02.2010 के स्थान पर माही सोनकर रख लिया है अब मेरी पुत्री को नाव्या सोनकर के स्थान पर माही सोनकर के नाम से जाना व पहचाना जाये तथा माता का नाम श्यामली सोनकर है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि **मेरा वास्तविक नाम गंगा देइ पत्नी दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम हयातनगर पोस्ट शुजागंज रूदौली,अयोध्या है।** मेरी जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या-215379913 में मेरा नाम रामावती सोनी पत्नी दुर्गा प्रसाद सोनी हो गया है जबकि वास्तविक आधार पर मैं गंगा देई पत्नी दुर्गा प्रसाद के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित करना है कि मैं **गंगा प्रसाद पुत्र स्व0 काली चरण, निवासी- आर्य नगर, नगर पंचायत महराजगंज, जिला- रायबरेली** अपने तीन पुत्रों में से दो पुत्र सुरेंद्र कुमार व नरेन्द्र कुमार को उनके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद से अपने गलत कृत्यों के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है ।

**सूचना**
मेरे आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम चन्द्रिका पुत्र रामकिशोर दर्ज है जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में भूल बस चन्द्रिका प्रसाद पुत्र राम किशोर लिख गया है ।दोनों नाम मेरे ही हैं। चन्द्रिका पुत्र राम किशोर नाम सही है जो लिखा व पढ़ा जाए। – **चन्द्रिका पुत्र राम किशोर निवासी ग्राम ककराही पोस्ट चिलौला थाना लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक नंबर 4245431 वर्ष 2011 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **दिव्य कुमार पुत्र राम कुमार, निवासी शंकरपुर, पोस्ट पखरौली, जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक नंबर 2448242 वर्ष 2005 एवं इंटर मीडियट अनुक्रमांक नंबर 1935927 वर्ष 2007 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **आलोक कुमार पुत्र राम कुमार, निवासी शंकरपुर, पोस्ट पखरौली, जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश कादरी नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद बशीर जन्मतिथि 01-01-1966 दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद बशीर जन्म तिथि 01-10-1965 है, इसे ही भविष्य में लिखा पढा जाए। **-नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद बशीर, निवासी- कस्बाखास, पो0 बभनजोत, थाना- खोडारे जिला गोंडा।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में कमर जहां पत्नी नजर मोहम्मद कादरी त्रुटिवश दर्ज हो गया है, मेरे पति का वास्तविक नाम नजर मोहम्मद है जिसे भविष्य में पढ़ा व लिखा जाए। पता कमर जहां (QAMAR JAHAN) पत्नी नजर मोहम्मद (NAZAR MOHAMMAD) निवासी कस्बाखास, पो0- बभनजोत, थाना- खोडारे, जिला गोंडा।

**भक्ति की बयार** | शारदीय नवरात्र में इस बार दो दिन की चतुर्थी, उदया तिथि पर आज होगी स्कंदमाता की पूजा-अर्चना, अष्टमी और नवमी एक ही दिन

# पांचवें दिन भी मां कूष्मांडा की आराधना, मंदिरों में गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिवस भी माता के चौथे स्वरूप देवी कूष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। सिद्ध देवी मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हालांकि चतुर्थी सोमवार को सुबह 9.47 बजे तक ही रही लेकिन उदया तिथि के चलते पंचमी मंगलवार को मनाई जाएगी। पांचवें दिवस स्कंदमाता की आराधना होगी।

इस बार शारदीय नवरात्र में अनोखा संयोग बना है। मैया दुर्गा का आगमन पालकी पर हुआ है। इसके साथ ही यह भी खास बात है कि चतुर्थी तिथि दो दिन पड़ी है जबकि अष्टमी और नवमी एक ही दिन 11 अक्टूबर को मनाई जाएंगी। इस दिन माता के आठवें तथा नवें स्वरूप की एक साथ आराधना होगी। मंगलवार को भी सुबह तक चतुर्थी होने से देवी कूष्मांडा की आराधना की गई। सिद्ध पीठ फूलमती देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ नजर आई।



नवदुर्गा उत्सव में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

लोगों ने बाहर लगी फूल-प्रसाद की दुकानों से खरीदारी कर माता की पूजा अर्चना की। इस मौके पर माता फूलमती की आकर्षक सज्जा की गई। मंदिर भी इन दिनों रंग बिरंगी बिजली की लाइटों से जगमगा रहा है। यहां जिले के अलावा आसपास के जनपदों से भी लोग मन्नत मांगने पहुंच रहे हैं। पांचवें दिवस भी मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर मत्था टेका और मनौती मांगी। त्योहार के चलते मंदिर के बाहर परिसर में मेला लगा है जहां पूजन सामग्री से लेकर श्रृंगार व अन्य जरूरत के सामान की खरीदारी लोग कर रहे हैं।

उधर, एसबीएस इंटर कॉलेज के मैदान में लगे सन्मार्ग के दुर्गा पंडाल में भी सुबह से ही पूजा की गई। यहां यजमान देवेश तिवारी दंपति ने पूजा की जबकि मंत्रोच्चार पं. शिवांक अग्निहोत्री द्वारा किया गया। देर शाम मैया की आरती में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जो ताली बजाकर मैया के प्रेम में रत दिखी। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



नवदुर्गा पंडाल में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं।

### प्रतियोगिता में बच्चों ने करीने से सजाई रंगोली

**कन्नौज।** नवदुर्गा पूजा पंडाल में बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। सोमवार सुबह रंगोली सजाओ प्रतियोगिता हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के 50 से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। प्रतियोगिता के परिणाम 9 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे, जबकि पुरस्कार वितरण 10 अक्टूबर को सांध्य आरती के बाद किया जाएगा। मंगलवार सुबह 10 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 15 साल का कारावास

## घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 साल पहले हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अदालत ने 18 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया
- अर्थदंड अदा नहीं करने पर 15 माह अतिरिक्त कैद



**अमृत विचार।** करीब 8 साल पहले घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को बहलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान ने बताया कि कानपुर नगर जनपद के घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की बहन ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया था कि 3 फरवरी 2016 को उसकी 17 वर्षीया बहन दोपहर में भैंस को ढूंढने गांव से बाहर सड़क की तरफ गई थी। वहां पहले से मौजूद कार सवार रूरा थाना क्षेत्र के गहोलिया गांव निवासी राजा, उसके सहयोगी आबिद उर्फ चोटी और छोटू उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गए। काफी तलाश करने पर भी बहन का कोई पता नहीं चला।

इस मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए पीड़िता की तलाश की और फिर उसके बयान व मेडिकल जांच रिपोर्ट के आधार पर रूरा क्षेत्र के गहोलिया निवासी नवाज शरीफ उर्फ राजा के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। वहीं अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिलने पर उनका नाम हटा दिया गया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी।

सोमवार को अदालत ने आरोपी नवाज शरीफ उर्फ राजा को साक्ष्यों के आधार पर दोषी करार हुए उसे 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 28 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अर्थदंड अदा नहीं करने पर 15 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

# मत्स्य पालन मंत्री ने समीक्षा बैठक में कसे अधिकारियों के पेच

- लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराने के निर्देश दिए

**फर्रुखाबाद।** मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते मंत्री मत्स्य विभाग उ ण्प्रण् डॉण् संजय कुमार निषाद ने विभागीय अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराये जाने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों व कर्मचारियों के पेंच कसेद्य उन्होंने सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की द्य जनपद की ग्राम सभाओ में निहित तालाबों का विवरण, मत्स्य बीज वितरण की उपलब्धिए माह तक अनुमानित मत्स्य उत्पादनए सघन मत्स्य पालन हेतु,परेशन सिस्टम की स्थापना, किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य एवं पूर्ति का विवरणए निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजनाए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2023-2024, मुख्य मंत्री मत्स्य संपदा योजना 2023-24, सुधारे गए ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबो में प्रथम वर्ष निवेश, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना अंतर्गत विवरण, मत्स्य पालक कल्याण कोष अंतर्गत सामुदायिक भवन की स्थापना, मत्स्य विभाग में संचालित समस्त योजनाओं में वर्ष 2022.23 से मछुआ समुदाय का विवरण,जनपद में संचालित अन्य परियोजनाओं तथा मछुआ समुदाय एवं मत्स्यपालको के लिए आवंटित तालाबों के लक्ष्य एवं जनपद में विकसित अद्र्व विकसित एवं अविकसित तालाबों के संबंध में जानकारी ली ।

उन्होंने कहा कि शासन के आदेश के तहत किसी अपात्र को पट्टा ना मिले मछुआ समुदाय के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर तालाब का आवंटन कराया जाए। राजस्व संहिता का उल्लंघन होने पर जांच कर अपात्रों को जो भी पट्टे आवंटित हुए हैं उन्हें निरस्त कर पट्टे मछुआ समुदाय के लोगों को आवंटित किया जाय। मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिले।

# युवक ने लाइव वीडियो दिखा फांसी के फंदे पर लटक कर दी जान

**फर्रुखाबाद।** थाना नबावगंज निवासी युवक ने ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

जनपद के थाना नबावगंज के ग्राम नया गनीपुर निवासी अंकुल अपनी पत्नी माया के साथ अपनी ससुराल मऊदरवाजा में देवी जागरण में शामिल होने आया था। ससुराल वालों से अंकुल का विवाद हो गया जिस पर ससुराल वालों ने उसकी पिटाई कर दी। पिटाई से नाराज होकर अंकुल सुबह वह अपने घर पहुच गया। घर पहुच कर अंकुल ने फांसी का फंदा गले मे डाल कर फांसी लगा कर जान दे दी। युवक का फांसी लगाने का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। भाई अंजू ने कहा कि ससुराल वालों की पिटाई से आहत होकर उसके भाई ने जान दी।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला

- जिलाधिकारी से वार्ता के दौरान घरों पर बुलडोजर चलाने को लेकर विरोध जताया

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में गत दिनों हुई भोजपुर विधानसभा के ग्राम फ़तेहुल्लापुर में प्रशासनिक कार्रवाई में 9 अनुसूचित जाति के मकानों पर बुलडोजर चलवाने के संबंध में वार्ता के लिए सपा नेताओं ने जिलाधिकारी के चेंबर में मुलाकात की।

इस दौरान जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह के साथ फर्रुखाबाद के पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने सपा जिला अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि इन परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी और सभी के साथ न्याय होगा। मुलाकात के बाद सपा के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर वर्ग हर गरीब के साथ खड़ी है और उनकी आवाज को उठाने के लिए शासन प्रशासन स्तर तक काम करती है। जबकि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ धर्म की राजनीति कर लोगों को गुमराह करने का काम करती है। उनके साथ जिला महासचिव इलियास मंसूरी, भोजपुर विधानसभा के प्रभारी अरशद जमाल सिद्दीकी, एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप यादव मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी चार दिन लगातार कार्यक्रम करेगी

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने निर्देश दिया है कि 9 अक्टूबर को मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। जिसके प्रभारी यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इजहार खान होंगे। 10 अक्टूबर को सपा के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि होगी। जिसके प्रभारी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष शिवम यादव होंगे। 11 अक्टूबर को समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई जाएगी। जिसके प्रभारी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष हर्ष गंगवार होंगे। 12 अक्टूबर को प्रखर समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई जाएगी जिसके प्रभारी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग यादव होंगे। सभी कार्यक्रम आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सुबह 11.00 बजे मनाए जाएंगे।



महोत्सव में लगाया गया आसमानी झूला। अमृत विचार



दुकानदार अपने स्टाल सजा रहे । अमृत विचार



मीडिया पार्टनर अमृत विचार का बोर्ड भी लगाया गया। अमृत विचार

# थाने के पास कार ने बाइक को मारी टक्कर

**फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर क्षेत्र निवासी बाइक सवार हलवाई अपनी दुकान से घर वापस जा रहा था। बदायूं मार्ग पर थाने के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो कर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक के पर खर्च उड़ गए। बाइक सवार हलवाई घायल हो गया। जिसका उपचार जिला अस्पताल लोहिया में जारी है।

थाना व ग्राम अमृतपुर निवासी राहुल अवस्थी पुत्र अनिल हलवाई है। वह हरसिंह पुर स्थित मिठाई की दुकान पर काम करते हैं। रविवार देर रात को बाइक से गांव वापस आ रहे थे। अमृतपुर थाने के पास बोलोरो कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में सूचना पर परिजन पहुंचे। एंबुलेस से पीएचसी राजेपुर में भर्ती करवाया गया। जहां से जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

**बैठक सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. घटापारा वि0खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 09/10/2024 को ग्राम सभा घटापारा के पंचायत भवन परिसर में पूर्वान्ह 11 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

निदेशक
श्री राजा सिंह पुत्र श्री रघुनाथ सिंह
निवासी ग्राम–घटापारा,
विकासखंड राजपुर, कानुपर देहात

# फर्रुखाबाद हैण्डलूम महोत्सव लोगों के लिए बनेगा आकर्षण का केन्द्र

फर्रुखाबाद

- नेकपुर पुल के निकट हैण्डलूम महोत्सव 10 अक्टूबर से शुरू, अमृत विचार है मीडिया पार्टनर

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद फतेहगढ़ के बीच नेकपुर पुल के निकट फर्रुखाबाद हैण्डलूम महोत्सव को शुभारम्भ 10 अक्टूबर को होने जा रहा है। फर्रुखाबाद हैण्डलूम महोत्सव में बाहर से दुकानदारों ने अपने स्टाल लगाने शुरू कर दिये है। इस महोत्सव में आकर्षक साज सज्जा के साथ भव्य तरीके से पँडाल लगाया गया है । फर्रुखाबाद हैण्डलूम महोत्सव में आकर्षक लाइटिंग की साज सज्जा है जो कि आकर्षणको केन्द्र है। जो भी राहगीर गुजरता है आकर्षक लाइटिंग की साज सज्जा को देखकर रुक जाता है। महोत्सव का मीडिया पार्टनर अमृत विचार है।

फर्रुखाबाद हैण्डलूम महोत्सव में बाहर से आये दुकानदार अपनी दुकाने सजाने व माल लगाने में जुटे है। गेट पर घुसते ही आजाद सुपर सोफ्टी का स्टाल है विधूना से आये है। इसके ठीक सामने भूत बंगला है। महोत्सव में महिलाओं के लिए सूट , जींस पैन्ट, ट्र्उजर्स,बच्चोंके कपडे तथा लेडीज चूडी व कंगन , लेडीज व जेन्टस जूती,स चप्पल , बच्चों केलिए आकर्षक खिलौने,कई प्रकार के झूले, लजीज व्यंजन के लिए ब्रजभाषी रेस्टोरेंट, फास्टफूड मैनपुरी से आया है।

हाथ से बनी हुई बेहतरीन कालीन, तामिल नाडू के कई प्रकार के पापड़ , लुधियाना में बनी महिलाओं के लिए गर्म होजरी, राजस्थानी आचार, हैण्डकाफ्ट, आसाम का बैम्बो हैण्डी काफ्ट के कई आकर्षक उपहार मौजूद है जो महिलाओ को लुभायेगी। अमेरिकन भुटटा, बाम्बे की मशहुर भेलपूरी महिलाओं को ललचाएगी। फर्रुखाबाद हैण्डलम महोत्सव में अभी दुकानदार दुकेने लगा रहे है। फर्रुखाबाद हैण्डलम महोत्सव के प्रबंधक गौरव दुवे ने बताया कि 10 अक्टूबर को शुभारभ्भ होने जा रहा है। हैण्डलूम महोत्सव फर्रुखाबाद के लोगों को लुभायेगा।

**समन बजरत इनफिसाल मुकदमा**
(आर्डर 5, कायदा 1 व 5 मसमूआ जाब्दा दाव नी सन 1907 ई0)
न्यायालय उपजिलाधिकारी
तह0 मैथा जिला कानपुर देहात
धारा 116 उ0प्र0 रा0 संहिता– 2006
नम्बर मुकदमा– 97/2024

**पदम नारायण**
बनाम
**प्रभा देवी आदि**

प्रभा देवी पत्नी स्व0 प्रताप नारायन नि. 106/50, गांधी नगर कानपुर नगर, हाल मुकाम 12/488 सी ग्वालटोली, कानपुर नगर, विजय व राकेश पुत्र स्व0 अशर्फीलाल नि0 पण्डित खेड़ा अलीनगर सुनहरा लखनऊ। सरला शुक्ला पत्नी स्व0 मन्नालाल नि0 पण्डित खेड़ा अली नगर सुनहरा, लखनऊ। राम नारायण व रजनीकांत पुत्र प्रभाकर प्रसाद नि. 139 हाता मनफूल केदारनाथ कानपुर नगर हा0मु0 19/499 मनफूल केदारनाथ का हाता दर्शनपुरवा कानपुर नगर। रामस्वरूप शुक्ला पुत्र स्व0 अशर्फीलाल, नि. 556/31 सुजानपुर आलमबाग, लखनऊ। बाजह हो कि पदम नारायण ने आपके नाम एक नालिस बाबत ..... दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 15 माह 10 सन 2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐस सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देरी दावाको कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात करानाचाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्म मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 7 माह 10 सन 2024ई0 जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

# बाढ़ ग्रस्त सभी क्षेत्रों में कैम्प लगवाएं, सफाई अभियान भी चलाया जाए: जिलाधिकारी



विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा में झाड़ियों की कटाई में कमालगंज ब्लॉक पीछे पाया गया। याकूतगंज में नाली की सफाई नही हुई है।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई व्यवस्थित तरीके से हो बाढग्रस्त क्षेत्रों में एन्टीलार्वा ट्रीटमेंट कराया जाये। सीएमओ सभी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो में कैम्प लगवाये व सफाई के प्रति जागरूकता अभियान चलाएं। किसी भी सीएचसी, पीएचसी में झाड़ियां न रहे।

सभी क्षेत्रों में फागिंग होती रहे। आशाओं की दस्तक हर घर पर होएसभी ईओ पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें। सहायक आयुक्त खाद्य को निर्देश दिया कि खुले में बिक रही खाद्य सामग्री के विरुद्ध अभियान चलाएं। सीएमओ, एडीएम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, डीडीओ आदि रहे।

# एक दिन की जिलाधिकारी बनी वैष्णवी

फर्रुखाबाद



एक दिन की डीएम बनी छात्रा वैष्णवी शुक्ला समस्याएं सुनते हुए।

- बोली महिलाओं को होना चाहिए जागरूक, बनूंगी आईएएस

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में कक्षा 12 की छात्रा को एक दिन का डीएम बनाया गया। कुर्सी पर बैठते ही छात्रा ने आई शिकायतों को सुना और उनका निस्तारण किया। बोली महिलाओं को जागरूक होने की जरूरत हैं, उनमें जागरुकता की कमी है। कलकत्ता की घटना केवल वही तक सीमित हो कर रह गई। अब तक कोई भी फैसला सामने नहीं आया। इस दौरान जिले के बड़े अधिकारी कुर्सी के बगल में ही खड़े रहे।

मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत सोमवार को कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की टॉपर छात्रा वैष्णवी शुक्ला को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया है। अफसर बनी वैष्णवी शुक्ला ने लोगों की शिकायत सुनी। साथ ही शिकायतों के निस्तारण का निर्देश भी दिया। एक दिन की जिलाधिकारी ने शहर में साफ-सफाई के निर्देश दिए। प्रतीकात्मक रूप से बनी एक दिन की जिलाधिकारी वैष्णवी शुक्ला ने कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके आइएएस अधिकारी बनना चाहती है। आज जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है और इससे बाकी छात्रों को भी सीख लेने की जरूरत है और शिक्षा के महत्व को बताते हुए इसे बढ़ावा दिया जाना चहिए।

वैष्णवी शुक्ला के पिता की कपड़ों की दुकान हैं। एक दिन की डीएम वैष्णवी शुक्ला ने बाकायदा जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर डाक फाइलों पर हस्ताक्षर किये। तथा जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायत सुनी। जिलाधिकारी बी.के सिंह ने जिलाधिकारी बनी छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वैष्णवी को अपर जिला अधिकारी द्वारा बैग, बोतल, डायरी व पैन देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र, संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह आदि उपस्थित रहे।

**समारोह** न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने कहा जूनियर वकीलों को सीनियरों से सीखना चाहिए

# हमारा भारत गाय, गंगा और गीता की पावन धरती

फर्रुखाबाद



जिला बार एसोसिएशन फतेहगढ़ में मौजूद अधिवक्ता पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव व प्रशासनिक न्यायाधीश का मानना है कि हमारा भारत गाय, गंगा और गीता की पावन पवित्र धरती है।

न्यायमूर्ति श्री यादव ने सोमवार को फर्रुखाबाद जिला बार एसोसिएशन फतेहगढ़ मे स्थानीय भाजपा नेत्री मिथिलेश अग्रवाल के आर्थिक सहयोग से नवनिर्मित बैरिस्टर बृजनंदन लाल कटियार सभागार का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके उद्घाटन किया। इस दौरान शाल ओढ़ा कर फूल मालाओं से हुए स्वागत पर कहा कि फर्रुखाबाद की नई बार के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार के प्रयास से बार और बेंच का वातावरण सुंदर हो गया। उन्होंने कहा कि कोई अधिवक्ता स्वयं में पूर्ण नहीं होता, ऐसे में जूनियरों को सीनियरों का पूर्ण सम्मान करते हुए सीखना चाहिए। पैसा तो जूनियर कमा सकते हैं पर सीनियर का अनुभव नहीं पा सकते। उन्होंने कहा कि यदि एक मुकदमा वकील निशुल्क लड़े और गरीब का लड़े तो उस वकील के पास 10नये मुकदमे अपने आप आएंगे। न्याय को आज बहुत महंगा होना बताते हुए न्याय मूर्ति ने कहा कि कभी. कभी मुकदमा बहुत कमजोर होता है और ऐसे में आप न्यायाधीश से विनम्र भाव से बात करें तो मुकदमें में जल्दी ही विजय मिल सकेगी।

उन्होंने बताया कि कई मुकदमो में लोग चार-चार साल से जेल में बंद है और उन्हें तारीख पर तारीख मिल रही ह, जबकि सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि आरोपी का जेल में रहना अपवाद है। जमानत मिलना अधिकार है। इसके साथ ही पारिवारिक मुकदमा की चर्चा करते हुए न्याय मूर्ति श्री यादव ने कहा कि पति पत्नी के वादो में दो.दो साल तक तारीख बढ़ती हैं जबकि पति पत्नी के मामले तो सुलह समझौते से दो माह के अंदर निपटाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 302 के मुकदमों को छोड़कर 7 वर्ष तक की सजा होने वाले मुकदमों में आर्टिकल 21 के तहत जमानत मिल सकती है और आज समय से जनता को न्याय मिले यही समय की मांग है। न्यायमूर्ति श्री यादव ने इस दौरानएक व्यक्तिगत संस्मरण सुनाते हुए बताया कि एक समय मुझे ब्रिटिश पार्लियामेंट में बुलाया गया और वक्तव्य देने के लिए कहा गया तो मैंने अंग्रेजी में वक्तव्य न देकर अपनी मातृभाषा हिंदी में वक्तव्य दिया क्योंकि हमारा भारत गायए गंगा और गीता की पावन पवित्र धरती है।

कार्यक्रम में जिला जज विनय कुमार, डीजीसी क्रिमिनल स्वदेश गंगवार, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, महासचिव नरेश सिंह यादव, फर्रुखाबाद तहसील एल्डर कमेटी प्रमुख विनोद कुमार कनौजिया, उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरीशंकर सिंह,, स्थानीय बार एसो. के अन्य पदाधिकारियों के अलावा करीब 60 सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ 7 प्रमुख समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता स्वामी दयाल कटियार ने की।अलावा सुधांशू गंगवार कायमगंज,महिला आयोग की अध्यक्ष मिथलेश अग्रवाल,डा. रामकिशन राजपूत,आनंद कुमार,आदित्य कुमार कटियार एड,उदय सक्सेना,सरदार सूर्यप्रताप सिंह,राजीव वाजपेई, बार एसो. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राना, उपाध्यक्ष गौतम राना आदि रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बाचीपुर वि0 ख0– शिवराजपुर कानपुर नगर**

**पत्रांक ममौं/प0 रा0वि0आ0/पन्द्रहवॉ वि0/मनरेगा/ SLWM/ निविदा 2024–25 दिनांक 07/10/2024**

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बाचीपुर विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एव पन्द्रहवॉ वित्त आयोग व मनरेगा/ SLWM/ योजनान्र्तगत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 12/10/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 12/10/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08/10/2024 से दिनांक 11/10/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर. आर. सी. सेन्टर का निर्माण कार्य। ( SBM + वित्त ) | सीमेन्ट, गिटटी, मौरंग,बालू, ईटा आदि | 4.00 | 00 | 2 माह |
| 2 | वर्मी कम्पोस्ट पिट का निर्माण कार्य। ( SBM + वित्त ) | सीमेन्ट, गिटटी, मौरंग,बालू, ईटा आदि | 1.80 | 00 | 2 माह |
| 3 | आर. आर. सी. सेन्टर के साईड डेवेलपमेन्ट का कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 2.49 | 00 | 2 माह |
| 4 | रामचरन दिवाकर के घर से पंचम के आगे तक खडण्जा मरम्मत कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.49 | 00 | 2 माह |
| 5 | इस्पेक्टर के घर से गुडडा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 2.80 | 00 | 2 माह |
| 6 | अमरेश के घर से कन्हैया के सामने तक नाली निर्माण। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.40 | 00 | 2 माह |

नियम व शर्तेः–
1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे।
2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 11/10/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4– दिनांक 12/10/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।
5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।
7– उक्त प्राक्कलन में स्टीमेट की लागत घट–बढ सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत– बाचीपुर**
**शिवराजपुर कानपुर नगर**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत– बाचीपुर**
**शिवराजपुर कानपुर नगर**

# एक दिन की जिलाधिकारी बनी सृष्टि, सुनीं समयाएं

## मिशन शक्ति अभियान के तहत बनाया गया जिलाधिकारी, अधिकारियों को दिए कई निर्देश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान व स्वावलंबन के लिए नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति अभियान तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन के लिए बालिका सृष्टि परिहार को जिलाधिकारी बनाया गया। सृष्टि ने जिलाधिकारी कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अफसर को निस्तारण के लिए निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी के रूप में समस्याएं सुनने के दौरान सृष्टि परिहार के सामने कई शिकायतें आईं। एक शिकायत आई कि चकबंदी के बाद भी जमीन पर कब्जा नहीं दिया जा रहा है। इस पर एसडीएम से कार्रवाई के लिए कहा गया। एक वृद्ध महिला ने शिकायत की कि उन्हें उनके ही मकान में उनकी बहू नहीं रहने दे रही है। इस पर यह मामला महिला थाना पुलिस को भेजा गया।


एक दिन की जिलाधिकारी सृष्टि परिहार।

एमए की पढ़ाई कर रही सृष्टि परिहार ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सृष्टि परिहार अभी एमए की छात्रा है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत जिलाधिकारी ने सृष्टि परिहार को 5000 की चेक दी। जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उप जिलाधिकारी न्यायिक मलखान सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह मौजूद रहे।

# पुस्तकों की शिक्षा को आचरण में लाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** समारंभा फाउंडेशन ने श्रीमती मूर्तिदेवी इंटर कालेज सैफई में संस्कारयुक्त शिक्षा अभियान के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ऋचा राय ने बच्चों को अत्यंत रोचक अंदाज में संस्कारों से परिचित कराया, कहा कि शिक्षित व्यक्ति संस्कारी भी हो, यह जरूरी नही। पुस्तकों में जो शिक्षा है उसे आचरण में लाना ही संस्कार है। सही गलत के निर्णय के लिए मन के तराजू का प्रयोग करो।

प्रबंधक अनिता यादव ने कहा कि विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। निदेशक दिनेश चंद्र ने समारंभा को कार्यशाला के लिए धन्यवाद दिया। जिला समन्वयक नृपेन्द्र सिन्हा ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व में सबसे महान है, हमें आदर करना चाहिए। प्रधानाचार्य दुर्वेश कुमार, प्राइमरी प्रधानाचार्या एकता, प्रदीप कुमार, देवांश यादव, चंद्रपाल यादव सहित छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंकित, देवांश, महेंद्र आदि का सहयोग रहा। विजेता बच्चों कक्षा 12 के ट्विंकल और विवेक, कक्षा 11 से आशु, इशू, संजना कक्षा 9 से जॉली, अनुराग, कक्षा 8 से वैष्णवी, कक्षा 6 में अभय, आरव को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।


छात्रा को मेडल प्रदान करती ऋचा राय। अमृत विचार

- मूर्ति देवी इंटर कालेज सैफई में संस्कार कार्यशाला का आयोजन

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**इटावा।** कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान भदावर कालोनी के पास से चोरी की बाइक व तमंचा कारतूस के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों लोगों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

कोतवाल विक्रम सिंह चौहान ने बताया कोतवाली पुलिस रविवार की रात्रि को गस्त पर थीं। मुखबिर ने सूचना दी कि भदावर कॉलोनी से आगे बाइस ख्वाजा रोड पर 2 व्यक्ति अवैध असलहा व चोरी की मोटरसाइकिल के साथ खड़े है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा उनको चोरी की मोटरसाइकिल तथा 1 तमंचा व 4 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित टीटी तिराहे की ओर बाइस ख्वाजा रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम हरिओम राजपूत निवासी राऊपुर अटसू थाना अजीतमल जनपद औरेया, धर्मेन्द्र राजपूत निवासी शीतलपुर थाना सिविल लाइन जनपद इटावा बताया। उन्होंने बताया कि बाइक को दो साल पहले खरीदी थी।

# बहाली न हुई तो सौंप देंगे गौशालाओं की चाबी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी संघ ने लिया निर्णय

**अमृत विचार।** ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की जरूरी बैठक हुई। इसमें गौशाला के मामले को लेकर महेवा के सचिव शमशुद्दीन को निलंबित किए जाने का जोरदार विरोध किया गया। कहा गया कि शमसुद्दीन को बहाल करें। यह भी कहा गया कि यदि चार दिन के अंदर शमशुद्दीन को बहाल नहीं किया तो सचिव सभी गौशालाओं की चाबी जिला स्तर के अधिकारियों को सौंप देंगे।

जिला अध्यक्ष पूरन सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कहा गया कि बरसात के कारण गौशालाओं के संचालन में दिक्कत हुई है। इसी बीच महेवा की गौशाला का संचालन करने वाले सचिव को निलंबित कर दिया गया। यह बर्दाश्त नहीं होगा। यह भी कहा गया कि सचिव पंकज यादव की वेतन वृद्धि रुकी हुई है उसे जारी किया जाए। बैठक में कहा गया कि अधिकारियों द्वारा जो भी कार्रवाई की जाती है उसमें सचिवों को ही दंडित कर दिया जाता है लेकिन ग्राम प्रधानों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। किसी भी प्रधान को आज तक नोटिस तक नहीं दिया गया है। इन सचिवों ने यह भी कहा की झूठी शिकायतों की जांच के नाम पर सचिवों को परेशान किया जाता है।

शिकायतकर्ता से शपथ पत्र भी नहीं लिया जाता। सचिवों की समस्या यह भी है कि एक-एक सचिव के पास दो से लेकर तीन तक गौशालाएं हैं 8 ग्राम पंचायत हैं। लेकिन भ्रमण के लिए अधिकारी बिना सूचना के पहुंचते हैं और सचिव के विरुद्ध कार्रवाई कर दी जाती है। यह सचिवों का उत्पीड़न है। बैठक में नीरज यादव, उमाकांत, दीपक यादव, अशोक परिहार, राधेश्याम, संजीव श्रीवास्तव रामेंद्र सिंह मौजूद रहे।


किसानों की समस्याएं सुनते भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# खाद की समस्या दूर करने का करेंगे प्रयास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- प्रशिक्षण वर्ग लगाकर सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार।** भारतीय किसान संघ ने बसरेहर क्षेत्र के गांव अयारा में प्रशिक्षण वर्ग लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी। इसमें किसानों ने खाद नहीं मिलने की बात कही। एआर कोआपरेटिव से बात करके समस्या निपटाने का प्रयास किया गया। यहां जिलाध्यक्ष राहुल तोमर की अध्यक्षता में जैविक कृषि प्रशिक्षण वर्ग लगाया गया। कानपुर प्रांत के उपाध्यक्ष शिवनंदन सिंह भदौरिया ने किसानों कि समस्याओं को सुना गया। जिसमें मुख्य रूप से खाद न मिलने कि समस्या सामने आयी। किसानों को भारतीय किसान संघ रीति नीति एवं किसान संघ के रचनात्मक एवं सगठनात्मक कार्यों से अवगत कराया गया। जिला सहमंत्री सुनील शाक्य के संयोजन में एकदिवसीय जैविक कृषि प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। जैविक खाद निर्माता महेन्द्र कुमार सिंह ने जैविक खाद की कृषि में उपयोगिता एवं रसायनिक खाद से आम जनजीवन एवं भूमि पर होने वाले दुष्प्रभावों को बताया। संचालन जिला महामंत्री रवीन्द्र चौहान ने की। प्रचार प्रमुख अक्षय प्रताप सिंह ने एकीकृत खेती करने पर किसानों को प्रेरित किया। प्रांत महिला प्रमुख सुशीला, प्रांत जल प्रमुख वर्षा दुबे, सहमंत्री सर्वेश सिंह, महिला प्रमुख अरुणा सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार त्रिपाठी, आशीष शुक्ला मौजूद रहे।

# चोरियों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित

संवाददाता भरथना, इटावा

- ताबड़तोड़ चोरियों से अभी तक लोगों में भय कायम
- पुलिस बोली, एक टीम खुलासे के प्रयास में लगी है

**अमृत विचार।** भरथना कोतवाली पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुईं चोरियों का आज तक खुलासा नहीं हो सका है। बीते 8 अगस्त को चोरों ने कृष्णा नगर में एक दरोगा के घर के आंगन का जाल कटकर लाखों रुपये के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया था।

इससे एक दिन पूर्व 7 अगस्त को कृष्णा नगर के समीप रिटायर्ड वायुसेना कर्मी के सूने मकान में लगे ताले को तोड़कर सामान चोरी किया गया। 27 अगस्त की रात चोरों ने कस्बे के मोहल्ला ब्रजराज नगर से घर के ताले तोड़कर कीमती जेवरात सहित का सामान साफ कर दिया। ग्राम लहरियापुर निवासी साधौ सिंह के घर से चोरों ने लाखों के आभूषण और 50 हजार रुपये नकदी पार कर दिया था। साधौ सिंह के यहां घटित घटना कि रिपोर्ट 19 दिन थाने के चक्कर काटने के बाद दर्ज की गई। ताबड़तोड़ चोरियों की रिपोर्ट थाने में दर्ज तो हैं लेकिन पुलिस अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है।

जिसके कारण नगर समेत क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह ने बताया कि दर्ज रिपोर्ट के आधार पर एक टीम अन्य खुलासे के प्रयास में जुटी हुई हैं। पूर्व की तरह उपरोक्त चोरियों की घटनाओं का जल्द खुलासा किया जाएगा।

# पूर्व विधायक शिवप्रसाद को गनर नहीं मिला तो करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सर्वजन सुखाय पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने छह सूत्रीय मांगों कों लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया कि बरसात के बाद गांवों में गंदगी व्याप्त है। जिसकी बजह से बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीण अंचल में अधिकांश लोग बीमार पड़ रहे है।

सफाई कर्मियों को लगाकर गांवों की तुरंत सफाई करायी जाए तथा बीमार लोगों का समुचित इलाज मुहैया कराया जाए। जलजीवन मिशन से खराब हुए गांव के पक्के रास्ते ठीक कराये जायें। आवारा पशुओं से मुक्ति दिलायी जाये, ग्रामीण अंचल में बिजली विभाग के टूटे पड़े व बिल्कुल नीचे लटक रहे तारों से मनुष्य व जानवरों का खतरा है इन्हें ठीक कराया जाये। किसानों को उवर्रक खाद की ज्वलन्त समस्या हो रही है जिसका शीघ्र निस्तारण किया जाये। राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव को अनुमन्य 10 प्रतिशत निजी व्यय पर गनर दिया जाये। जिला प्रशासन ने पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाकर इनका गनर वापस ले लिया। इन मांगों के पूरा न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गयी। ज्ञापन देने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव के नेतृत्व में कई जिलों के कार्यकर्ता शामिल रहे।


ज्ञापन देते सर्वजन सुखाय पार्टी के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव एवं अन्य। अमृत विचार

- सर्वजन सुखाय पार्टी ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# मधुमक्खियों के हमले से 20 लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- हमीरपुर के जिला अस्पताल में सात लोगों को भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** जनपद कानपुर के थाना सजेती के चितौली गांव शादी के बाद नवरात्र पर पूजा पाठ करने भोगनीपुर से आए 20 लोगों पर मधुमक्खियों ने हमलाकर घायल कर दिया। इनमें हमीरपुर के जिला अस्पताल में सात लोगों को भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य लोग सजेती अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

जिला अस्पताल में भर्ती भोगनीपुर निवासी कुसमा (55) पत्नी अवधेश ने बताया कि उसका मायका चितौली गांव में है। बताया कि उसके बेटे रामजी की शादी दो साल पूर्व हुई थी। लेकिन मन्नत मांगने के बाद काम में बिजी रहने के चलते नहीं आ सकी। मंगलवार को नवरात्र पर वह मायके व ससुराल के लोगों तथा बेटे व बहू के साथ देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने आई थी। बताया कि चितौली में मंदिर के निकट एक भारी भरकम बरगद के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते को किसी ने छेड़ दिया था। वही मधुमक्खियों ने जैसे ही वह लोग पूजा करने देवी मंदिर पहुंचे और हवन पूजन शुरू कराया। तभी मधुमक्खियों ने हमलाकर दिया। बताया कि उनकी रिश्तेदार गजनेर निवासी लक्ष्मीदेवी (30), चितौली की विनीता (17), दौलतपुर की वंदन (26), चितौली की जाह्नवी (12), शिवबाबू (24), रामजी (27) भोगनीपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया कि अन्य 13 लोगों के कम घायल होने पर उनका सजेती पीएचसी में इलाज कराया है।

# इजरायली हमले के खिलाफ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** वामपंथी दलों के राष्ट्र व्यापी आहवान के तहत मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने फिलिस्तीन-इजरायल के बीच जारी युद्ध और उसके दिनों दिन तीव्र होते जाने पर गम्भीर चिंता व्यक्त की है। वामदल इसके जनसंहारक होने और पास पड़ोस के देशों में विस्तार को चिंताजनक माना है। वामदलों ने सोमवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर युद्ध समाप्त करने के लिए, इजरायल द्वारा कब्जाये फिलिस्तीनी क्षेत्रों को खाली करने तथा भारत सरकार द्वारा इजरायल को मदद के रूप में हथियारों की आपूर्ति को बंद करने की मांग की है।

राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में अनुरोध किया गया कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर मांगों के प्रति भारत सरकार को अवगत कराने के गुरुतर दायित्व का निर्वहन करें। युद्धविराम कर युद्ध की कार्यवाहियों को फौरन रोका जाये। ज्ञापन में यह भी मांग की है कि भारत सरकार इजरायल को हथियार आपूर्ति बंद करे।



कचहरी में प्रदर्शन करते वाम दलों के नेतागण।

- भारत सरकार इजरायल को हथियारों की आपूर्ति बंद करे

दो राज्यों पर आधारित समाधान के लिये काम करे, जिससे एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य आस्तित्व में आ सके। फिलिस्तीन के कब्जाये क्षेत्र को इजरायल खाली करे। इससे पूर्व माकपा जिलामंत्री नाथूराम यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय से कचहरी पहुंचकर मांगो के समर्थन में नारे लगाते हुए संक्षिप्त सभा की। इस मौके पर अमर सिंह शाक्य, विश्राम सिंह यादव, संतोष शाक्य, प्रेमशंकर यादव, मनोज राठौर, शिवराम सिंह, मोनू यादव, ओपी सिंह आदि सहित कई लोगो ने भाग लिया।

# कोर्ट के आदेश पर धमका कर रूपया मांगने की रिपोर्ट

**इटावा।** कोर्ट से आदेश कराकर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में इसी क्षेत्र अड्डा गूलर गांधीनगर की नीलम कुमारी पत्नी शिव कुमार कठेरिया ने शांति कालोनी के सुमित यादव बीटा, भूरे लाल व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि सुमित ने एक साल पहले बेटे राज वर्मा को 30 हजार रुपये उधार दिए। जिसे हर महीने तीन हजार कुल 36 रुपए देकर चुकता कर दिया। इसके बावजूद 19 जुलाई को कंपनी बाग में इन तीनों ने धमकाकर रुपयों की मांग की, अगले दिन रामनगर में भूरे की दुकान में बंधक बनाकर जातिसूचक गाली गलौज करते मारपीट करके 40 हजार रुपये वसूल किए। पुलिस ने हमारी कोई सुनवाई नहीं की तब कोर्ट में गुहार लगाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानवीन शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### 9,10अक्टूबर को होगी एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**जसवंतनगर, इटावा।** मुलायम सिंह इंटर कालेज रायनगर के प्रधानाचार्य अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि तहसील स्तरीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 9,10 अक्टूबर को विद्यालय के खेल प्रांगण में समय 9 बजे से आयोजित होगी। सभी प्रतिभागी खिलाड़ी पात्रता प्रमाण पत्र के साथ समय से उपस्थित हो।

### कन्या पूजन एवं सुंदरकांड पाठ आज

**इटावा।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के तत्वावधान में बाल संस्कार कार्यक्रम के तहत शाखा के कोषाध्यक्ष महेश कुमार बाथम के शिवा कॉलोनी (राहतपुर रोड) स्थित आवास पर 8 अक्तूबर के दिन कन्या पूजन कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर दोपहर दो बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ भी किया जायेगा। आयोजक ने शाखा के सभी सदस्यों से दोपहर दो बजे से सायं छह बजे के बीच होने वाले उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, शिनाख्त नही

**इकदिल, इटावा।** आगरा कानपुर नेशनल हाईवे मानिकपुर मोड के पास पैदल रोड पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

### दुर्घटना में हेल्पर की मौत, चालक की हालत गंभीर

**इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो डम्परों की भिडंत में एक डम्पर के हेल्पर की मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका पीजीआई में उपचार चल रहा है। चौबिया क्षेत्र में शनिवार की रात को दो डम्परों की आमने-सामने की भिडंत हो गई थी। जिसमें एक डम्पर का चालक कृष्ण कांत व हेल्पर लवकुश निवासी गिजौरा सिमार भिंड गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान हेल्पर लवकुश की मौत हो गई। जबकि चालक की भी हालत गंभीर बताई जा रही है।

रामलीला | बहन के अपमान से तिलमिलाए लंकेश ने मामा मारीच संग बनाई सीता हरण की योजना

# लक्ष्मण ने काट दिए सूर्पणखा के नाक कान

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर के रूप में घोषित यहां की सुप्रसिद्ध प्रथम मैदानी रामलीला में सोमवार को सूर्पणखा नासिका भंग, खरदूषण वध व रावण मारीच वार्ता लीला का मनोहारी मंचन किया गया।

मंच पर दिखाया कि वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम सीता मैया और लक्ष्मण पंचवटी वन में निवास कर रहे हैं। पंचवटी में लंकेश की बहन सूर्पणखा घूमते हुए पहुंचती है। वह प्रभु श्रीराम को देखकर उन पर मोहित हो जाती है और विवाह का प्रस्ताव रखती है, लेकिन श्रीराम उसके छल-कपट को पहचान कर अपने अनुज लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। लक्ष्मण के विवाह से इंकार करने पर वह क्रोधित होकर अपने असली राक्षसी रूप में प्रकट हो जाती है। श्री राम का संकेत पाते ही लक्ष्मण ने उसके नाक-कान काट दिए। मैदानी रामलीला में उपस्थित राम भक्तों ने सूर्पणखा के नाक कान कटने के बाद जय श्रीराम के नारे लगाए। नाक कान कटने के बाद सूर्पनखा अपने छोटे बलशाली भाइयों खर और दूषण के पास जाती है। गुस्साए खरदूषण प्रभु श्री राम-लक्ष्मण से अपनी बड़ी सेना लेकर युद्ध करने आते हैं। दोनों के बीच रामलीला मैदान पर भयंकर तीर तलवार के साथ युद्ध होता है। खर दूषण की मृत्यु के पश्चात सूर्पनखा रोते हुए रावण के पास पहुंचती है। रावण मारीच को बुलाकर वा सीता हरण की योजना बनाता है। लीला को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के लिए रामलीला समिति के अध्यक्ष हीरालाल गुप्ता, प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू, उपप्रबंधक संयोजक ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, राजीव माथुर, राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट, रतन पांडे, निखिल गुप्ता, श्रेयस मिश्रा, प्रभाकर दुबे, तरुण मिश्रा, शुभ गुप्ता, प्रण दुबे आदि लगे रहे।


सूर्पणखा की नाक काटने की लीला का मंचन करते लक्ष्मण। अमृत विचार

**रामलीला में आज**

मारीच वध, सीता हरण, कंवध वध, सुग्रीव मिलाई की लीलाएं होगी।

# घरेलू कलह में महिला ने यमुना में लगाई छलांग

**जसवंतनगर, इटावा।** दो जिलों की सीमा पर कचौरा घाट यमुना नदी पुल से बीते रविवार को डूबे किशोर का पता नहीं चल सका वहीं सोमवार को गृह कलह से त्रस्त महिला ने भी नदी में छलांग लगा दी। पीएसी के गीताखोर स्टीमर से दोनों की तलाश में जुटे हुए हैं। आगरा में बाह तहसील के गांव कचौरा घाट के अमित कुमार की 25 वर्षीया पत्नी रेखा का गृह कलह के चलते नदी में कूद कर लापता हो गई।

यमुना नदी के किनारे पर बसे दोनों जिलों के ग्रामीणों में संजय, मोहन, विष्णु, गोविंद, नेकसे, राजबहादुर पप्पू, लाखन, भूरे आदि ने प्रशासन से मांग की है कि इस पुल पर समुचित ऊंचाई तक बेरिकेडिंग लगवाई जाय जिससे खुदकुशी करने के उद्देश्य से कूदने वालों पर अंकुश लग सके।


भरथना में सजा माता का दरबार। अमृत विचार

# दुर्गा पूजा में भक्त कर रहे मां का गुणगान

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बा के मुहल्ला मोतीगंज स्थित राजाराम पोरवाल पीतल वालों के हाता में श्री नवदुर्गा पूजा समिति रजि के तत्वावधान में चल रहे 28वें श्री नवदुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान आचार्य अमित मिश्रा और राहुल दीक्षित द्वारा कराये गये वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजन अर्चन किया जा रहा है। सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु भक्तजन साज-सज्जायुक्त उच्च सिंहासन पर विराजमान माता के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर संगीतमयी आरती में सहभागिता करके प्रतिदिन जगतजननी मां दुर्गा की स्तुति कर उनका आवाहन रहे हैं। इस दौरान समिति संरक्षक बृजेश गुप्ता रूपे, अध्यक्ष संजीव दीक्षित गपूडे, महामंत्री भरत पोरवाल, कोषाध्यक्ष विपिन पोरवाल छोटे, सोनू मिश्रा, कपिल पोरवाल, सोनू सविता, नेक्से पोरवाल, हरिओम दुबे, त्रिलोकी पोरवाल, पंकज दुबे, रितिक पोरवाल आदि की उपस्थिति रही।

# क्रॉसिंग पर लगा भीषण जाम, रोकी गईं ट्रेनें

## जाम के चलते बंद नहीं हो सका फाटक, पुलिस ने खुलवाया जाम


क्रॉसिंग पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

संवाददाता अछल्दा,औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर 13- बी फाटक पर सोमवार की शाम लगभग पौने 5 बजे जैसे ही फाटक का गेट खोला गया। फाटक खुलते ही छोटे बड़े वाहन सवार, मोटरसाइकिल सवार व पैदल चलने वाले लोगों ने उल्टी सीधी गाड़िया लगाकर जाम लगा दिया।

फाटक पर जाम इतना भयंकर लगा की साइकिल और बाइक सवार भी नही पा रहे थे। फाटक पर जाम की सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा आरपीएफ व सिविल पुलिस को दी गई । सूचना पर पहुंची सिविल पुलिस ने कमान संभाली और जाम खुलवाने का प्रयास किया। जाम लगने से फाटक बन्द नहीं हो सका। जिससे कानपुर से इटावा की तरफ जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, अजमेर सियालदह एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस व इटावा से कानपुर की तरफ जा रही महाबोधि एक्सप्रेस, दरभंगा नई दिल्ली एक्सप्रेस, गुहावटी एक्सप्रेस को आउटर पर 10-10 मिंनट के लिए रोकना पड़ा। सिविल पुलिस ने आनन -फानन में लगभग 20 मिनट बाद 5 बजकर 5 मिनट पर फाटक बंद कराया और ट्रेनों को गंतव्य की ओर रवाना हुई।

## मशीन में तकनीकी खामी आने से यात्रियों को हाथ से बनाकर दिए गये टिकट

**अछल्दा, औरैया।** रेलवे टिकट बुकिंग पर मशीनों में अपडेट की वजह से आई तकनीकी खराबी से यात्रियों को कोरा कागज पर टिकट वितरण किये गये।

अछल्दा स्टेशन पर किसी यात्री को समस्या न हो इसके लिए रेलवे नए -नए अपडेट ला रही है। सोमवार को रेलवे टिकट वितरण करने वाली मशीन नया अपडेट आने से टिकट निकलना बंद हो गया, जिससे रेलवे के बुकिंग क्लर्क ने शाम की दोनों मेमू ट्रेन के यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट मास्टर ने हाथ से कोरा कागज पर टिकट बना कर वितरण किया । जिससे यात्री को तुरंत सुविधा मिली और ये प्रकिया मंगलवार तक चलेगी । अमित सिंह ने बताया यात्रियों को असुविधा न हो इस लिए रेलवे की तरफ से कोरा कागज पर टिकट वितरण किए।


हाथ से टिकट बनाकर देते बुकिंग क्लर्क। अमृत विचार

## आढ़त में घुसे चोरों ने पार किया लहसुन

**रुरुगंज, औरैया।** बिधूना कोतवाली के रुरुगंज चौकी क्षेत्र के रुरुकला रोड से अज्ञात चोरों ने लहसुन की आढ़त से बीती रात चोरों ने लाखों रुपये का लहसुन चोरी कर लिया ।

कस्बा रुरुगंज में रुरुकलां रोड पर चंदैया गांव निवासी इंद्रपाल राजपूत अपने मकान में ही लहसुन की आढ़त किए हुए है। रविवार शाम रोज की भांति देर शाम दुकान बंद कर अपने घर चले गए । जब सुबह वह अपनी दुकान खोलने आए तो देखा कि दुकान के पीछे लगा गेट खुला है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। आढ़त मालिक इंद्रपाल ने बताया कि चोर पीछे बनी दीवार फांद कर अंदर आ गए। इसके बाद गेट के पास बनी दीवार को काटकर ईंटे निकाल कर अंदर घुस गए और गेट खोल दिया। जिससे पीछे से लहसुन के करीब आठ पैकेट, जिनकी कीमत सवा लाख रुपये है उसे चोर चोरी कर ले गए । चौकी इंचार्ज गंगासागर ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य नीरज गौतम का स्वागत करती महिलाएं।

### अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य नीरज का हुआ स्वागत

**औरैया।** अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य के पद पर शपथ ग्रहण करने के बाद लखनऊ से वापस आने पर गांव सेहुद में नीरज गौतम का महिलाओं ने घर जाकर माला पहनाकर स्वागत किया। सेहुद गांव निवासी नीरज गौतम को अनुसूचित जाति जनजाति आयोग की सदस्य मनोनित किया गया है। बीते दिनों समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्यों को उनके पद की शपथ दिलाई थी। शपथ ग्रहण के बाद गांव आने पर नीरज गौतम का स्वागत किया गया। तमाम महिलाओं ने उनके घर जाकर फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। नीरज गौतम ने कहा की वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करेंगी और शोषित पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने का काम करेंगी। इस मौके पर भाजपा नेता प्रतिभा अवस्थी, कंचन मिश्रा, सुनीता शुक्ला, सुमन चतुर्वेदी, सीमा यादव, रेनू दुबे, लक्ष्मी, नालनी पांडेय, विजय चतुर्वेदी समेत तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे।


नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाते कूटा के अध्यक्ष बीडी पांडे। अमृत विचार

### शिक्षक अपने दायित्वों का ईमानदारी से करें पालन

**औरैया।** रविवार को तिलक महाविद्यालय इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें कानपुर विश्वविद्यालय के कूटा के अध्यक्ष बीडी पांडे ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करें। यदि कोई समस्या आती है तो विश्वविद्यालय की कूटा इकाई हर संभव सहायता करेगी। शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष डॉक्टर सुयश शुक्ला, महामंत्री डा अमित कुमार सिंह, उपमंत्री डा गौरव अग्रवाल आदि लोगों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंध समिति के मंत्री अनिल गुप्ता ने नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय उत्थान में सभी शिक्षकों की भागीदारी आवश्यक है। सभी इसमें सहयोग करे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार बिश्नोई ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि हम उनके साथ विद्यालय उत्थान के लिए के लिए कार्य करें। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों व पदाधिकारी का माल्यार्पण का स्वागत किया गया। वही अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर डी एन बाजपेई, प्रोफेसर विनोद उपाध्याय ने भी संबोधित किया। मौके पर डॉ अनुपमा वर्मा, डॉ प्रकाश वीर सिंह, प्रोफेसर विवेक गुप्ता, डा अधीर गुप्ता, डा जय सिंह, डा अल्केश गुप्ता आदि शिक्षक मौजूद रहे। वही कार्यक्रम जनता महाविद्यालय अजीतमल तथा वीजीएम दिबियापुर के भी शिक्षक मौजूद रहे। संचालन अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ गौरव अग्रवाल ने किया।



चारधाम जाते श्रद्धालुओं का स्वागत करते समाज सेवा समिति के सदस्य।

### चारधाम यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का किया स्वागत

**बिधूना औरैया।** सोमवार को समाज सेवा समिति द्वारा चारधाम दर्शन हेतु जा रहे दर्शनार्थियों का माला पहनाकर जहां स्वागत किया गया वहीं उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई। इस अवसर पर डीपी सिंह, अन्नू त्रिवेदी, नीलू शुक्ला, प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे । अंकुर दीक्षित, धर्मेंद्र अग्निहोत्री (रिंकू), विपिन अग्निहोत्री (बंटी), अश्वनी शाक्य प्रवीन श्रीवास्तव को चार धाम यात्रा के लिए रवाना किया गया।

### ननदोई के साथ स्कूटी से जा रही महिला को बाइक सवारों ने लूटा

**रुरुगंज,औरैया।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र के अशोकपुरी फार्म के निकट मकरा गांव के सामने सोमवार सुबह लुटेरों द्वारा एक लूट की घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें एक महिला के कान का कुंडल तोड़ लुटेरे फरार हो गए। लूट की सूचना सुनते ही बड़ी संख्या में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की जांच की। कस्बा बिधूना के किशोरगंज मोहल्ला निवासी रमाकांती देवी पत्नी मेवाराम सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे अपने ननदोई रामबाबू के साथ अजीतमल जा रही थी, तभी रुरुगंज चौकी क्षेत्र के अशोकपुरी फार्म के निकट मकरा गांव के सामने पीछे से बाइक पर सवार दो युवक आये और चलते हुए महिला रमाकांती के कान से कुंडल तोड़ लिया, जब तक महिला और उसका ननदोई कुछ समझता, बाइक सवार लुटेरे अछल्दा की तरफ भाग गए। पीड़ित ने सूचना 112 डायल पर दी, जिसके बाद पुलिस की कई टीमें घटनास्थल पहुंची और पीड़ित से जानकारी जुटाई। घटना की जानकारी होने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा, उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) पृथुयशश्य पुनित मिश्रा, सीओ बिधूना भरत पासवान, कोतवाल महेंद्र सिंह, अछल्दा थानाध्यक्ष बृजेन्द्र सोलंकी सहित कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और सीसीटीवी में लुटेरों की पहचान करनी शुरू की। लेकिन लुटेरों का पता नहीं चल सका।

## एक नजर

### मारपीट करने में 3 पर रिपोर्ट

**अयाना, औरैया।** थाना क्षेत्र के सिखरना निवासी कुशल प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार सुबह गांव के रोहित , सतीश भदौरिया, सरनाम सिंह उसके दरवाजे पर आकर गाली- गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट होती देख बचाने आईं मां शकुंतला देवी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी।

### खेत पर पानी लगा रहे किसान को दबंगों ने पीटा

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के ग्राम महतेपुर निवासी रजत पाण्डेय ने तहरीर देकर बताया कि रविवार को देर शाम सरकारी ट्यूबवेल से पानी लगा रहा था तभी उसी गांव का निवासी दबंग लल्लन व सूरज, सागर ट्यूबवेल पर आए तथा जबरदस्ती सिंचाई के पाइप को खींच दिया तथा मोटर को बंद कर दिया जब हमने विरोध किया तो लात, घूंसो व डंडों से मारपीट की। जिससे हमारे बाएं हाथ की उंगलियों में चोट आई है तथा धमकी भी दी है । इस संबंध में थाना प्रभारी गंगा दास गौतम ने बताया कि घायल को डॉक्टरी परीक्षण को भेज दिया है।

## पत्नी से परेशान शिक्षक ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

संवाददाता फफूंद, औरैया

● कानपुर अस्पताल मे डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**अमृत विचार।** कस्बे के मुहल्ला कटरा मनेपुर निवासी एक शिक्षक का अपनी पत्नी से विवाद होता रहता था। विवाद के चलते ही पत्नी अपने पिता के साथ जेवर लेकर मायके चली गई। रविवार को शिक्षक का पत्नी से फोन पर विवाद होने के बाद शिक्षक ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गये। सोमवार को डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां ने थाने में बहू और उसके पिता के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है।


कपिल दुबे।

कस्बा निवासी मृतक शिक्षक की मां श्यामा देवी निवासी फफूंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कपिल दुबे 30 वर्ष उनका इकलौता पुत्र था,जो अछल्दा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय गांव रामपुर कुंवर मे तैनात था। मई 2023 में दिबियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक लड़की से उसका विवाह हुआ था। शादी के बाद बहू हमारे पुत्र से झगड़ा करती थी। विवादों के बीच बहू एक सितंबर को अपना सारा जेवर लेकर रात ग्यारह बजे अपने पिता के साथ मायके चली गई। रविवार रात आठ बजे पुत्र का बहू से फोन पर विवाद हुआ जिससे दुखी होकर पुत्र ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। उसे कानपुर निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहू के उत्पीड़न किए जाने से पुत्र ने आत्महत्या कर ली है।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**अछल्दा, औरैया।** अछल्दा-महेवा मार्ग बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास सोमवार की शाम महेवा मार्ग से आ रही बोलेरो और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड की तरफ से आई बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार चालक और सवारी दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार चालक हेलमेट लगाए हुए था। इसलिए सिर में चोट नहीं लगी वहीं दूसरा सवार को सिर में अधिक चोट लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के गांव छछुंद में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार निवासी जुआ महेंद्र 35 वर्ष और एक साथी की हालत ज्यादा जख्मी होने पर सड़क पर तड़पते रहे। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ब्रजेंद्र सिंह ने एम्बुलेंस को कॉल करके बुलवाया और दोनों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## अपहरण व छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना दिबियापुर क्षेत्र से करीब आठ वर्ष पूर्व एक नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने व उसके साथ छेड़छाड़ करने के दोषी सलमान खान निवासी फफूंद को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

उक्त मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्र व विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा के अनुसार थाना दिबियापुर में पीड़िता के पिता ने उक्त मामला पंजीकृत कराया। वादी ने लिखा कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री 12-07-2016 की सुबह 9 बजे स्कूल गई थी और वापस नहीं आई । बाद में पता चला कि फफूंद निवासी सलमान उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने अपहरण व पॉक्सो में मामला पंजीकृत किया था। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह की कोर्ट में चला। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने नाबालिग छात्रा से किए गए इस अपराध पर कठोर सजा देने की बहस की। वही बचाव पक्ष के वकील ने अभियुक्त के शादी शुदा व 2 बच्चों का पिता होने पर रहम की याचना की। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने अभियुक्त सलमान खां को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई व उस पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड अदा न करने पर उसे 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

## अछल्दा-वीरपुर सड़क का 85.52 लाख का भेजा प्रस्ताव

संवाददाता अछल्दा,औरैया

● अछल्दा से डीएफसी रेलवे लाइन तक बनाई जायेगी 7 मीटर चौड़ी सड़क

**अमृत विचार।** अछल्दा-वीरपुर मार्ग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। विभाग को बजट स्वीकृत होने का इंतजार है।

अछल्दा-वीरपुर मार्ग पिछले आठ वर्षो से जर्जर हालत में है। विभाग द्वारा सड़क के गड्ढों को भरा गया। लेकिन यहां बड़े डंपर चलने की वजह से सड़क ज्यादा समय तक नहीं चल सकी। अब विभाग द्वारा सड़क के नए सिरे से निर्माण के लिए 85.52 लाख रुपये के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। इसमें पहला प्रस्ताव है कि सड़क जहां जिस हालत में है, उस सड़क को 3 किलोमीटर तक नई बनानी है दूसरा प्रस्ताव अछल्दा से न्यू अछल्दा स्टेशन डीएफसी रेलवे लाइन तक सड़क का 7 मीटर चौड़ीकरण करके पूरी सड़क को बनाने का है। इसके लिए रेलवे अधिकारी पहल कर रहे है। अछल्दा से वीरपुर तीन किलोमीटर के लिए शासन 85.52 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। विभाग को शासन से बजट का इंतजार है। शासन से जल्द बजट की स्वीकृति मिलते ही सड़क का निर्माण कार्य जल्द कराया जाएगा।

इस बारे में अधिशासी अभियंता राजेश पिपलानी ने बताया कि डीएफसी रेलवे के अधिकारियों द्वारा रोड को 7 मीटर चौड़ा किया जाएगा ।

## रेडक्रॉस सोसाइटी में अधिक सदस्यों का करें पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता ,औरैया

● सदस्यों की संख्या बढ़ाकर ग्रामीण स्तर पर इसके संबंध में लोगों को दें जानकारी

● जन सहयोगी कार्यों को करते हुए जरूरतमंदों की करें सहायता : जिलाधिकारी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में जिला रेडक्रास सोसाइटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया । उन्होंने कहाकि सोसाइटी समाज के वास्तविक जरूरतमंदों को चयनित कर उसके लिए स्वास्थ्य उपकरण आदि उपलब्ध करायें जिससे, वह इधर-उधर न भटकने पायें और उनकी परेशानी कम हो सके।

उन्होंने सभी संबंधितों को जिला रेडक्रॉस सोसाइटी में अधिक से अधिक सदस्यों का पंजीकरण कराने को कहा जिससे उसकी उपयोगिता और कार्य ग्रामीण स्तर तक सुनिश्चित हो सके। उन्होंने प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि ऐसे विद्यालय जिनके द्वारा छात्र-छात्राओं से रेडक्रॉस सोसाइटी के अंश का भुगतान सोसाइटी के खाते में नहीं किया गया है। उनको निर्देशित करते हुए शीघ्र-अतिशीघ्र शुल्क सोसायटी के खाते में जमा कराना सुनिश्चित करें।


मातहतों को दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर हरिश्चंद्र, डिप्टी कलेक्टर गरिमा सौनाकिया, चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी कप्तान सिंह, सचिव रेडक्रास सोसायटी कुलदीप यादव, कोषाध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी आनन्द, सदस्य रेडक्रास सोसायटी विपिन मित्तल, संदीप आदि मौजूद रहे।

### बाल विवाह कानूनन अपराध है, इसे रोकें

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में मिशन शक्ति फेज- 5 महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत बाल विवाह कानूनन अपराध है कृपया इसे रोकें, के तहत पूर्व में रोके गये बाल विवाह के परिवारीजनों को बुलाकर उनसे वार्ता की। साथ ही उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से शादी कराने का अश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु पर शादी करना या कराना अपराध है इसलिए लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने पर ही शादी करनी चाहिए।

**शारदीय नवरात्र का पांचवा दिन** — मां वैष्णों जन जागरण समिति ने रविवार की रात्रि कराया विशाल जागरण का आयोजन

## देवी गीतों पर रात भर झूमे भक्त

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी नगर में शारदीय नवरात्र पर्व पर पंडालों में मां की प्रतिमाएं सजी हैं। पूजा अर्चना के साथ ही यहां देवी जागरण में गीतों पर भक्त झूम रहे हैं। मां वैष्णों जन जागरण समिति द्वारा रविवार की बीती रात्रि विशाल जागरण का आयोजन हुआ।

कानपुर से आई किरण एंड पार्टी द्वारा मां भगवती के गीत गाए। श्रद्धालु गीतों पर झूमे। जागरण में किरण एंड पार्टी ने गणेश वंदना के साथ गीतों की शुरुआत की। मेरे लाडले गणेश भोले बाबा के आंख के तारे, आजा मां आजा मां, उनके हाथों में लग जाए ताला अलीगढ़ वाला, जो मैया के जयकारा न लगाए व अन्य गीतों से श्रद्धालु झूमते रहे। कानपुर से आई पार्टी ने गणेश झांकी, राधा कृष्ण की फूलों की होली, गरीब सुदामा , शंकर का तांडव नृत्य, मां जगदम्बे द्वारा महिषासुर का संहार आदि झांकियां प्रस्तुत की गईं ।कार्यक्रम की शुरुआत कंचौसी नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू ने फीता काटकर किया, उन्होंने कहा कि मां जगत जननी अपनी कृपा सदैव इस जगत पर बनाए रखें । कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधान प्रतिनिधि बान अनुपम गुप्ता, सुरेश गुप्ता, जयप्रकाश दुबे, राजेंद्र यादव, विनय प्रताप सिंह, छोटे शुक्ला, लल्लू सिंह, डॉ धर्मेन्द्र गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।


देवी जागरण में झूमते श्रोता। अमृत विचार

## प्रभु के नाम मात्र से ही दूर होते हैं सभी कष्ट

**अजीतमल, औरैया ।** कस्बा क्षेत्र के एक गांव में देवी पंडाल में चल रही सात दिवसीय कथा के चौथे दिन आचार्य शिवम द्विवेदी ने बताया कि मानव जीवन कष्टों से भरा होता है इन कष्टों से मुक्ति दिलाने का काम प्रभु करते हैं।


कथा सुनात आचार्य शिवम द्विवेदी।

शनिवार को कस्बा क्षेत्र के ग्राम मौहारी अंतर्गत देवी पंडाल परिसर में सात दिवसीय कथा का आयोजन चल रहा है जिसमे जनपद जालौन से पधारे आचार्य शिवम द्विवेदी ने परीक्षित रामवीर सिंह उनकी पत्नी व उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा के चौथे दिन राजा भरत के सभी जन्म की कथा सुनाई, जिसमे कथा का बखान करते हुए बताया कि भरत को भी एक जीव से मोह हो गया अर्थात एक बार एक गर्भवती हिरनी पानी पीने के लिए आती है उसी समय उसे देखकर एक शेर भी पीछे से आकर दहाड़ता है जिसकी दहाड़ से हिरनी भयभीत हो जाती है। तथा भय के कारण नदी के पानी में ही बच्चे को जन्म दे देती है जिससे बच्चे को गोता खाते हुए देखकर मोह हो गया और उस बच्चे को पानी से निकालकर घर लाते है बाद में आचार्य जी ने कथा में बखान करते हुए बताया कि तीसरे जन्म में यही भरत अगले जन्म में जड़ भरत हुए जिनकी कथा भी आचार्य जी ने विस्तार से सुनाई ।

वहीं कार्यक्रम के आयोजकों कप्तान सिंह व ग्राम वासियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कथा सुनने की अपील की है। कार्यक्रम की व्यवस्था में शिववीर सिंह, यशवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष, लक्ष्मी सिंह, सप्पू, नीलू, नागेंद्र सिंह, होम सिंह, कप्तान सिंह आदि रहे।

## धनुष टूटते ही गूंजा जय श्रीराम

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के एक गांव में चल रही दो दिवसीय रामलीला के दूसरे दिन विशाल धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के अलग अलग स्थानों से आए हुए कलाकारों ने रामलीला का मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

रविवार की रात कस्बा क्षेत्र के गांव मौहारी में मां काली माता मंदिर परिसर में चल रही दो दिवसीय रामलीला के अंतर्गत दूसरे दिन प्रदेश के अलग अलग जनपदों से आए हुए कलाकारों ने धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद, तथा परशुराम लक्ष्मण संवाद का मनोहारी मंचन कर उपस्थित दर्शकों भोर सुबह तक रामलीला पंडाल में डटे रहने को मजबूर कर दिया। मंचन के आरम्भ में जब सीता स्वयंवर में कोई भी राजा धनुष को नही तोड़ पाता है तब ऋषि विस्वामित्र के कहने पर प्रभु राम ने धनुष का खंडन कर दिया, जैसे ही श्रीराम ने धनुष को तोड़ा वैसे ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। धनुष टूटते ही महर्षि परशुराम जी ने जनकपुरी में आयोजन कर्ताओं के सामने धनुष तोड़ने वाले का नाम पूछते हुए क्रोध प्रकट करते है इसके बाद लक्ष्मण - परशुराम के बीच लम्बा संवाद चलता है जिसे देखने को सुबह तक पंडाल में डटे रहे। वहीं मंचन कर रहे कलाकारों में राम के रूप में कृपा शंकर पांडे दिबियापुर, लक्ष्मण के रूप में लखन त्रिपाठी उन्नाव, परशुराम के रूप में हरि भजन दास पिलुआ वाले महंत, जनक के रूप में विनोद दुबे, रावण अवधेश शुक्ल, हास्य राजू चंचला आदि ने लोगो को खूब लुभाया। वहीं कार्यक्रम की व्यवस्था में मोहन पाल, रामचन्द्र पाल, शिवेंद्र सिंह, नागेंद्र त्रिपाठी, मिठ्ठन, नाथूराम, सुघर सिंह,धर्मेंद्र सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

● परशुराम-लक्ष्मण संवाद देखने को सुबह तक डटे रहे दर्शक


मंचन करते परशुराम और लक्ष्मण। अमृत विचार

# लाखों की रकम उड़ाने वाली छात्रा गिरफ्तार

- सहायक अध्यापक के खाते से उड़ाई थी धनराशि
- पुलिस ने लखनऊ से आरोपी छात्रा को दबोचा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदाशिव इंटर कालेज के सहायक अध्यापक के बैंक खाते से जारी कराई दूसरी चेक से दो लाख 43 हजार रुपये उड़ाने के मामले में फरार सेवानिवृत्त एएसआई की एमकॉम छात्रा पुत्री को साइबर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसका एक साथी पहले पकड़ा जा चुका है। गैंग का मास्टरमाइंड फरार चल रहा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रेल बाजार निवासी राकेश कुमार सिंह के खाते से चेक के जरिए एक लाख 40 हजार रुपये शातिर साइबर अपराधियों ने 10 जून को निकाले थे। पहले भी खाते से एक लाख तीन हजार रुपये निकाले गए थे। 10 जून को निकाली रकम में 88 हजार ही शातिर निकाल पाए थे, बाकी रकम बैंक से संपर्क कर राकेश ने ट्रांसफर होने से रोकवा दी थी। साइबर थाने में अध्यापक की ओर से 12 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच दौरान गाजियाबाद जिला शहर कोतवाली न्यू पंचवटी कालोनी निवासी विशाल शर्मा को 18 अगस्त को गिरफ्तार किया था। घटना में शामिल मास्टरमाइंड अमित शर्मा छापामारी में बच निकला था। पहले अमित भी न्यू पंचवटी में रहता था। अब नोएडा में रहता है। अमित आठ माह पहले हापुड़ जेल से छूटा है। जांच में सामने आया कि फर्जी तरीके से चेक गाजियाबाद स्थित एक बैंक से जारी हुई थी। शातिर विशाल ने खाते में अपनी ईमेल आईडी लिंक कराई थी।

खाते में लेनदेन की जानकारी ईमेल से विशाल को मिलती रहती थी। धोखाधड़ी के दौरान एक महिला भी अध्यापक से बातचीत करती थी। विवेचना में पुलिस ने नई दिल्ली से गरिमा सिंह को गिरफ्तार किया था। गरिमा सिंह एमकॉम की छात्रा है। वह नई दिल्ली उत्तमनगर ओम विहार फेज-2 के रहने वाले सेवानिवृत्त एएसआई हिम्मत सिंह की पुत्री है। तीन माह पहले वह भी हापुड़ जेल से छूटी है। वह अमित शर्मा और विशाल शर्मा के साथ लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाती थी। उस पर आरोप है कि बैंक खाते से कूटरचित दस्तावेज के आधार पर मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी लिंक कराने के बाद अध्यापक के नाम से चेकबुक, डेबिट कार्ड प्राप्त किया था। यूपीआई लिंक कर ट्रांजेक्शन किया था। अध्यापक ने गरिमा की आवाज पहचानी है। उसके खिलाफ हापुड़ में एक साल पहले आईटी एक्ट के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। दूसरे राजस्थान के शिकायतकर्ता लक्ष्मण सिंह के मामले में भी गरिमा आरोपी है।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**फतेहपुर।** 2 बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार किशोर की मौत हो गई।

बिंदकी कस्बे के पास फरीदपुर गांव के पास रविवार की देर शाम बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार किशोर ओमप्रकाश राजपूत पुत्र हरिश्चंद्र राजपूत निवासी गौसपुर थाना कल्यानपुर गंभीर घायल हो गया। घायल किशोर ओमप्रकाश को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि मृतक कुछ दिन पहले ही गुजरात से वापस आया था। वह गुजरात में एक प्राइवेट नौकरी करता था।

# बीमारी से तंग महिला कुएं में कूदी, मौत

- किशनपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव का मामला

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में बीमारी से तंग आई महिला ने कुएं में कूद कर जान दे दी। सुबह परिजनों की नींद खुली तो महिला घर से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद महिला का शव कुएं में उतराता देखा गया।

किशनपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी रामनरेश यादव की पत्नी चित्ररेखा काफी दिनों से बीमारी से ग्रसित थी। परिजन महिला का इलाज करा रहे थे। लेकिन महिला की हालत दिन पर दिन बिगड़ती जा रही थी। हाल ही में महिला का इलाज कौशाम्बी जनपद के मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। रविवार की शाम



चित्ररेखा।

खाना पीना खाने के बाद महिला परिजनों के साथ लेट गई। देर रात परिजनों की नींद आ गई। इसी दौरान महिला बिस्तर से उठ कर घर के बाहर आई और घर के बाहर स्थित कुएं में कूद गई। सुबह भोर पहर परिजनों की नींद खुली तो महिला घर से गायब थी। महिला को गायब देख परिजनों ने महिला की काफी खोजबीन की। उसी दौरान ग्रामीणों की नजर कुएं में पड़ी जहा महिला का शव उतराता हुआ देखा गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से महिला को बाहर निकाला तब तक महिला की सांसें थम चुकी थे। जिसके बाद परिजनों ने महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि महिला का कानपुर के एक निजी अस्पताल में आपरेशन कराया गया था। जिसमें डाक्टर द्वारा लापरवाही बरती गई आपरेशन सफल नहीं हुआ। जिसके बाद महिला का दोबारा से आपरेशन कराया गया था। तब से महिला बीमार रहती थी। मामले में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में किसी की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई है।

# शुरू नहीं हो पाई मोटे अनाज की खरीद

## 1 अक्टूबर से होनी थी ज्वार-बाजारा की सरकारी खरीद

- जिले में 3 बाजरा और 3 ज्वार के लिए बनाए गए केन्द्र

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर जिले में ज्वार खरीद के लिए तीन व बाजरा की खरीद के लिए तीन क्रय केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर एक अक्टूबर से ज्वार-बाजारा की खरीद की जानी थी। लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी अभी किसी भी केंद्र में खरीद शुरू नहीं हो पाई। इतना ही नहीं इन अनाजों की बिक्री के लिए अभी तक किसानों के पंजीकरण की रफ्तार भी गति नहीं पकड़ पाई है।

शासन से किसानों को ज्वार व बाजारा का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए धान के साथ ही ज्वार व बाजारा की खरीद करने की इस साल भी तैयारी की है। इसी क्रम में बाजरे के समर्थन मूल्य 2500 रुपये से बढ़ाकर इस साल 2625 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया है। जबकि हाईब्रिड ज्वार का समर्थन मूल्य 3180 रुपये से बढ़ाकर 3371 रुपये प्रति कुंतल व सफेद ज्वार (जुंडी) का समर्थन मूल्य 3225 रुपये से बढ़ाकर 3421 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने के साथ ही खाद्य विभाग को इन मोटे आनाजों की खरीद करने की जिम्मेदारी सौंपी है। खरीद के लिए खाद्य विभाग ने तीन-तीन क्रय केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों में एक अक्टूबर से खरीद का काम शुरू होना था, लेकिन सात दिन बीतने के बाद अभी तक जिले में केंद्रों में बोहनी होने का इंतजार है।

> जिले में ज्वार-बाजरा खरीद के लिए कुल छह क्रय केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में खरीद की सभी तैयारियां पूरी हैं। अभी किसानों के पास उपज तैयार नहीं हो पाई है। किसानों में जागरुकता फैलाई जा रही है कि अपनी उपज क्रय केन्द्रों में बेचने के लिए पंजीकरण अवश्य करा लें।
>
> –संजय कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी आरएमओ

### पंजीकरण में रुचि नहीं ले रहे किसान

- जनपद में ज्वार बाजारा की खरीद के लिए भी विभाग की बेवसाइट पर आन लाइन पंजीकरण कराने का प्रावधान है। लेकिन अभी तक खरीद तो दूर पंजीकरण की रफ्तार भी बेहद धीमी है। हालात यह है कि अभी तक जिले के एक सैकड़ा किसानों ने भी इन मोटे आनाजों की बिक्री के लिए अपना पंजीकरण नहीं कराया है। वहीं कुछ केंद्रों में तो अभी बैनर तक नहीं टंग पाए हैं।

## रिमझिम बारिश के बाद धूप से बढ़ी उमस

**फतेहपुर।** अक्टूबर माह में भी मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। सोमवार को सुबह रिमझिम के बाद बदली के बीच निकली तेज धूप व उमस भरी गर्मी बेहाल किए रही। दोपहर में पारा सामान्य से सवा डिग्री ऊपर रहने तथा बिजली गुल रहने से लोगों को घरों में भी उमस से राहत नहीं मिल सकी।

बदले मौसम के बीच तापमान में भी उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। रविवार रात में पारा सामान्य के करीब रहा। लेकिन बिजली गुल रहने से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। सोमवार को बदली के साथ दिन शुरू हुआ। सुबह करीब सात बजे हल्की बारिश होने लगी। लेकिन धूप निकलते ही फिर से उमस बढ़ने लगी। दोपहर में पारा सामान्य से सवा डिग्री ऊपर पहुंचने तथा बदली की धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। गर्मी से परेशान राहगीर जहां पेड़ों के नीचे डेरा डालते दिखे। वहीं दोपहर में बिजली गुल रहने से लोग घरों में भी गर्मी से परेशान रहे। दोपहर में भी एक बार घने बादल छाने से बारिश ही सम्भावना बनी लेकिन नहीं हुई।



नन्दी चौराहे के अनावरण के बाद कन्याभोज करतीं कन्याएं। अमृत विचार

# तांबेश्वर चौराहे पर नंदी महाराज की प्रतिमा लगी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के तांबेश्वर चौराहा में नंदी जी की प्रतिमा को भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने विधिवत हवन पूजन करके स्थापित किया। आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के बीच प्रतिमा को स्थापित कराया।

बता दें कि पहले इस चौराहे पर कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा लगनी थी लेकिन किन्हीं कारणों से कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा को यहां से हटाया गया और फिर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के सामने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापित की गई। यहां पर नंदी जी की प्रतिमा को लगाया गया। इस दौरान कन्या भोज का आयोजन किया गया। विशाल रात्रि जागरण का भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व विधायक विक्रम सिंह, समाजसेवी गोपाल गुप्ता, जिला महामंत्री भाजपा पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, मनोज गांधी, अमित शिवहरे, सभासद विनय तिवारी, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री पूनम श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख भिटौरा अमित आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जिले में पर्याप्त खाद उपलब्ध, संतुलित मात्रा में करें उपयोग

**फतेहपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि रबी की बुआई का समय आने वाला है। किसान समय से बुवाई की तैयारी कर लें। जिले में डीएपी, एनपीके यूरिया, सुपर फास्फेट एवं पोटाश सहित सभी प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों की मांग के अनुरूप समय-समय पर सभी उर्वरक उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने किसानों से अपील किया कि संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें। मानव, मृदा एवं मवेशियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपने खेत के कुछ हिस्सों में जैविक, प्राकृतिक खेती भी अपनाएं। उन्होंने बताया कि किसान अपनी जोत के अनुसार एवं तात्कलिक आवश्यकता अनुसार उर्वरक खरीद लें। जिले में सहकारिता के बफर गोदाम में 4500 मी. टन डीएपी एवं 500 मी. टन एपीके सहित अन्य सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

### युवती की हत्या के मामले में प्रेमी समेत 3 पर रिपोर्ट

**फतेहपुर।** लखनऊ-बांदा हाईवे से शुक्रवार रात युवती की हत्या कर फेंके शव के मामले में पुलिस ने रविवार को प्रेमी, पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर युवती की हत्या की पुष्टि हुई है। गला घोंटने से पहले बर्बरतापूर्वक उसकी पिटाई भी की गई थी। डाक्टरों ने दुष्कर्म की शंका पर स्लाइड बनाई हैं। गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 25 वर्षीय युवती की शादी सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छह साल पहले हुई थी। उसका एक पांच साल का बेटा है। पति से अनबन के चलते मायके में रहती थी। उसका डेढ़ साल पहले चौफेरवा के रहने वाले शनी से प्रेम संबंध हो गया था। वह प्रेमी के साथ रहने लगी थी। सदर कोतवाली के चौफेरवा एनटीपीसी प्लांट के सामने झाड़ियों के पीछे शुक्रवार रात युवती का शव मिला था। घरवालों की पहचान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को सौंप दिया था। उसके सिर, चेहरे में पांच से छह चोट के निशान पाए गए। हत्या गला घोंटकर किए जाने की पुष्टि हुई। दुष्कर्म की शंका पर स्लाइड बनाई गई है। पोस्टमार्टम के बाद पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने युवती के प्रेमी शनी समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### चेकिंग के दौरान पकड़ा गया पटाखे का अवैध भंडारण

**फतेहपुर।** अग्निशमन विभाग और पुलिस ने पटाखा फैक्ट्री चेकिंग के दौरान पटाखा विक्रेता की दुकान में मिले अवैध भंडारण को टीम ने सील किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्षेत्राधिकारी थरियाव अरुण कुमार राय, थानाध्यक्ष अरविन्द राय और अग्निशमन विभाग की टीम ने थरियांव थाना क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान रघुनाथपुर भागूपुर मोड़ में पंकज कुमार शुक्ला, निवासी बहरामपुर की पटाखा विक्रेता के दुकान की चेकिंग की गयी तो दुकान के दो कमरों में 61 किलो बारूद के पटाखों का अवैध भंडारण पाया गया। लाइसेंस भी 31 मार्च 2024 को समाप्त हो गया था।

### इंडस टावर्स की 10 मशीनें चोरी

**फतेहपुर।** थाना मलवां क्षेत्र में स्थित इंडस टावर्स की चार साइटों से मशीनों की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पांच सितंबर से एक अक्टूबर 2024 तक कुल दस अंजना मशीनें चोरी हो चुकी हैं। पहली घटना पांच सितंबर को सहिली साइट पर हुई, जहां से दो अंजना मशीनें चोरी की गईं। इसके बाद सात और नौ सितंबर को दावतपुर साइट पर कुल चार अंजना मशीनों की चोरी हुई। अंतिम घटना एक अक्टूबर को चखेड़ी साइट पर हुई, जहां से दो अंजना मशीनें चोरी हो गईं। शिकायतकर्ता विकास सिंह जो इंडस टावर्स में फील्ड ऑफिसर हैं, उन्होंने इन सभी चोरी की घटनाओं की सूचना डायल 112 पर दी और थाना प्रभारी मलवां को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में प्राथिमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और खुलासे का प्रयास कर रही है।

### विद्यालय से सौरपंप का कन्ट्रोलर चोरी

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के नगरुवा गांव निवासी प्रकाश सिंह ने थाने में शिकायती पत्र देकर अपनी कृषि भूमि से सौर पंप का कन्ट्रोलर चोरी होने की प्राथिमिकी दर्ज कराई है। घटना 24 सितंबर 2024 की रात को घटित हुई, जब चोरों ने स्व. एसएन सिंह सरस्वती शिशु मंदिर में रखे कन्ट्रोलर को ताला काटकर चुरा लिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि कारीकान में छह बीघा उसकी कृषि भूमि है, जहां उनकी माता कुसुमलता के नाम से पीएम कुसुम योजना के तहत तीन एचपी, ऐसी सोलर पंप स्थापित है। चोरों द्वारा चुराया गया कन्ट्रोलर विद्यालय के एक कमरे में रखा हुआ था।

### एसपी ने 2 एसआई को किया लाइन हाजिर

**फतेहपुर।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने प्रभावी कदम उठाए हैं। जिला चार्ज संभालने के बाद उन्होंने बड़ी संख्या में उपनिरीक्षकों और सिपाहियों के तबादले किए। इसके बाद, थाना और पुलिस चौकी में कई सालों से मौजूद उपनिरीक्षकों की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी एक पत्र के आनुसार, मलवां थाना में तैनात उपनिरीक्षक संजय सिंह पर कई बार विवेचना में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। पीड़ितों की लगातार शिकायतों के बाद और चेतावनियों का कोई असर न होने पर एसपी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। इसी क्रम में, तीन अक्टूबर को मलवां थाना के उपनिरीक्षक कप्तान सिंह भी विवेचना में ढिलाई बरतने के मामले में संलिप्त पाए गए। एसपी द्वारा क्राइम मीटिंग में की गई समीक्षा के बाद उन्हें भी लाइन हाजिर किया गया, जब उनके कार्य में कोई आधार नहीं देखा गया। एसपी के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई विवेचना में लापरवाही के चलते की गई है।

# एसबीआई शाखा प्रबंधक समेत 4 पर रिपोर्ट दर्ज

- 1.78 लाख रुपये के गबन का मामला आया सामने
- थरियांव पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** एसबीआई के मुख्य शाखा प्रबंधक व टेनी शाखा के तीन संचालकों के खिलाफ 1 लाख 78 हजार रुपये के गबन के आरोप पर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थरियांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कला निवासी चांदबाबू की पत्नी सकीना बानो ने एफआईआर में बताया कि भारतीय स्टेट बैंक सिविल लाइंस की टेनी ग्रामीण शाखा आमापुर में खाता खुलवाया था। शाखा प्रबंधक आकाश श्रीवास्तव निवासी मुराइनटोला थाना कोतवाली, कैशियर गौहर निवासी सूपा थाना मलवां व संचालक उमा श्रीवास्तव पत्नी विजय कुमार श्रीवास्तव निवासी मुराइनटोला थीं। खाते में नोटबंदी के समय अलग-अलग तिथियों में एक लाख 96 हजार जमा किया। जमा रसीदें मैनेजर व कैशियर ने दी। खाते से 18 हजार रुपये निकाला था। इसके बाद अचानक शाखा बंद हो गई। संचालक घर में नहीं मिले। मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक सिविल लाइन से संपर्क किया। जहां पता लगा कि खाते में एक भी रुपये नहीं है।

उसके साथ प्रबंधक, कैशियर व संचालक ने धोखाधड़ी से रकम हड़पी है। मुख्य शाखा के प्रबंधक ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टे उसे डरा धमकाकर भगा दिया। उसने नौ नवंबर 2022 को कोतवाली में शिकायत की। कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोतवाली पुलिस ने मुख्य शाखा के प्रबंधक, लिंक शाखा के प्रबंधक, कैशियर व संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## आलू के बीज पाने के लिए किसान करें आवेदन

**फतेहपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण लखनऊ द्वारा जनपद के किसानों को आलू बीज वितरण नगद मूल्य पर किए जाने के लिए 1200 क्विंटल का आवंटन प्राप्त हो चुका है। इच्छुक किसान आलू बीज प्राप्त करने के लिए कार्यालय में 7 अक्टूबर से आवेदन उपलब्ध करा दें। अधिक जानकारी कार्यालय विकास भवन में उपस्थित होकर व उद्यान निरीक्षक जैनेन्द्र कुमार के मोबाइल नम्बर 9807497636, क्षेत्रीय प्रभारियों विकास खण्ड देवमई एवं मलवां के मोबाइल नम्बर 9919779564, विकास खण्ड बहुआ एवं असोथर के मोबाइल नम्बर 9450261275, विकास खण्ड अमौली व खजुहा के मोबाइल नम्बर 9140136988, विकास खण्ड तेलियानी, हथगांव एवं ऐराया के मोबाइल नम्बर 9452073794, विकास खण्ड पर कर सकते हैं।

# किशोरी को अगवा करने पर 2 के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक दुर्गा पंडाल से शनिवार शाम आरती करने गई किशोरी को दो युवकों ने अगवा कर लिया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवरात्रि पर्व को लेकर गांव-गांव दुर्गा पांडाल सजे हैं। जहां सुबह शाम आरती के लिए बच्चे बूढे और महिलाओ की भीड़ पहुंच रही है। ऐसे ही क्षेत्र के एक दुर्गा पंडाल में शनिवार शाम 13 वर्षीय एक किशोरी आरती करने गई थी। उसी दौरान पड़ोसी गांव के रहने वाले अनिल पुत्र रज्जन और छोटू पुत्र राजू निवासी नेवाजपुर मजरे गुरुवल ने इशारा कर बाहर बुलाया और अपने साथ लेकर चले गए हैं। जिसकी परिजनो ने काफी खोजबीन की लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चला। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मामले में पुलिस ने तत्काल दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि किशोरी को बरामद कर मामले में केस दर्ज कर किशोरी को मेडिकल के लिए भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### महिला पर अश्लील टिप्पणी करने पर रिपोर्ट

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ अश्लील टिप्पणी और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार महिला शुक्रवार को अपनी मां को जागरण से बुलाने जा रही थी। उसी दौरान गांव के आरोपी ने शराब के नशे में उसे देखकर अश्लील टिप्पणियां की, जिससे वह आहत हुई। महिला ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब उस व्यक्ति ने इस तरह की हरकत की हो। पहले भी वह शराब के नशे में उसके साथ इसी तरह की अश्लीलता कर चुका है। विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति की संशोधित समय सारणी जारी

**फतेहपुर।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण तक की संशोधित समय सारिणी जारी कर दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के लिए ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण के लिए संशोधित समय सारणी जारी की गई है। बताया कि कक्षा 9-10 एवं कक्षा 11-12 के लिए छात्रों के स्तर से आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित है। शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 27 अक्टूबर निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में सभी शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, नोडल अधिकारी को सूचना दी गई है कि अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना अन्य पिछडा वर्ग के समस्त पात्र छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन कराते हुए सत्यापन व अग्रसारण की कार्रवाई समय के अंदर करा दें।

नवरात्र | 5वें दिन भी देवी मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे

# स्कंदमाता से भक्तों ने मांगी परिवार की समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नवरात्र महोत्सव में पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों से लेकर दुर्गा पंडालों में भक्तों की खासी भीड़ रही। विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना और आरती में पूरे उल्लास के साथ भक्त शामिल हुए। वहीं घरों में महिलाओं ने देवी गीत एवं कन्या भोज के आयोजन भी किए।

भक्ति गीतों की गूंज पांचवें दिन भी देवी मंदिरों व पांडालों में सुनाई दी। भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां के पांचवें स्वरूप स्कंद माता की पूजा अर्चना की। वहीं मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का भी दौर जारी रहा। सोमवार को सुबह से ही शहर के दुर्गा मंदिर, ताम्बेश्वर मंदिर, मोटे महादेवन समेत अन्य मंदिरों एवं दुर्गा पांडालों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने जल, फूल, नारियल, बताशा चढ़ाकर व चुनरी ओढ़ाकर मइया की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आराधना की। शहर में जगह जगह सजे देवी पांडालों में भी अपार आस्था देखी जा रही है। सुबह-शाम होने वाली आरती में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ होती है।



माता की आरती में मौजूद भक्त। अमृत विचार

### मंदिरों में हो रहे माता के जागराते

- नवरात्र में मां दुर्गा की भक्ति में रात्रि जागरण का भी दौर चल रहा है। अमौली क्षेत्र में कलाकारों ने सुदामा-कृष्ण, महिषासुर, मर्दिनी, राधा-कृष्ण, काली माता, हनुमान जी, गणेश जी, शिवजी आदि की अदभुत झांकियां प्रस्तुत की। पूरी रात चलो बुलावा आया है..., जय गणेश देवा देवा जय गणेश देवा...,जैसे गीतों ने भक्तों को देवी भक्ति में लीन कर दिया।

### हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा

शारदीय नवरात्र पर शहर के पक्का तालाब स्थित दुर्गा पांडाल में सोमवार को सुबह मां स्कंद माता की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। दुर्गा पूजा समिति पक्का तालाब नई बस्ती द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में कमेटी के अध्यक्ष सतीश साहू, आनन्द तिवारी, सुभाष गुप्ता, सचिन साहू, आशीष एवं जितेन्द्र समेत अन्य लोग व्यवस्था में लगे रहे। भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर भक्त धन्य हुए। वहीं सोमवार को कई घरों में कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें कन्याओं का विधि विधान के साथ पूजन करते हुए प्रसाद ग्रहण कराया गया।

## ओ-लेवल व ट्रिपल सी प्रशिक्षण के लिए आवेदन मांगे

**फतेहपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण हेतु निर्गत समय सारणी के आधार पर पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों को जिनकी शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उनके समकक्ष हो जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय सीमा एक लाख तक हो तथा अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 35 वर्ष के मध्य हो, अभ्यर्थी शिक्षित बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न लेता हो। ऐसे पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों से विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा निर्देश व नियमों के आधार पर प्रशिक्षण 10 से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि 01 वर्ष होगी तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि 03 माह होगी।


# कानपुर नगर निगम

**निविदा सूचना**

**निविदा संख्या–27/मु0अभि0/2024–25**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत / नवीनी—त ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित कार्यो की निविदायें संख्या–54 दिनांक–15.10.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट ाउब.नच.दपब.पद पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

Ro No.111 दिनांक: 07.10.2024

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

माता शत्रु : पिता वैरी येनवालो न पाठित : ।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये वको यथा ॥

बच्चे को न पढ़ानेवाली माता शत्रु तथा पिता वैरी के समान होते हैं । बिना पढ़ा व्यक्ति पढ़े लोगों के बीच में कौए के समान शोभा नहीं पता ।


## संपादकीय

# मुइज्जू का भारत दौरा

मालदीव हिंद महासागर में अत्यधिक रणनीतिक महत्व रखता है, जो अरब सागर और उससे आगे के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। मालदीव भारत की मुख्य भूमि से दक्षिण-पश्चिम तट के करीब हिंद महासागर में स्थित द्वीप समूह से बना एक देश है। मालदीव के साथ भारत के रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मालदीव के नेताओं की टिप्पणी के बाद दोनों देशों के रिश्तों में दूरियां आ गई थीं। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत दौरे से मालदीव और भारत के रिश्तों में आई कड़ुवाहट दूर करने की रणनीति सफल होती दिख रही है। सोमवार को भारत और मालदीव ने द्विपक्षीय सहयोग को 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा की। पिछली कड़वी बातों को भुलाकर मालदीव के राष्ट्रपति का आगे बढ़ना उनका कूटनीतिक यू-टर्न कहा जा रहा है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'सागर' विज़न में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। जब भी कोई संकट आया, जैसे-सुनामी या पेयजल की कमी, भारत ने मालदीव की सहायता की है। इस बीच बदले वैश्विक हालात में भारत के पड़ोसी देशों में चीन के सामरिक दखल में वृद्धि देखने को मिली है। मालदीव, भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता का केंद्र बनता दिखा। दोनों देशों के रिश्तों में हुई उथल-पुथल के चलते भारतीय सैन्यकर्मियों को मालदीव से निकालना और इंडिया आउट मोहम्मद मुइज्जू के चुनावी कैंपेन का हिस्सा रहा। इसके बावजूद भारत ने द्विपक्षीय रिश्ते को फिर से पटरी पर लाने के लिए कूटनीति प्रयास जारी रखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुइज्जू से मुलाकात की थी और पेचीदा मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया। अब भारत पहुंचने पर राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को कमजोर करने वाला कोई काम नहीं करेगा।

दरअसल मालदीव पर भारी कर्ज है। ऐसे में मालदीव को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू को इस बात का अहसास रहा कि दोनों पक्ष शांति के फायदों पर गौर करें। दोनों देशो के बीच पनपे तनाव सिर्फ उन समस्याओं के लक्षण हैं, जो बड़ी बन सकती हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि मुइज्जू की यात्रा से हमारे संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। मालदीव के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए भारत अपना हरसंभव सहयोग देता रहेगा। हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगें। वास्तव में पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप दक्षिण एशिया और आसपास की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत की इंडो-पैसिफिक सुरक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दृष्टि से द्विपक्षीय संबंधों में आया बदलाव भारत और मालदीव दोनों के लिए अच्छा है।

# गर्मी के बढ़ते दिन और परेशानियां




पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह संभलने का वक्त है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है।

वायु सेना के शो के दौरान चेन्नई में तेज गर्मी के चलते छह लोग मारे गए और 100 से अधिक बीमार हो गए । बस्तर में कभी दशहरे के पास का मौसम बहुत सुहाना होता था, आज वहां तापमान 35 के पार है और गर्मी की चुभन 40 जैसी। अभी एक हफ्ते पहले ही उत्तर पूर्वी राज्यों में सबसे भीगा और पसंदीदा मौसम कहलाने वाले समय में गुवाहाटी समेत कई जिलों में स्कूल बंद करने पड़े क्योंकि तापमान 45 से पार हो गया। उत्तराखंड में देहरादून में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और पंतनगर का अधिकतम तापमान 37.2 होना असामान्य है। कश्मीर में मौसमी तपिश लोगों को बेहाल किए है। यहां इस मौसम के तापमान से कोई 6.6 डिग्री अधिक गर्मी दर्ज की गई है और हालात लू जैसे हैं। कुपवाड़ा में 33.3, पहलगाम में 29.5 और गुलमार्ग में 23.6 तापमान असहनीय सा है। हिमाचल प्रदेश में सितंबर के महीने में जून सी गर्मी है। ऊना समेत प्रदेश के पांच जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मंगलवार को ऊना का तापमान 38 डिग्री को पार कर गया। जबकि कांगड़ा, मंडी, चंबा और बिलासपुर में भी तापमान 35 डिग्री पर पहुंच रहा है। सामान्य तौर पर सितंबर माह में हल्की सर्दी का दौर शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। शिमला में भी तापमान 28 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। जो सामान्य से कहीं अधिक है।

यह संभलने का वक्त है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है। प्लास्टिक बोतलों में बिकने वाला पानी हो या फिर आम लोगों द्वारा सहेज कर रखा गया जल, तीखी गर्मी ने प्लास्टिक बोतल में उबाल गए पानी के जहर बना दिया। पानी का तापमान बढ़ना तालाब-नदियों की सेहत खराब कर रहा है। एक तो वाष्पीकरण तेज हो रहा है, दूसरा पानी अधिक गरम होने से जल में विकसित होने वाले जीव-जन्तु और वनस्पति मर रहे हैं।




आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय या गया ही कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन , कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार करना होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जीलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, उर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।

तीखी गर्मी भोजन की पौष्टिकता की भी दुश्मन है। तीखी गर्मी में गेहूं, कहने के दाने छोटे हो रहे हैं और उनके पौष्टिक गुण घट रहे हैं। वैसे भी तीखी गर्मी में पका हुआ खान जल्दी सड़-बुस रहा है। फल-सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं। खासकर गर्मी में आने वाले वे फल जिन्हे केमिकल लगा कर पकाया जा रहा है, इतने उच्च तापमान में जहर बन रहे हैं और उनका सेवन करने वालों के अस्पताल का बिल बढ़ रहा है।

इस बार की गर्मी की एक और त्रासदी है कि इसमें रात का तापमान कम नहीं हो रहा, चाहे पहाड़ हो या मैदानी महानगर, बीते दो महीनों से न्यूनतम तापमान सामनी से पांच डिग्री तक अधिक रहा ही है। खासकर सुबह चार बजे भी लू का एहसास होता है और इसका कुप्रभाव यह है कि बड़ी आबादी की नींद पूरी नहीं हो पा रही। खासकर स्लम, नायलॉन आदि के किनारे रहने वाले मेहनतकश लोग उनींदे से सारे दिन रहते है और इससे उनकी कार्य क्षमता पर तो असर हो ही रहा है, शरीर में कई विकार या रहे है। जो लोग सोचते हैं कि वातानुकूलित संयत्र से वे इस गर्मी की मार से सुरक्षित है, तो यह बड़ा भ्रम है। लंबे समय तक एयर कंडीशनर वाले कमरों में रहने से शरीर की नस-नाड़ियों में संकुचन, मधुमेह और जोड़ों के दर्द का खामियाजा ताजिंदगी भोगना पड़ सकता है।

मार्च-24 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया है कि गर्मी/ लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। चूंकि आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते।

भारत के बड़े हिस्से में दूरस्थ अंचल तक लगातार बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक त्रासदी-असमानता और संकट का कारक भी बन रहा है। यह गर्मी अकेले शरीर को नहीं प्रभावित कर रही इससे इंसान की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, पानी और बिजली की मांग बढती है, उत्पादन लागत भी बढ़ती है ।

सवाल यह है कि प्रकृति के इस बदलते रूप के सामने इंसान क्या करे? यह समझना होगा कि मौसम के बदलते मिजाज को जानलेवा हद तक ले जाने वाली हरकतें तो इंसान ने ही की है। फिर यह भी जान लें कि प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है, कोई भी आधुनिक विज्ञान इस तरह की दिक्कतों का हाल नहीं खोज सकता।

आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय या गया ही कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन , कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार करना होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जीलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, उर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।

## प्रसंगवश

# संस्कृति के प्रति असंवेदनशील

एक ओर वे लोग हैं, जो जनता के जीवन में घुले-मिले प्रत्येक सांस्कृतिक पक्ष को झुठलाने का प्रयास करते हैं। जनता के जीवन से उलटे चलने को प्रगतिशीलता समझते हैं। जनता को हीनभावना से देखते हैं और अपने को सुपर समझ लेते हैं। खाए अघाए लोग हैं, पेट भरा है। त्योहार को देखते ही बक्कबाय लग जाती है। दूसरी ओर संस्कृति का झंडा उठाए हुए वे लोग हैं, जो संस्कृति के कुछ प्रतीकों और उपलक्षणों को ही संस्कृति समझते हैं, इसके अतिरिक्त कुछ भी सुनने और समझने को तैयार नहीं हैं। कट्टर हैं।



डॉ . राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय चिंतन उनके लिए नारा है, केवल नारा। वरना वे यह समझने की कोशिश करते कि भागवत (5-14-26) ने वित्तशाठ्य जैसी अवधारणा भी दी है- विद्वेषमेति वित्तशाठ्यात्। वित्तशाठ्य को आप आज कालेधन का नाम दें या भ्रष्टाचार कहें या घोटाला कहें, उन्होंने माना कि वित्तशाठ्य के प्रति तनिक भी सहानुभूति रखना अधर्म है। वेदव्यास ने कहा कि बहुत बडा संग्रह किया है तो इसका मतलब है कि उसने दूसरों के श्रम का अपहरण किया है। वे स्पष्ट करते हैं कि वह आदमी कितने भी बहाने बनाए, यह निश्चित ही है कि दूसरों को पीडित किए बिना बहुत बडा संग्रहःपूंजी बन ही नहीं सकती-

ना छित्वा पर-मर्माणि नाकृत्वा कर्म दुष्करं,/ ना हत्वा मत्स्यघातीव प्राप्नोति महतीं श्रियम्। (राजधर्म 14-14-14-130-36) नवधनाढ्य-वर्ग के युवा अति संपन्न देशों की बन्दर-नकल को ही संस्कृति समझ रहे हैं। जो निवेश और तकनीक हम पश्चिम से उधार ले रहे हैं, वह संपन्न-देशों की संस्कृति को साथ लेकर आ रही है और भारत की लोक संस्कृति पर हमला कर रही है? परिवार जैसी संस्था हिलने लगी है। संस्कृति को बाजार का माल बना दिया गया है। रामलीला हो या गरबा नृत्य दोनों के बाजार मेरे सामने ही सज गए हैं, दोनों को देख रहा हूं। राजनैतिक सत्ता और बाजार की सत्ता ने मिलकर अपसंस्कृति को प्रोत्साहित किया है। अपनी संस्कृति पर गर्व करने वाले देश की यह कैसी विडंबना है कि विश्वविद्यालयोंमें लोकसंस्कृति को स्वायत्त अनुशासन का दर्जा नहीं मिल सका है। जनता की संस्कृति के प्रति सभी असंवेदनशील हैं। रूढ़िवाद, प्रतिगामिता और मजहबी-उन्माद का जन्म सांस्कृतिक-शून्य में होता है।

# युद्ध जनित वैश्विक वातावरण के प्रभाव



डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

हमें यह समझना होगा कि तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियां मानव के जीवन को सुरक्षित, सुविधा युक्त और आनंद बनाने के लिए हैं।

आज विश्व में कुछ देशों के मध्य चल रहे युद्ध ने न केवल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप सम्मिलित देशों को परेशान कर रखा है अपितु विश्व के समस्त छोटे-बड़े देश चिंतित नजर आते हैं। चिंता का विषय न सिर्फ युद्ध देशों से आ रही बम, गोलों, राकेट, मिसाइल के धमाके, आग की लपटे, घना घुंआ और खंडहर होते भवन और शहर हैं, नष्ट होते पेड़-पौधे, जीव-जंतु, पशु-पक्षी हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मिटती, उजड़ती जिंदगियां हैं अपितु कराहती, रोती, बिलखती मानवता है और आहट सुनाई देती परमाणु/ विश्व युद्ध की आशंका भी है।

आज विश्व में इजराइल-हमास और रुस-यूक्रेन युद्ध अपने चरम पर दिखाई दे रहे हैं। कहने को तो यह युद्ध वन टू वन है पर धरातल पर स्थितियां कुछ अलग है। विश्व के सभी देश चिंतित और परेशान हैं। कुछ ऐसे भी देश हैं जो इन युद्धों की आग में घी डालकर इसे और भयावह बनाने के साथ युद्ध देशों में सुलह के रास्ते बंद कर रहे हैं।

जहां रूस-यूक्रेन युद्ध में युक्रेन के पक्ष में परोक्षरूप से साथ दे रहे हैं अधिकांश नाटों सदस्य देश, वहीं रूस का खुलकर साथ दे रहे हैं चीन, ईरान और नोर्थ कोरिया। इसी तरह हमास-इजराइल युद्ध में हमास का खुलकर साथ दे रहे हैं लेबनान, ईरान,यमन वहीं इजरायल को समर्थन मिल रहा अमेरिका का। कुछ देश ऐसे भी हैं जो प्रत्यक्ष तौर पर तो किसी देश का समर्थन नहीं कर रहे हैं किन्तु चोरी-छुपे युद्ध में अपना अंशदान अवश्य दे रहे हैं। इन्हीं स्थितयों के देखते हुए तीसरे विश्व युद्ध के साथ परमाणु युद्ध होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इन युद्धों ने विश्व के अधिकांश देशों का प्रगति और विकास से ध्यान हटाकर अपने अस्तित्व और सीमाओं को सुरक्षित करने के प्रयासों में लगा दिया है। इन युद्धों से निर्मित स्थितियों ने देशों को भविष्य में अपनी आन-बान-शान और सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए नए सिरे सोचना, योजनाएं बनाना, सुरक्षात्मक संसाधन जुटाना आरंभ कर दिया है। विदेश नीति को नए सिरे लिखने के लिए मजबूर कर दिया है। इन युद्धों को देख कर लगता है कि मानव के वैज्ञानिक मन ने प्रकृति, मानव और मानवता को नष्ट करने के कितने सारे अविष्कार कर रखें है। यहीं पर नहीं रुकते हुए भविष्य के लिए आज जो खतरनाक अस्त्र-शस्त्र हैं उनसे और अधिक खतरनाक अस्त्र-शस्त्र बनाने के लिए मन बना लिया है।

आज के वैश्विक वातावरण तथा परिस्थितियों से उठते कई प्रश्नों ने विश्व के शांति प्रिय, विकास और विश्वबन्धुत्व में विश्वास रखने वाले देशों की नींद उड़ा रखी है और चिंतन करने के लिए मजबूर कर दिया है कि विश्व को अशांत कर कोई भी देश कैसे खुश रह सकता है? क्या परोक्ष या अपरोक्ष रूप से युद्ध में सम्मिलित देश सच्चे अर्थों में पर्यावरण, प्रकृति और मानवता के शुभचिंतक हैं? क्या युद्धों में नष्ट हो रहे प्राकृतिक संसाधन भविष्य में आने वाली पीढ़ी के जीवन को अधिक कष्टदायक नहीं बनाएंगे? क्या जैविक विकास की प्राकृतिक प्रक्रिया बाधित नहीं होगी? क्या युद्ध के कारण तमाम बिगड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं विभिन्न नई समस्याओं को जन्म नहीं देगी? क्या अंतर्देशीय व्यापारिक मार्ग तथा व्यापार प्रभावित नहीं होगा? क्या देश अपने यहां विकास पर ध्यान देने के स्थान पर हथियारों की क्रय-विक्रय की होड़ में सम्मिलित नहीं हो जाएंगे? क्या विस्थापन और शरणार्थी संकट परेशान नहीं करेगा? ऐसे में क्या नये संघर्षों की संभावनाओं के जन्म लेने से इंकार किया जा सकता है? क्या देशों को अन्य खतरनाक हथियारों के साथ परमाणु, जैविक, रसायनिक, इलेक्ट्रॉनिक, साइबर, मानवरहित वैपन का खतरा नहीं सताएगा? क्या समाज और राष्ट्र के विभाजन के खतरे और नहीं बढ़ेंगे? क्या पोस्ट ट्रैमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के साथ मानसिक और शारीरिक बीमारियों में वृद्धि नहीं होगी? युद्ध का परिणाम केवल विकास, व्यवस्थाओं और बाह्य संरचनाओं पर ही नहीं होगा वरन मनुष्य की आंतरिक संरचनाएं भी बदल जाएंगी-उसके मन की करुणा, दया, सहयोग, सद्भाव आदि मानवीय मूल्य और गुण केवल इतिहास की बातें बन जाएंगी। जीवन भय, आशंका और असुरक्षा के साये में सिमट जाएगा। जीवन का आनंद ही समाप्त हो जाएगा। अतः हमें यह समझना होगा कि तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियां मानव के जीवन को सुरक्षित, सुविधा युक्त और आनंद बनाने के लिए हैं। अतः हर देश को अपने संसाधन और क्षेत्रफल से संतुष्ट रहना सीखना होगा तथा बड़े सक्षम और सशक्त देशों को अपने से छोटे और कमजोर देश की मदद करनी होगी तभी मानव और मानवता के साथ यह सृष्टि सुरक्षित रह सकती है।

## सोशल फोरम

# सैन्य नशा और लंबा हैंगओवर

अपने प्रतिशोध को सीमित करने के लिए ईरान का रास्ते से हटकर जाने का निर्णय इजराइल के लिए एक दुविधा का प्रतिनिधित्व करता है। इजराइल जानता है कि वह अकेले ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर नहीं कर सकता। हालांकि, इजराइल ईरान पर बड़े पैमाने पर हमला कर सकता है, ताकि नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए नेतन्याहू के अक्टूबर सरप्राइज़ के हिस्से के रूप में बिडेन और कमला हैरिस के अभियान को शर्मिंदा किया जा सके। खासकर तब जब ऐसी कार्रवाई से ईरान के जवाबी हमले को बढ़ावा मिलना तय है, जो इजराइल के नागरिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगा। एक हमला और जवाबी हमला युद्ध को गर्म चुनावी बहस के मंच पर ले जाएगा, जिससे संभावित रूप से ट्रंप को फायदा होगा और हैरिस को नुकसान होगा।



प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

ईरान में बेतहाशा तबाही मचाने की इजराइल की क्षमता के बारे में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। लेकिन अगर ईरान इजराइल द्वारा किए गए नुकसान के केवल दस प्रतिशत के साथ जवाब देने में सक्षम था, तो इजराइल के लिए विनाश बहुत अधिक विनाशकारी होगा। क्योंकि ईरान के विशाल विस्तार और संसाधनों के विपरीत, इजराइल के पास केवल एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक रिफाइनरी, मुट्ठी भर प्राकृतिक गैस रिग, कुछ बिजली संयंत्र और बंदरगाह, एक प्रमुख परमाणु सुविधा, दो प्रमुख आर्थिक शहर और मुट्ठी भर जल विलवणीकरण संयंत्र हैं। पिछले हफ्ते के युद्धाभ्यास में ईरान ने इज़राइली हवाई रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने की क्षमता का प्रदर्शन किया । अगर आईआरजीसी, लेबनानी प्रतिरोध के साथ समन्वय में, प्रत्येक प्रमुख बुनियादी ढांचे के स्थल पर केवल दस विस्फोटक उपकरण पहुंचाने में कामयाब हो जाता है, तो यह एक करारा झटका होगा, जो संभवतः इज़राइल को लंबे समय तक पंगु बना देगा। ऐसी संभावित स्थिति नेतन्याहू को उनके नशे से बाहर निकाल देगी और उन्हें लंबे समय तक नशे में रहने का एहसास कराएगी।


-फेसबुक वॉल से

# दर्दनाक आतंकी हमले का एक साल

एक वर्ष पूर्व दुनिया ने हमास के आतंकवादियों द्वारा इज़रायलियों पर किए गए भयंकर और दुर्दांत हमले को देखा था जिसमें 1200 बच्चे, महिलाएं, अधेड़ और बुजुर्ग बेवजह मारे गए थे, 250 अपृहत कर लिए गए थे। यह सब आराम से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देख रहे थे और ना उन्होंने और ना ही उनके घर वालों ने कभी स्वप्न में भी सोचा होगा कि अब ये कभी घर नहीं लौटेंगे।

ऐसी अविश्वसनीय नृशंस हत्याएं देखकर दुनिया सन्न रह गई थी। इस घटना को एक वर्ष पूरा हो गया है और इज़रायली आतंक का समूल नाश करने के अपने संकल्प से अकेले लड़ते लड़ते बिना थके सब परेशानियों के बाद अपना प्रयास अनवरत जारी रखे हुए हैं। हमास के इस आतंकवादियों को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठन हिज़्बुल्लाह और हुती ने अपना खुला समर्थन दिया और ईरान के नेतृत्व में कुछ मुस्लिम राष्ट्र भी इन आतंकवादियों को परोक्ष समर्थन देने लगे।

आतंक को समाप्त करने और स्वयं की रक्षा की भीष्म प्रतिज्ञा लिए इज़राइल के यहूदियों के मज़बूत इरादों को यह सब मिलकर भी विचलित नहीं कर पाएं हैं। एक साल के आतंक के ख़िलाफ़ भीषण जंग में इज़राइल ने बहुत हद तक हमास के आतंकियों पर हमला कर इसकी कमर तोड़ दी है, इनके कमांडर ढेर कर दिए हैं लेकिन अभी



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

इज़राइल भी ईरान का नक्शा बिगड़ने की बात कर रहा है और अमेरिका और यूरोप केनबहुटन्से देशों ने इज़राइल को समर्थन देने की बात की है।

यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं और इनको ऊर्जा हिज़्बुल्लाह और ईरान समर्थित देशों से प्राप्त हो रही है।

हमास का एक बहुत बड़ा समर्थक लेबनान में बैठा हिज़्बुल्लाह संगठन है जिसका नेता नस्रुल्लाह लगातार हमास की मदद करता रहा है और पिछले एक साल में इसने इज़रायल पर आतंकी भूख शांत करने के लिए हज़ारों मिसाइलों से इज़राइल पर हर दिन लगभग तीस हमले किए , इज़राइलियों का सुरक्षा कवच इतना मज़बूत है की ये हमले इज़राइल का कुछ बिगाड़ नहीं सके और दीपावली पर सीले हुए पटाखों की तरह फुस्स हो गए। लेकिन आतंक को समाप्त करने की फ़ौलादी इज़राइली प्रतिज्ञा इतनी मज़बूत थी की ज़मीन से सैंकड़ों फीट नीचे गड्डे में छिपे बैठे हिज़्बुल्लाह के सर्वोच्च कमांडर को वहां भी नेस्तनाबूद कर दिया ।

अपने शागिर्द की मौत के सदमे से बोखलाए ईरान के आयातुल्लाह खोमनेई ने एक ही दिन में एक ही समय पर लगभग दो सौ मिसाइलें दाग कर आतंकवाद को अपना खुला समर्थन ज़ाहिर किया एवं और हमलों की धमकी भी दे रहा है।

उधर इज़राइल भी ईरान का नक्शा बिगड़ने की बात कर रहा है और अमेरिका और यूरोप केनबहुटन्से देशों ने इज़राइल को समर्थन देने की बात की है। इज़राइल कह रहा है की ईरान पर अपनी सुविधानुसार समय और तारीख़ पर हमला करेगा इस धमकी के बाद विश्व को लगभग तीसरे विश्व युद्ध की दस्तक सुनाई दे रही है।

कुछ नहीं कह सकते क्या होगा लेकिन उम्मीद के अनुसार मुझे नहीं लगता कि आतंक के ख़िलाफ़ अपने प्रयास की सालगिरह पर इज़राइल ईरान पर कोई हमला करेगा लेकिन करेगा ज़रूर। इस आतंक के ख़िलाफ़ धर्म युद्ध की कर्मभूमि कहीं भी हो लेकिन गजवाए हिन्द के समर्थक भारत में भी नस्रुल्लाह की मौत पर फ़ातिहा पढ़कर आतंकवाद को समर्थन दे रहे हैं। यह चिंतनीय है। संयुक्त राष्ट्र संघ बिना इच्छा शक्ति का काग़ज़ी शेर दिखता है विश्व के शांतिप्रिय लोगों को सारी दुनिया से आतंक के ख़ात्मे का संकल्प लेने का दिन है सात अक्तूबर।

# बड़ी विकट स्थिति

नवरात्र महोत्सव की धूम है। कुछ राज्यों में इस त्योहार पर गरबा व डांडिया नृत्य का सामूहिक आयोजन होता है और इसे धूमधाम से मनाया जाता है। आयोजकों की यह जिम्मेदारी है, वे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें कि ऐसे धार्मिक व संवेदनशील कार्यक्रम में अवांछित तत्व न घुसें और बेहतर तो यही होगा कि परिचित/ आमंत्रित व्यक्ति ही पंडाल मे प्रवेश पाएं।

बहस तो बहुत दिनों से चल रही थी, लेकिन टीवी चैनलों पर कुछ ऐसे मुखौटा प्रेमी, विघ्नसंतोषी जीव गरबा पंडालों के आयोजन स्थल पर उपस्थित दिखे, जो गोमूत्र चखाकर हिन्दुत्व की शुद्धता परखने व तत्पश्चात पूजा पंडाल में प्रवेश के लिए हुडदंग कर रहे थे। मेरा सुझाव है कि जो भी गोमूत्र-पान पर जोर दे, आयोजन स्थल पर तैनात स्वयंसेवक व पुलिसकर्मी पहले उन्हें सार्वजनिक रूप से गोमूत्र पिलाकर उनके हिन्दुत्व को जरूर परखें और गोमूत्र की शुद्धता की गारंटी के लिए आसपास आठ दस गायें खूंटे से बांधकर रखें। इन हुड़दंगियों को इस बात की चिंता नहीं है कि आस्था के उत्सव में भाग लेने जा रहे श्रद्धालुओं की भावनाएं इस प्रकार की ओछी हरकतों से कितनी आहत होती होंगी। पवित्रता 'गो' में है, मूत्र में नही। गाय के मूत्र को भी संशोधित व परिष्कृत किया जाता है। गो शब्द अनेकार्थी है, किरण, जो अज्ञान व अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर उन्मुख करती है, इन्द्रिय जो कर्तव्य -अकर्तव्य का विवेक उत्पन्न करती है, आदि इसके पर्यायवाची हैं। अनेक लोग स्वाम्बु को शिवाम्बु कहकर सेवन करते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पुंसवन से लेकर अंतिम संस्कार तक ही नहीं, पितृपक्ष में पितरों के पूजन के कारण ही नहीं, पुनर्जन्म व चौरासी लाख योनियों में विश्वास के कारण हम सनातनी हिंदू थे, हैं और रहेंगे। इसके लिए न तो किसी के प्रमाण पत्र की आवश्यकता है और न परीक्षण की। जो इससे इतर मापदंड स्थापित करता हो, उसके हिंदू होने का परीक्षण अवश्य किया जाना चाहिए।

# तुम्हें याद हो कि न याद हो

पिछली सदी की ग़ज़ल गायिकी में एक आवाज़ ऐसी भी हुआ करती थी जैसी आधी रात किसी वीराने से आहिस्ता-आहिस्ता उठती उनींदी-सी कोई पुकार। जैसी मुहब्बत में चोट खाई हुई माशूका की दबी-सी एक चीख। जैसे फुसफुसा कर बातें करता पलकों का कोई भींगा-सा कोना। एक सबसे गीली, पुरसुकून आवाज़, एक सबसे अलग अंदाज। ग़ज़ल गायिकी की विधा को जिन कुछ फनकारों ने जान, तेवर और हुस्न बख़्शा, उनमें अख्तरी बाई फैजाबादी उर्फ़ बेग़म अख्तर सबसे प्रमुख नाम है। अच्छा साहित्य, अच्छा संगीत और पुरकशिश आवाज़ मिलकर क्या तिलिस्म पैदा कर सकते हैं, यह पहली बार बेगम साहिबा ने बताया। उनकी गायिकी से गुज़रकर हमने पहली बार जाना कि दर्द को महसूस ही नहीं, सुना भी जा सकता है। सदियों में कभी एक बार ही होता है यह जादू। पिछली सदी के तीसरे- चौथे दशक से लेकर अब तक उनकी आवाज़ देश की कई-कई पीढ़ियों की यादों, दर्द और तन्हाई का भरोसेमंद साथी रही हैं। जाने कितने लोगों ने कितनी बेचैन रातें उनकी आवाज़ के कंधों पर सर टिकाकर गुज़ारे होंगे। आज मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख्तर के यौम -ए -पैदाईश पर उन्हें खिराज़, मेरे एक शेर के साथ : जब भी कम होंगी उम्मीदें, जब भी घबड़ाएगा दिल/आपकी आवाज़ के पहलू में सो जाएंगे हम !



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

## एक नजर

### कानपुर के उमाशंकर वाजपेयी कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व कानपुर निवासी उमाशंकर वाजपेयी ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के समक्ष उन्होंने सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले समर्थकों में कुमारा वाजपेयी, अक्षय कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, मनीष श्रीवास्तव, विकास दीक्षित, आर्यन वाजपेयी, मनीष वाजपेयी, मोहम्मद अख्तर आदि शामिल रहे।

### वृंदावन और गाजीपुर में महिला शरणालय बनेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** मथुरा स्थित वृंदावन और गाजीपुर में में निराश्रित महिलाओं के लिए शरणालय बनेंगे। शक्ति सदन (होम फॉर विडोज) योजना के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग ने वृंदावन में एक हजार क्षमता के सदन संचालन के लिए दो करोड़ 42 लाख 75 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है, इसके सापेक्ष 81 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। गाजीपुर में निर्माणाधीन राजकीय महिला शरणालय के निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 29 लाख 79 हजार रुपये के सापेक्ष एक करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं, जबकि पहली किस्त के तौर पर दो करोड़ रुपये पूर्व में अवमुक्त की जा चुकी है।

### बाल सामान्य योजना के लिए मिला बजट

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के लिए बजट मिल गया है। 25 सौ पात्रों के खाते में दो दिन के भीतर राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। बाल सेवा योजना सामान्य में पात्रों को तिमाही भुगतान किया जाता है। पात्र को प्रतिमाह 25 सौ रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। वहीं, वहीं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के लिए आंशिक बजट मिला है। पात्रों को 4 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है और सहायता छमाही दी जाती है। जिले के 912 पात्रों के लिए 2 करोड़ 18 लाख 88 हजार रुपये की जरूरत है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि एक-दो दिन में बजट आ जाएगा।

# 23 पीपीएस बनेंगे आईपीएस अफसर

## 1995 व 1996 बैच के अधिकारियों की हुई डीपीसी, एक का लिफाफा रहा बंद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. पुलिस के 24 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के लिए विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक (डीपीसी) हुई। इनमें से 23 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस पद पर प्रोन्नत करने पर सहमति बनी। एक पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव की जांच लम्बित होने के कारण उनके प्रमोशन के बाबत लिफाफा बंद रखा गया है।

लोकभवन में सोमवार को साल 1995 व 1996 बैच के पीपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति के लिए लोकसेवा आयोग के सदस्य, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार की मौजूदगी में बैठक हुई। आईपीएस संवर्ग में जाने वाले इन अफसरों में बजरंग बली, डॉ. दिनेश यादव, समीर सौरभ, मो. इरफान अंसारी, अजय प्रताप, नेपाल सिंह, अनिल कुमार, कमलेश बहादुर, राकेश कुमार सिंह, लाल भरत कुमार पाल, रश्मी रानी, अनिल कुमार यादव, संजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी निवास मिश्र, राजेश श्रीवास्तव, चिरंजीव नाथ सिन्हा, विश्वजीत श्रीवास्तव, मनोज कुमार अवस्थी, अमृता मिश्रा, रोहित मिश्रा, शिवराम यादव, अशोक कुमार और दीपेंद्र नाथ चौधरी शामिल हैं। साल 1993 बैच के पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव की जांच लंबित है। इस कारण उनकी प्रोन्नति पर फैसला नहीं लिया जा सका।

### दंपत्तियों को भी मिला प्रमोशन

विभागीय प्रोन्नत समिति की बैठक में दिवाली से पहले प्रोन्नति की खुशखबरी पाने वालों के इंतजार में पुलिस महकमे के दो दंपत्ति भी रहे। इनमें से एक बाराबंकी में तैनात एडिशनल एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा और अभिसूचना इकाई में तैनात उनकी पत्नी रश्मि रानी हैं। जबकि दूसरे शाहजहांपुर में कार्यरत एडिशनल एसपी मनोज अवस्थी और स्थापना में तैनात उनकी पत्नी अमृता मिश्रा हैं।

# बृजेश नारायण बने सहकारी समितियों के प्रभारी आयुक्त

## दो आईएएस अफसरों का किया गया स्थानांतरण, नौ पीसीएस को मिली कुलसचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण करने के साथ उप्र. के 10 राज्य विश्वविद्यालयों में आईएएस (एक) व पीसीएस (नौ) अधिकारियों को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है।

आईएएस अधिकारी बृजेश नारायण सिंह को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियां उप्र. बनाया गया है। वहीं, राजेश प्रकाश को अपर आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद से प्रभारी निदेशक मत्स्य उप्र. बनाया गया है। इनके अलावा आईएएस अधिकारी राजेश कुमार अपर आयुक्त आगरा को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

**अपर आयुक्त आगरा राजेश कुमार को अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार**

पीसीएस अधिकारियों में पुष्पराज सिंह अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल को कुलसचिव प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विवि प्रयागराज का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हरिओम शर्मा अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल को कुलसचिव दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर, विजय कुमार सिंह अपर आयुक्त अलीगढ़ को कुलसचिव राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि अलीगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमोद कुमार अपर आयुक्त न्यायिक बलरामपुर को कुलसचिव मां पाटेश्वरी विवि बलरामपुर, डा. विश्राम अपर आयुक्त मिर्जापुर को कुलसचिव मां विंध्यवासिनी विवि मिर्जापुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

शशि भूषण अपर आयुक्त मुरादाबाद को कुलसचिव गुरु जंभेश्वर विवि मुरादाबाद, दुर्गेश मिश्रा अपर नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर को कुलसचिव मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विवि गोरखपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अंजू वर्मा उप श्रमायुक्त असंगठित क्षेत्र श्रम आयुक्त संगठन मुख्यालय कानपुर नगर को कुलसचिव हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि कानपुर और निरंकार सिंह अपर नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर को कुलसचिव महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि गोरखपुर का अतरिक्त प्रभार दिया है।

### कुलसचिव कॉडर के अफसरों की थी कमी

उच्च शिक्षा विभाग ने कुलसचिव कॉडर के अधिकारियों की कमी होने के चलते नियुक्ति विभाग से विश्वविद्यालयों में कुलसचिव तैनात करने का अनुरोध किया था। नियुक्ति विभाग ने इसके आधार पर यह तैनातियां की है।

# आक्रामक प्रचार व सदस्यता अभियान दिलाएगा उप चुनाव में प्रचंड बहुमत

**भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिया मंत्र**

## प्रत्याशी और बचे हुए बोर्ड व आयोग के पदाधिकारियों के चयन पर किया मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक में सोमवार को सरकार और संगठन के शीर्ष नेताओं ने 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी चयन पर मंथन के साथ विजयश्री की कार्ययोजना बनाई। साथ ही बचे हुए बोर्ड और आयोग के पदाधिकारियों के चयन पर भी चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्र दिया कि आक्रामक प्रचार और घर-घर सदस्यता अभियान से ही पार्टी को न सिर्फ उपचुनाव में बल्कि 2027 में भी प्रचंड बहुमत दिलाएगा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर हुई कोर कमेटी की बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के साथ प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत कई मंत्री शामिल हुए। प्रदेश में सदस्यता अभियान में सांसद-विधायकों, महापौर, नगर निकाय व पंचायत प्रतिनिधियों समेत सांगठनिक इकाईयों की ओर से पहले चरण में खराब प्रदर्शन चर्चा के दौरान ऐसे लोगों को चिन्हित करके दूसरे चरण में प्रेरित करने की रणनीति के साथ सख्त संदेश देने पर भी सहमति बनी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साफ संदेश दिया कि जो घर-घर जाकर लोगों को भाजपा से जोड़ नहीं सकता, वह कैसा नेता।

सदस्यता अभियान में भाजपा नेताओ-कार्यकर्ताओं की मेहनत से न सिर्फ 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में कमल खिलेगा, बल्कि 2027 में भी प्रचंड बहुमत हासिल करने का यही सबसे बड़ा आधार होगा। विपक्ष खासकर इंडी गठबंधन के नेताओं-कार्यकर्ताओं के देश समेत हर जाति-वर्ग के साथ छल-क्षद्म और सत्ता पाने के पीछे लूट-खसोट की मंशा को जन-जन में सदस्यता अभियान के जरिए पहुंचाना होगा। इसमें सरकार के प्रतिनिधि और संगठन के बीच समन्वित आक्रामक तैयारी धरातल पर दिखनी चाहिए।

### हर सीट पर तय हुए दो दावेदार

भाजपा ने अक्टूबर माह उपचुनाव की तिथियों के संभावित एलान के मद्देनजर 10 में से 9 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी को लेकर चर्चा की। गठबंधन के तहत मुज़फ़्फ़रनगर की मीरापुर सीट पर प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक दल तय करेगा। संगठन ने हर सीट पर तीन नामों की सूची प्रस्तुत की, जिसमें से एक-एक नाम सर्वानुमति से काटे गए। तय हुआ कि संगठन के नेताओं और सरकार के 30 मंत्रियों की क्षेत्रवार बनीं टीम से जीत के सभी समीकरणों पर एक और रिपोर्ट अगली बैठक में चर्चा के लिए प्रस्तुत होगी। इसके बाद प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### दांव पर भाजपा-सपा की प्रतिष्ठा

करहल, मिल्कीपुर, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर सीट पर होने वाले उपचुनाव भाजपा और सपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर है। योगी ने मिल्कीपुर और कटेहरी सीट को जिताने की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली है। वैसे 2022 के चुनाव में इन 10 में से पांच सीटों पर भाजपा जीती थी, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में खराब प्रदर्शन से पुरानी जीत दोहराना चुनौती है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 8 तारीख के बाद किसी भी दिन उपचुनाव की घोषणा हो सकती है। इसी को लेकर पार्टी स्तर पर व्यापक तैयारियां चल रही है।

# भाजपा महिला नेता ने एएलटी न्यूज के संचालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**यति नरसिंहानंद के वीडियो को तोड़-मरोड़कर वायरल करने का लगाया आरोप**

**अमृत विचार :** यति नरसिंहानंद के वीडियो को तोड़-मरोड़कर वायरल करने के आरोप में एएलटी न्यूज के संचालक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

गाजियाबाद के कविनगर थाने में सोमवार दोपहर दी गई शिकायत में भाजपा महिला मोर्चा की नेता उदिता त्यागी ने कहा कि एएलटी न्यूज के सहसंस्थापक मोहम्मद जुबैर ने 3 अक्टूबर की रात किसी कार्यक्रम का वीडियो डालकर मुसलमानों को भड़काया । इसके लिए यति नरसिंहानंद के पुराने भाषणों का जिक्र किया गया। इसके बाद 4 अक्टूबर की रात को डासना देवी मंदिर पर हजारों कट्टरपंथियों ने हमला कर दिया। जुबैर ने 5 अक्टूबर को भी यति नरसिंहानंद के कई वीडियो क्लिप पोस्ट किए। इससे पहले गाजियाबाद के लोनी में बुजुर्ग की दाढ़ी काटने के मामले में दो साल पहले भी मोहम्मद जुबैर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

उदिता त्यागी का आरोप है कि जुबैर ने भाजपा के 10 नेताओं की लिस्ट बनाते हुए उन्हें इस्लाम विरोधी घोषित किया। इस लिस्ट में यूपी के मुख्यमंत्री योगी, नंद किशोर गुर्जर और उनका नाम था। इसके बाद इन नेताओं को धमकी दी जाने लगी।

### डीजीपी को ज्ञापन देने जा रहे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष को रोका

**अमृत विचार , लखनऊ :** यति नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीजीपी को ज्ञापन देने जा रहे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को सोमवार दोपहर में पुलिस मुख्यालय के गेट पर रोक दिया गया। शौकत अली ने कहा कि हमने मुख्यालय में तैनात अधिकारी को ज्ञापन सौंप दिया है। ज्ञापन में हमने डीजीपी से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी मुठभेड़ में घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** देवरिया के तरकुलवा इलाके में स्कूल से घर जा रही छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों से रविवार देर रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। करीब 45 मिनट तक हुई मुठभेड़ में दोनों के पैर में गोली लगी। दोनों को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी के मुताबिक घायल बदमाश तरकुलवा निवासी धीरज पटेल और रितिक यादव हैं। उनके पास दो तमंचे और कारतूस मिले हैं। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। चौथे की तलाश की जा रही है। इन्होंने 4 अक्टूबर को परीक्षा देकर लौट रहीं नारायणपुर गांव स्थित एक विद्यालय की 8वीं की दो छात्राओं के साथ छेड़खानी की थी। शुक्रवार को ही एक आरोपी कार्तिक को गिरफ्तार कर लिया था। उसने रितिक और धीरज के बारे में जानकारी दी। एक आरोपी नाबालिग है। उसकी तलाश की जा रही है।

## धर्म दर्शन

# शक्ति स्वरूपा महादेवी दुर्गा



'नवरात्रों' या 'नवरात्रियों' में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। शारदीय आश्विन (क्वार) शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाने वाला दूसरा नवरात्र (नौरात) कहलाता है। शारदीय नवरात्र में तो नवो दिन अत्यंत उत्तम फलदायक हैं। इनमें भी षष्ठी (कात्यायनी का), सप्तमी(कालरात्रि का) अष्टमी (महागौरी का) तथा नवम (सिद्धिदात्री का) का संबंधित देवी का पूजन विशेष फलदायी माना गया है। चैत्र नवरात्र में बहुत से भक्त प्रतिपदा और अष्टमी को ही व्रत, उपवास, विशेष पूजन करते हैं। बंगाल की दुर्गापूजा तो अंतर्राष्ट्रीय महत्व होता है। पुरुषरुप में जिस प्रकार भगवान शिव, श्रीहरिविष्णु, व्रह्मा तथा प्रजापति आदि के रुप में परब्रह्म का ध्यान किया जाता है, उसी प्रकार स्त्री रुप में मां दुर्गा या उनके विभिन्न स्वरुपों की पूजा, उपासना और ध्यान किया जाता है। पुरुषरुप में माया और मायी को कभी एक ही तो कभी भिन्न, स्त्री-पुरूष दोनों रुपों में कल्पना की जाती है। प्रभा मंडल विहीन नटराज तथा कालिय नाग पर नृत्य करती हुई, श्रीकृष्ण मूर्ति में त्रिगुणात्मिका (सत्व, रज, तम) माया और ब्रह्म का प्रतीक परिकल्पित है। ये ही भाव अलग-अलग हर-गौरी, तथा राधा-कृष्ण आदि के रुपों में साकार किए जाते हैं। ललिता सहस्रनाम के सत्रहवें श्लोक में अंकित है,-"पुरूषं वा स्मरेर्द्देवि स्त्रीरुपं वा विचिन्तयेत्।

अथवा निष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम्।।"

अर्थात (परब्रह्म का) पुरुषरुप अथवा स्त्री रुप में ध्यान करे, या निराकार सत्-चित्त-आनन्द मात्र का ही ध्यान करे।) शक्ति मात्र होने के कारण ब्रह्म का कोई निश्चित रुप नहीं है। इसीलिए उसकी कोई लिंग या जाति भी नहीं है। रुप तो निमित्त पर आश्रित है। इस संदर्भ में विद्युत (बिजली) का उदाहरण उपयुक्त प्रतीत होता है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

हम इसके स्वरूप की निश्चित पहचान आज भी नहीं कर पाए हैं, किंतु निमित्त भेद से यह प्रकाश देती है, गर्मी देती है, ठंड प्रदान करती है, छोटे से लेकर अतिविशालकाय से लेकर छोटे यंत्रों का संचालन करती है। ब्रह्म के विषय में भी कुछ मनीषियों की धारणा कुछ ऐसी ही है। पिता का स्नेह एवं संरक्षण तथा माता का अगाध दुलार, प्यार और लालन-पालन के इच्छुक माता तथा पिता दोनों ही रुपों में ब्रह्म की उपासना कर सकते हैं।'ललिता सहस्रनाम'में ही अंयत्र कथित है:-"न त्वमब पुरुषो न चाड्.गना चित्तस्वरुपिणी षंडतापि त्वं।/ नापि भर्तुरपि ते त्रिलिंगता त्वां बिना न तदपि स्फुरेवयम्।।" "हे अमब तुम न तो पुरुष हो, न स्त्री हो और न नपुंसक। तू तो केवल चित्त मात्र है। तुम्हारे पति में भी तीनों लिंग नहीं हैं। तुम्हारे बिना उनमें स्फुरण नहीं होता है।" नमामि भवभीतो हम संसारार्णवतारिणीम।।॥१९॥" "(दुर्गा) देवी मंत्रों की माता और शब्दों का ग्यान हैं। ग्यान में भी चेतना से आगे और शून्यों मैं भी शून्य की साक्षिणी हैं। जिनसे बढ़कर कोई भी नहीं है, उनका ही अभिधान (नाम) दुर्गा है।

# स्त्री जीवन के नौ रूप हैं नवरात्र

क्या खूब कहा है किसी ने कि हर स्त्री के जीवन के नौ रूप है जिनका प्रतीक माता के नवरात्र है और जब एक स्त्री इन नौ रूपों में अपना जीवन व्यतीत करती है तो वह देवी तुल्य मानी जाती है।



ममता सोनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, कला भारती फाउंडेशन नई दिल्ली

सबसे पहले स्त्री एक पुत्री के रूप में जन्म लेती है इसलिए पहले रोग मां दुर्गा का शैलपुत्री के रूप में आता है। स्त्री जीवन का दूसरा पड़ाव ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए कुछ सीखने का है। इसलिए उसे ब्रह्मचारिणी रूप में दिखाया जाता है जिसके हाथ में ना तो कोई शस्त्र है और न ही शेर की सवारी। स्त्री के जीवन का तीसरा पड़ाव उसका विवाह है इसलिए गौरी के तीसरे रूप को चंद्रघंटा के रूप में दिखाया जाता है जहां वह पति के माथे के चांद को अपने माथे पर धारण करती है। इसके बाद जय माता बनने के लिए तैयार होती है इसलिए इस रूप को कुष्मांडा कहा गया है कूष का मतलब कॉस्मिक और अंडा संतान की उत्पत्ति का प्रतीक है। तत्पश्चात एक स्त्री मां बनती है इसलिए मां गौरी का अगला रूप स्कंदमाता है। फिर शुरू होती है उसकी आंतरिक यात्रा और वह अपने बाहरी एवं भीतरी संघर्षों से लड़ती है तभी गोरी के रूप को कात्यायनी कहा गया है अर्थात महिषासुर को मारने वाली यह महिषासुर एक स्त्री के भीतर एवं बाहरी संघर्षों का प्रतीक है। और जब वह इन सब संघर्षों पर विजय पा लेती है और सामाजिक बंधनों को तोड़ देती है तो वह कालरात्रि बन जाती है। ऐसा करके जब वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनती है तो एक महान स्त्री होती है इसलिए गौरी के इस रूप को महागौरी कहा गया है। दूसरों को प्रेरणा के साथ-साथ जब वह समाज एवं अन्य स्त्रियों के उत्थान का कार्य करती है और अपने को सिद्ध कर देती है तो वह सिद्धिदात्री कहलाती है। यही है एक नारी के जीवन के रूप।

## वर्ग पहेली-215

**बाएं से दाएं**

3.1.एक तरह की कस्तूरी 2.एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5.1.जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2.तुच्छ, नीच, अधम 3.जिसकी बेकद्री की गई हो।

7.ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8.1.अंतिम, आख़िरी, चरम 2.निर्णायक


**ऊपर से नीचे**

1.1.ज़मीन, भूमि 2.देश, मुल्क 3.पृथ्वी, धरा 4.पेशबंदी 5.गज़ल की रदीफ़।

2.दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू; ओक, अंजुरी, अंजलि।

4.वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6.1.बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने




### वर्ग पहेली -214 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | ■ | ■ | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | ■ | ■ | ■ | ड़ि | ■ |
| र | ■ | ■ | 4 द | हा | ना |
| ■ | 5 ए | का | हा | र | ■ |
| ■ | का | ■ | ड़ | ■ | 6 झाँ |
| ■ | धि | ■ | ■ | ■ | ई |
| ■ | 7 क | चा | यँ | ध | ■ |

## सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | 5 | | 9 | | |
| 7 | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 1 | 5 | | 3 |
| | | 8 | | | 9 | | 3 | |
| | 2 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 7 | | | 6 | | |
| 9 | | 3 | 1 | | | 2 | | |
| | 5 | | | | 6 | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 2 | 5 | | 8 | |

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :8 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 11.17 तक तत्पश्चात पष्ठी।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में आपको नई-नई उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। सरकारी कार्य रुक सकते हैं। समाज में आपको परेशानी उठानी पड़ेगी। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। आपको ईर्ष्यालु व्यवहार से आपको बचना चाहिए।

**वृष:** आज आपकी दबी हुई प्रतिभा लोगों के सामने निखर कर आयेगी। आपको व्यवसाय में बड़ा लाभ मिल सकता है। परिवार के साथ आपके शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। शेयर मार्केट में बहुत बड़ा निवेश करने से पहले सावधानी रखनी चाहिए।

**मिथुन:** आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। निम्न रक्तचाप के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। दूसरों के मन की बातें आप समझ लेंगे। किसी विशेष मुद्दे को लेकर मित्रों से झगड़ा हो सकता है। बदलते मौसम को लेकर अपना बचाव करें।

**कर्क:** आज आप अपने लक्ष्य को लेकर थोड़े कन्फ्यूज़ हो सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आप थोड़े चिन्तित रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को जॉब के नए ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज व्यापार में कर्ज न लें वरना चुकाने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। आज अत्यधिक काम के कारण आपको थकान हो सकती है। फेफड़ों में संक्रमण की समस्या हो सकती है।

**कन्या:** आज अधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहने वाले हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की संभावना प्रबल है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद प्राप्त होगा। आपको आलस्य से बचना चाहिए। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व करेंगे। आपको सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। संतान के भविष्य की चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज आप हर कार्य आत्मविश्वास के साथ करेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का प्रमोशन हो सकता है। समाज में आपकी छवि काफी मजबूत होगी। आयात-निर्यात के व्यवसाय से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी की सलाह आपको काफी काम आने वाली है।


**धनु:** आज माइग्रेन के रोगियों को आज धूल और धूप से बचना चाहिए। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। आपको पुराने संपर्को के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। किसी की भी गारण्टी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से शुभ है। प्रेमी जन को आप काफी समय देंगे। परिवार की समस्याओं का समाधान होगा। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। विवादित मामलों का निपटारा होगा। विदेश से शिक्षा और नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ:** आज शोधकार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जा सकते हैं। अनजान व्यक्तियों पर ज्यादा विश्वास न करें। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**मीन:** आज परिजनों से आप विशेष महत्व की अपेक्षा रखेंगे। लेकिन दूसरों की भावनाओं को भी समझें। अधिकारियों का व्यवहार आपको दु:ख पहुंचा सकता है। धर्म-चिंतन और अनुष्ठानों में आपकी रुचि हो सकती है। नए कार्यों को लेकर आत्मविश्वास की कमी महसूस हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 9 अक्टूबर 04.08 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
इंसानियत — सुबह : 09.00
आग ही आग — शाम : 06.00

**Sony Pix**
जर्नी 2 — सुबह :09.56
वेनम — शाम : 05.33

**&pictures**
परमाणु — सुबह :08.14
विवाह — रात : 07.30

**Zee Cinema**
सिर्फ तुम — सुबह : 07.35
सिंघम — रात : 07.30

**Zee Action**
किस्मत — सुबह : 10.38
एनकाउंटर सरकार — शाम : 04.45

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू ने अपनी पत्नी सोनी से पूछा :नवरात्रि का व्रत रखा है क्या?
पत्नी : हां जी!
सोने : फिर कुछ खाया की नहीं?
पत्नी :जी पर कुछ खास नहीं...
सोने :फिर भी क्या खाया, बताओ तो?
सोनी सुबह सुबह चाय ली थी, फिर अनार, आलू टिक्की, साबूदाने की खीर बस।

रमन यार चमन, जिस तरह इस बार नवरात्रि में बारिश हो रही है,
मुझे तो समझ नहीं आ रहा है कि,
इस बार दशहरे पर रावण जलेगा कैसे?
चमन-अरे यार, इस बार रावण जलकर नहीं डूबकर मरेगा... समझें।
हा...हा...हा...

## एक नजर

### तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा गया शातिर

**सरीला(हमीरपुर)।** जरिया थाना पुलिस ने क्षेत्र के दांदौ तिराहा से कस्बा निवासी ओमप्रकाश उर्फ ओमी को अवैध देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष जरिया भरत कुमार ने बताया कि इसके विरुद्ध सात मामले दर्ज हैं। उसे ऑपरेशन ईगल के तहत अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्या, हेड कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह, कांस्टेबल अरविंद कुमार मौजूद रहे।

### रंजिश में लाठी से हमला कर किया घायल

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मवई जार गांव में रंजिश के चलते लाठी से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को सीएचसी छानी में भर्ती कराया है। मवई जार निवासी संतोष पुत्र विश्वनाथ ने थाने में दी तहरीर में बताया कि दयाराम पुत्र जगन्नाथ उससे अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर पुत्री संध्या के आकर बीच बचाव किया तो उस पर भी वार करने से गंभीर चोट आ गई हैं। संतोष को पुलिस ने छानी सीएचसी में डाक्टरी परीक्षण कराया है। एसआई मनोज कुमार ने बताया कि दयाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### किशोरी से छेड़खानी पर मुकदमा दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के एक गांव में हैंडपंप से पानी भरकर घर जा रही 16 वर्षीय किशोरी के साथ युवक ने छेड़खानी की। पीड़ित पिता ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने दी तहरीर में बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री रविवार की शाम करीब 4 बजे हैंडपंप से पानी भरकर घर आ रही थी। तभी रास्ते में विमल निषाद पुत्र भूरा उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा। जब पुत्री ने शोर मचाया तो मारपीट करने लगा। वहीं पड़ोसियों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विमल निषाद के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

### बंदर की हत्या में एक आरोपी गिरफ्तार

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बे में फल विक्रेता द्वारा बंदर की हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कस्बे के लालमन पुलिया के पास शनिवार की शाम दो मुस्लिम युवको ने लाठी डंडे से बंदर की हत्या कर दी थी। जिससे नाराज बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर की थी और राजा व गुलाम रसूल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सोमवार को राजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### जिलाधिकारी से समस्याओं के निस्तारण की मांग

**हमीरपुर।** लेखपाल संघ ने विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी से सम्बोधित पंद्रह सूत्री मांग पत्र अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। लेखपाल संघ ने योगेंद्र प्रसाद पटेल के नेतृत्व में दिए मांग पत्र में कहा कि लेखपालों को नियत यात्रा भत्ता एरियर सौ रुपये प्रति माह जनवरी 2020 से अब तक संलग्न शासनादेश के अनुसार दिलाने, क्रॉप कटिंग का मानदेय शीघ्र दिलाने, लंबित मानदेय दिलाने, दिसम्बर सन् 2016 में प्रोन्नत लेखपाल व मृतक आश्रित लेखपालों को प्रशिक्षण दिलाने सहित पंद्रह सूत्री मांग की है। इस दौरान डॉ प्रदत्त कुमार, अशोक कुमार, दिलीप पाठक, महेंद्र कुमार, अभिषेक गुप्ता सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

### शासन ने हमीरपुर जिले को विभिन्न क्षमता के 690 सोलर पंप का दिया लक्ष्य

# सोलर पंप के जरिए किसान चला सकेंगे निजी नलकूप

**पीएम कुसुम योजना**

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** निजी नलकूपों को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए कृषि विभाग किसानों को अनुदान पर पीएम कुसुम योजना के जरिए सोलर पंप लगाने को प्रेरित कर रहा है। इसको लेकर किसान आनलाइन आवेदन कर रहे हैं। इस योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में 690 लक्ष्य निर्धारित है। कृषि विभाग की ओर से विभागीय वेवसाइट www.upagriculture.com जारी की गई है। किसी भी जानकारी के लिए कृषि विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

जिले में किसानों को विभागीय पोर्टल पर विभिन्न क्षमता के सोलर पंप के लिए आनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में 690 निजी नलकूपों में कृषि विभाग को अनुदान पर सोलर पंप लगवाने हैं। इनमें किसानों ने ही योजना का लाभ लेने के लिए आनलाइन आवेदन किए हैं। उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि शासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6900 सोलर पंप का लक्ष्य दिया है। इसमें अभी तक जिन किसानों ने ऑनलाइन बुकिंग की हैं।

वह ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के उपरांत टोकन मनी के रूप में उन्हें पांच हजार रुपये ऑनलाइन जमा कर दें। चालान के माध्यम से अवशेष कृषक अंश की धनराशि 14 दिन के अंदर इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी।

बताया कि सत्र 2024-25 में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 110 प्रतिशत सीमा तक ऑनलाइन बुकिंग लक्ष्य समाप्त होने तक विभागीय वेवसाइट www.upagriculture.com पर अनुदान पर सोलर पंप के लिए बुकिंग की जाएगी।

**विभिन्न क्षमता के सोलर पंप पर एक नजर (धनराशि रुपये में)**

| प्रकार व क्षमता | निर्धारित मूल्य | अनुदान |
|---|---|---|
| 2 एचपी डीसी-एसी सर्फेस | 171716 | 103030 |
| 2 एचपी डीसी-एसपी समबर्सिवल | 171716 | 103030 |
| 3 एचपी डीसी समबर्सिवल | 232721 | 139633 |
| 3 एचपी एसी समबर्सिवल | 230445 | 138267 |
| 5 एचपी एपी समबर्सिवल | 327498 | 196499 |
| 7 .5 एचपी एसी समबर्सिवल | 444094 | 266456 |
| 10 एचपी एसी समबर्सिवल | 557620 | 266546 |

**क्रियाशील बोरिंग अनिवार्य**

- तीन एचपी एवं पांच एचपी के लिए छह इंच तथा 7 .5 एवं 10 एचपी के लिए आठ इंच की क्रियाशील बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग कृषक की खुद की होगी। सत्यापन में उपर्युक्त बोरिंग न पाए जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। 150 फीट की गहराई के लिए तीन एचपी व 200 फिट की गहराई के लिए पांच एचपी एवं 300 फीट तक की गहराई के लिए 7 .5 एचपी व 10 एचपी के सोलर पंप उपयुक्त होते है। कृषक द्वारा सोलर पंप स्थापित होने के पश्चात स्थल परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यदि स्थल परिवर्तन किया जाता है तो संपूर्ण अनुदान की धनराशि संबंधित किसान से वसूल कर ली जाएगी। उन्होंने किसानों से कहा है कि अधिक से अधिक टोकन की बुकिंग कर योजना का लाभ उठाएं। कहा कि पीएम-कुसुम योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सोलर पंप के लिए ऑनलाइन कृषकों का आवेदन विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। कहा कोई समस्या आने पर कृषि भवन में संपर्क करें।

## तालाब में डूबे बालक की मौत

**मौदहा।** बच्चों के साथ खेल रहे बालक की चप्पल तालाब में चली जाने पर उसके सीढ़ियों से उतरने पर डूबकर मौत हो गई। परिजन उसे तालाब से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजन दहाड़ मारने लगे और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

क्षेत्र के घटकना गांव निवासी अधिराज सिंह (4) पुत्र अजीत सिंह बच्चों के साथ खेलते-खेलते तालाब में चप्पल चली जाने पर सीढिय़ो से उतरकर निकालने लगा। तभी वह पानी में समा गया। उसके हम उम्र बच्चों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन अधिराज सिंह बेटे को पानी से निकालकर कस्बे की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन रोने लगे। प्रधान प्रभात यादव ने बताया कि अजीत के छोटे लड़के की तालाब में डूब कर मौत हो गई। जिसका परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने जानकारी होने से इनकार किया है।

## पॉलिटेक्निक के छात्र छात्राओं का फूटा गुस्सा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- कॉपियां गलत चेक करने व रीचेकिंग के नाम पर अवैध उगाही का लगाया आरोप
- एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव में स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने कॉपियां गलत चेक कर बैक लगाने एवं री चेकिंग के नाम पर प्रति कॉपी के हिसाब से पांच पांच सौ रुपये की अवैध वसूली करने का आरोप लगाते उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद के विरोध में तहसील परिसर में नारेबाजी की। उन्होंने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंप कर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है।

सरसई गांव स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र छात्राओं ने तहसील पहुंचकर नारेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन पर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने और उन्हें मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि बताया कि उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद के द्वारा विभिन्न तरीकों से उनका उत्पीड़न कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उनकी कॉपियां गलत ढंग से चेक की जा रही हैं और जानबूझकर छात्र-छात्राओं को कम नंबर देकर उनकी बैक लगाई जा रही है। साथ ही री चेकिंग के नाम पर प्रति कॉपी के हिसाब से पांच पांच सौ रुपये की अवैध वसूली की जा रही है।

उन्होंने एसडीएम से कॉपियों को सही तरीके से निष्पक्षता के साथ चेक कराने एवं कॉपियों की निशुल्क रीचेकिंग के अलावा उनकी कॉपियों को उन्हें दिखाए जाने और फिर दोबारा चेक करने की मांग की है। इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्र साकेत त्रिपाठी, आदित्य कुमार यादव, छात्रा सिमरन साहू, अंजली, संदीप शर्मा, प्रभात कुमार, नितेश गुप्ता, रोहित, हरिओम, विकास, प्रिंस, हर्षित पटेल, निखिल, उमंग पाल व वकील अहमद सहित अन्य तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


डीएम बनी छात्रा प्रियंका जिलाधिकारी के साथ। अमृत विचार

## मिशन शक्ति में जिले की मेधावी छात्रा बनाई गई एक दिन की जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत एक दिन की जिलाधिकारी थीम के तहत इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियंका को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने एक दिन का जिलाधिकारी बनाया। जिसमें छात्रा ने लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन डॉ अब्दुल कलाम सभागार में किया गया। सगुणा इंटर कालेज कुरारा की 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली इंटरमीडिएट की छात्रा प्रियंका निवासी ग्राम भौली को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया।

## श्रद्धालुओं ने की स्कंदमाता की पूजा

**नवरात्र**

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन भक्तों ने मां के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की आराधना की। शक्तिपीठ मां चौरा देवी मंदिर में तड़के ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं घरों में हवन-पूजन व सुंदरकांड पाठ के अलावा कन्या भोज के आयोजन कराए गए। दुर्गा पंडालों में बज रहे भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय रहा। रात में पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

नवरात्र में शहर की चौरादेवी व गौरीदेवी समेत सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। सोमवार को मां के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना हुई। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। उधर शहर के रमेड़ी तिराहा, आदर्श नगर, विवेक नगर, देवादास मंदिर, कांशीराम कालोनी सहित अन्य देवी पंडालों में पूजा के साथ मां के जयकारे लगाए गए। यहां होने वाली सुबह शाम की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। कांशीराम कालोनी, पुराना बेतवा घाट, देवादास मंदिर आदि पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने भक्तों की भीड़ रही। चौरादेवी मंदिर परिसर में सुरक्षा में तैनात कोतवाली एसआई जागृति कटियार ने मिशन शक्ति के महिलाओं को जागरूक भी किया।


चौरा देवी मंदिर में पूजा अर्चना करती महिलाएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### तेज़ रफ्तार ट्रक से बाइक की भिड़ंत, एक की मौत, साथी घायल


पंकज।

**मौदहा (हमीरपुर)।** खेत में काम कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार दो किसानों की तेज रफ्तार ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक ट्रक के नीचे फंसने से 20 मीटर दूर तक घसीटता हुआ अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गया। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। सोमवार को देर शाम खेत में काम कर बाइक से वापस घर लौट रहे पंकज यादव (30) पुत्र राजबहादुर निवासी चमरखन्ना व जय करन यादव (30) निवासी रैपुरा थाना सुमेरपुर को कानपुर सागर हाईवे पर गहबरा चौकी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। जिससे बाइक ट्रक के नीचे फंस गई तथा ट्रक 20 मीटर दूर तक घसीटता हुआ अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस व एंबुलेंस ने रेस्क्यू करना शुरू कर दिया। पंकज यादव की मौके पर मौत हो गई। जबकि जयकरन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से कस्बे की सीएचसी पहुंचाया।

### प्रोजेक्ट अलंकार से माध्यमिक विद्यालयों का होगा जीर्णोद्वार

**हमीरपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट अंलकार योजना से कराया जाएगा। इसको लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बैठक में संयुक्त टीमें भेजकर निरीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों का चयन शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार ही किया जाए। इसमें विद्यालयों की पात्रता का भली भांति परीक्षण करे। साथ ही संबंधित विद्यालयों के जरूरी अभिलेखों की भी जांच कर ली जाए। कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत संबंधित विद्यालयों का संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण अवश्य किया जाए। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### साधु वेशधारी शातिर ने दुकानदार को ठगा, पब्लिक ने दबोचा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के एक दुकानदार को सम्मोहन विद्या से प्रभावित करने वाले साधु वेशधारी शातिर को लोगों ने दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दुकानदार के रुपये वापस कराकर साधू को थाने से भगा दिया। सोमवार को दोपहर एक भगवाधारी साधु ने सम्मोहन विद्या से कस्बे के दुकानदार को प्रभावित करके हजारों रुपये ठग लिए और मौके से चला गया। साधु वेशधारी ठग के जाने के बाद दुकानदार को ठगे जाने का एहसास हुआ तो उसने शोर मचाया। शोर सुनकर एकत्र हुए दुकानदारों ने बाजार की तरफ जा रहे साधु वेशधारी ठग को दबोच लिया और थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द किया। बाद में पुलिस ने दुकानदार के रुपये वापस कराकर साधु वेशधारी ठग को हिदायत देकर थाने से भगा दिया। यह प्रकरण बाजार में चर्चा का विषय बना रहा।

### ग्रामीणों ने की भटपुरा से जमरेही तक सड़क निर्माण की मांग

**हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड के ग्राम पंचायत भटपुरा के ग्रामीणों ने जमरेही गांव तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा है। भटपुरा प्रधान सरोजकान्ती के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि उनके जमरेही गांव तक जाने वाली रोड लगभग 25 वर्ष पूर्व आधी अधूरी पक्की सड़क बनवाई गई थी। तबसे इस मार्ग में कोई मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है। बताया कि जमरेही गांव में प्राचीन काली माता का मंदिर है। बारिश के मौसम इस मार्ग में स्थानीय लोगों व बच्चों को विद्यालय जाने के लिए इसी कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं इस मार्ग एम्बुलेंस न पहुंच पाने से बीमार व्यक्ति को दम तोडना पड़ जाता है। उन्होंने भटपुरा से जमरेही मार्ग में पक्की सड़क निर्माण की मांग की है। इस दौरान हंसराम, रामभरोसे, रमाकांत, वीर सिंह, घनश्याम, बाबू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

### सड़क किनारे शव मिलने से मचा हड़कंप

**हमीरपुर।** सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत होने की आशंका जताई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीबाई तिराहे के पास सोमवार को सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। जिसकी स्थानीय लोगों समेत राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि शव देखने में लगता है कि अज्ञात वाहन की टक्कर युवक की मौत हुई है। शव की पहचान के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रयास किए जा रहे हैं। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

### गाजे-बाजे से घर लाए पुत्री, नाम रखा महिमा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नवरात्र पर्व पर चार कन्याओं ने जन्म लिया। इनके घरों में जश्न का माहौल है। लोग इनको देवी आशीर्वाद मान रहे हैं। कस्बे के व्यापार मंडल अध्यक्ष को भी पुत्री रत्न की प्राप्त होने पर उसका नाम महिमा रखा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लक्ष्मी पत्नी महेश गुप्ता सुमेरपुर, सजनी पत्नी अभय कुमार देवगांव, अर्चना पत्नी अमित नामदेव टेढ़ा, सविता पत्नी चंद्रराज सुमेरपुर को नवरात्र में पुत्री की प्राप्ति हुई है। सभी लोग इसको देवी मां का प्रसाद बताकर खुशी जता रहे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू को दो पुत्रों के बाद पुत्री की प्राप्ति हुई है। इनके पूरे परिवार में जश्न का माहौल है। यह अस्पताल से जच्चा बच्चा को गाजे बाजे के साथ घर तक लेकर आए और उसकी आरती उतारकर घर में प्रवेश कराया। इन्होंने पुत्री का नाम महिमा रखा है। पुत्री के जन्म से पूरा परिवार आनंदित है।

### शार्ट शर्किट से लगी आग से खंडहर बना मकान

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के झलोखर गांव में मजदूर के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आया गैस सिलेंडर भी फट गया। इससे घर की टीनशेड उड़ गई और मकान धराशायी हो गया। थानाक्षेत्र के झलोखर गांव निवासी कल्लू खंगार मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार रात करीब 8 बजे वह परिवार सहित भुइयारानी मंदिर प्रांगण में देवी आरती में शामिल होने गया था। वहीं करीब साढ़े 8 बजे शार्ट सर्किट से कल्लू के घर में आग लग गई।

## कार्यदायी संस्था ने शुरू कराया उखाड़ी गई सड़क का कार्य

**खबर का असर**

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** करीब डेढ़ माह पूर्व सुमेरपुर एवं देवगांव के मध्य सीसी मार्ग खराब होने के बाद मरम्मत के लिए उखाड़ कर छोड़ देने की खबर प्रकाशित होने के बाद कार्यदायी संस्था ने सोमवार से कार्य प्रारंभ कराया है। इससे राहगीरों ने राहत की सांस ली है।

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के पैतृक गांव तक 2 वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी ने सीसी मार्ग का निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से शुरू कराया था। यह मार्ग पिछले वर्ष ही बनकर तैयार हुआ था। इसी बीच घटिया निर्माण के चलती यह सुमेरपुर देवगांव के मध्य जगह-जगह खराब होकर बड़ी-बड़ी दरारों में तब्दील हो गया था।

घटिया निर्माण की खबर प्रकाशित होने पर पीडब्ल्यूडी की फटकार के बाद कार्यदायी संस्था ने 10 अगस्त से क्षतिग्रस्त हिस्से को तोड़ना शुरू किया था और उसको बगैर कार्य कराये ही छोड़ दिया था। इससे आए दिन राहगीर परेशान हो रहे थे। साथ ही साथ चुटहिल होकर घायल हो रहे थे। इस खबर को जब प्रमुखता से प्रकाशित किया गया तब सोमवार से कार्यदायी संस्था ने कार्य शुरू कराया है। पत्योरा के अरविंद निषाद, देवगांव के जितेंद्र खरे आदि ने कहा कि निर्माण पूर्ण होने से राहगीरों को आने-जाने में सहूलियत होगी।


मौके पर पहुंच गई निर्माण संबंधी मशीन। अमृत विचार

## लोकलाज के भय से नवजात बच्ची को फेंका

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- राहगीरों ने यूपी 112 पुलिस की मदद से बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया

**अमृत विचार।** कस्बे के सैना रोड पर एक नवजात बच्ची को सड़क किनारे फेंके जाने का मामला सामने आया है। नवजात बच्ची को राहगीरों ने डायल 112 पुलिस के माध्यम से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। नवजात बच्ची के मिलने से इलाके में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। ।

कस्बे के सैना रोड पर सुबह सड़क किनारे नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुनकर लोगों में सनसनी फैल गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने नवजात बच्ची को उठाकर यूपी 112 पुलिस के माध्यम से उसे कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। इस घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। राहगीरों का कहना है कि किसी महिला ने लोक लाज के भय से अपनी नवजात बच्ची को सड़क किनारे फेंक दिया है। कुछ लोगों का मानना है कि समाज में बढ़ती असमानता और लोकलाज के भय से लोग इस तरह का कदम उठा रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कुछ कदम उठाने चाहिए। पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अखिलेश कुमार ने बताया कि बच्ची फिलहाल स्वस्थ है। लेकिन उसका वजन कम होने से उसे पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के माध्यम से जिला चिकित्सालय भेजा जा रहा है।

**अभियान** लोगों को हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने के बारे में दी जानकारी

## मलिन बस्ती के लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मलिन बस्ती जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रह्मानंद महाविद्यालय रोड सेफ़्टी क्लब के तत्वावधान में एनएसएस, रोवर्स रेंजर्स एवं अन्य छात्र छात्राओं ने चरखारी रोड बंबी स्थित बस्ती में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ने सभी से वाहन को संभाल कर चलाने को कहा। कहा कि दोपहिया वाहनों पर दो लोगों को ही बैठना चाहिए एवं दोनों लोगों को हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए। प्रोफेसर हल्के प्रसाद ने सभी को हेलमेट पहनने, इंडीकेटर का उपयोग करने एवं सड़क पर बाए चलने की सलाह दी। प्रोफेसर डॉ.नरेश कुमार सिंह ने कहा कि धीमे चले, सुरक्षित चले। बच्चों को बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाना चाहिए। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.जितेंद्र सिंह ने बस्ती के लोगों के साथ संवाद स्थापित कर बहुत ही सुंदर ढंग से सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि वाहन को कभी भी ओवरटेक नहीं करना चाहिए। डॉ.आरबी शर्मा ने कहा कि हम सभी को हाईवे पर चलते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए एवं उनका पालन करना चाहिए। डॉ.शीला सिंह ने महिलाओं को बताया कि दो पहिया वाहन पर बैठते समय अपने कपड़ों को लेकर सचेत रहें।

डॉ.दुर्गेश पटेल (कार्यक्रम अधिकारी) ने बताया कि सड़क पर प्रतीक चिन्हों को ध्यान में रखकर ही वाहन चलाए। अंत में सभी को सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ.अरुण कुमार सिंह, घनश्याम सिंह, अनिल सैनी, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गोविंद सिंह, कैलाश चंद्र, राजेश चौरसिया, मुकेश कुमार, मनीष आर्य एवं ब्रजकिशोर आदि उपस्थित रहे।


मलिन बस्ती में महिलाओं को जागरूक करती छात्राएं। अमृत विचार

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, 4 घायल

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बे में अलग अलग दो स्थानों में हमीरपुर कालपी हाईवे में आमने सामने बाइकों की भिड़ंत होने पर चार लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सोमवार को कालपी हमीरपुर हाईवे पर लालमन पुलिया के पास दो बाइकें आमने सामने भिड़ गईं। जिसमें संजय (26) निवासी आटा जालौन, सरोज (50) निवासी कुंडौरा घायल हो गए। वहीं कालपी हमीरपुर हाईवे में ही कस्बा के मनकी तिराहे में दो बाइकें आमने सामने भिड़ गईं। जिसमें रोहित (18) निवासी बड़ागांव जालौन व संयोग (18) निवासी बिलौटा घायल हो गए। चारों घायलों को सीएचसी लाया गया।

# प्रियांशी ने जिलाधिकारी बनकर सुनीं लोगों की समस्याएं

## मिशन शक्तिः 1 दिन के लिए अधिकारी बनीं बेटियां, सीडीओ, एसडीएम और बीडीओ की कुर्सी पर बैठीं छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रशासन के लिए सोमवार का दिन अनूठा था। सरकार की पहल पर जिले के सभी प्रमुख अधिकारियों की कुर्सी पर बेटियों ने बैठकर मिशन शक्ति का नया अध्याय लिखा। लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। इनके आत्मविश्वास को देखकर ऐसा नहीं लगता था कि ये पहली बार इस कुर्सी पर बैठी हैं। सभी ने अपने कार्य व्यवहार से भविष्य की उम्मीदें भी जगाईं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी की कक्षा 12 की छात्रा प्रियांशी पांडेय एक दिन की जिलाधिकारी बनीं। बगल में बैठकर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने प्रियांशी को प्रशासन की बारीकियां समझाईं। जिलाधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने, उनको सशक्त बनाने के लिए एक दिन के लिए अधिकारी बनाया गया है। यह पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाया गया अभियान है। प्रियांशी ने जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को इनके निस्तारण के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा मौजूद थे।


जिलाधिकारी के साथ बैठीं एक दिन की जिलाधिकारी प्रियांशी।

**12** वीं की छात्रा, पढ़तीं हैं राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी में

- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने प्रशासन की समझाईं बारीकियां


सीडीओ के साथ एक दिन की सीडीओ मंजू।

### मुख्य विकास अधिकारी बनीं छात्रा मंजू

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिवरामपुर की छात्रा मंजू देवी मुख्य विकास अधिकारी की कुर्सी पर बैठीं। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए एक दिन का अधिकारी बनाया गया है।


उप जिलाधिकारी के साथ बैठीं एक दिन की एसडीएम मानिकपुर वंदना। अमृत विचार

### एक दिन की एसडीएम मानिकपुर बनीं वंदना

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** नवरात्र में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की मंशा से मिशन शक्ति के तहत सोमवार को छात्राओं को एक दिन का अधिकारी बनाया गया। इसके तहत जीजीआईसी 12वीं की छात्रा वंदना देवी को एक दिन का एसडीएम बनाया गया। उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा के साथ वंदना ने जनसमस्याएं सुनीं और निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।


एसडीएम के साथ बैठीं एक दिन की एसडीएम मऊ गुनगुन।

### गुनगुन ने संभाला एसडीएम मऊ का चार्ज

मऊ तहसील में नवरात्र में महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत कोल मजरा राजकीय विद्यालय बरगढ़ की 12वीं की छात्रा गुनगुन विश्वकर्मा को एसडीएम बनाया गया। गुनगुन ने भी शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।


उप जिलाधिकारी के साथ एक दिन की एसडीएम राजापुर सौम्या।

### जीजीआईसी की छात्रा सौम्या बनीं एसडीएम

**राजापुर (चित्रकूट)।** एक दिन के लिए उप जिलाधिकारी बनीं जीजीआईसी की छात्रा सौम्या कालेज की प्रवक्ता शशी मिश्रा व दीपिका वर्मा के साथ नियत समय कार्यालय पहुंची, जहां उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जन सुनवाई के दौरान विश्वनाथ शुक्ल ने जमीन संबंधी प्रार्थनापत्र एक दिन की उप जिलाधिकारी सौम्या मिश्रा को दिया।


एसडीएम के साथ एक दिन की एसडीएम सदर सारिका।

### सारिका बनीं एसडीएम सदर

चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी की कक्षा 12 की छात्रा सारिका गुप्ता एक दिन के लिए एसडीएम सदर बनीं। उन्होंने सोमवार सुबह जनसुनवाई में समस्याएं सुनीं और लगभग एक दर्जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया। एसडीएम सदर पूजा साहू ने आशा जताई कि प्रदेश सरकार की यह पहल बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। इससे बालिकाओं की हिचक दूर होगी, उनका आत्मबल बढ़ेगा।

# बीडीओ बनी राधा ने किया स्थलीय निरीक्षण


घुरेटनपुर से आए लोगों की समस्याएं सुनतीं राधा। अमृत विचार


कालूपुर पाही में तालाब का मुआयना करतीं एक दिन की बीडीओ राधा। अमृत विचार

**चित्रकूट।** कस्तूरबा विद्यालय शिवरामपुर की कक्षा आठ की छात्रा राधा पांडेय ने विकास खंड कार्यालय में एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी सदर का कार्यभार संभाला। राधा ने आवासों की सूची मांगी और ग्राम विकास अधिकारियों को फटकार लगाई। शिकायत करने पहुंचे घुरेटनपुर के दिव्यांगों की आवास संबंधी शिकायतें जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। बाद में राधा ने पाही गांव में तालाब का निरीक्षण किया इस दौरान तालाब क्षेत्र में गंदगी को देखकर उन्होंने यहां साफ-सफाई करवाने के निर्देश भी दिए।। दौरान खंड विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह, खंड शिक्षाधिकारी अतुल दत्त तिवारी, सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र यादव, वरिष्ठ लिपिक जागेश्वर बाबू, एडीओ कोआपरेटिव नीरज, ग्राम विकास और पंचायत अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।


पहाड़ी ब्लाक कार्यालय में लोगों की दिक्कतें सुनतीं एक दिन की बीडीओ कोकिला।

### कोकिला ने संभाला बीडीओ पहाड़ी का जिम्मा

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा कोकिलाराज सोमवार को एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी बनीं। लोगों की समस्याएं सुनकर अधीनस्थों को इनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चकौंध में कक्षा आठ की छात्रा कोकिला राज को ब्लाक कार्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान ग्राम पंचायत पथरामानी के क्षेत्र पंचायत सदस्य रामप्यारे पटेल ने कोकिला को गांव में जलनिकासी की समस्या बताई। पचोखर निवासी गोपीचंद पांडेय ने अन्ना गोवंश से होने वाली दिक्कत और पहाड़ी बुजुर्ग के चुनखर यादव, डा. रामप्रताप आदि मौजूद रहे।

## मन में रहा उत्साह


कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनतीं बीडीओ गरिमा। अमृत विचार

### गरिमा बनीं आकांक्षी विकासखंड की बीडीओ

**रामनगर (चित्रकूट)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय रेरुवा की आठवीं की छात्रा गरिमा मिश्रा आकांक्षी ब्लाक की एक दिन की बीडीओ बनीं। गरिमा ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। ब्लाक के सभी पटलों का औचक निरीक्षण किया। कर्मचारियों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान देवेंद्र सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत, एनपी सिंह खंड शिक्षाधिकारी, शिवभूषण त्रिपाठी ब्लाक अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ रामनगर, प्रधान देऊंधा आदि मौजूद रहे।


कार्यालय जाते समय एक दिन की बीडीओ मानिकपुर मेनका। अमृत विचार

### बीडीओ बनकर रोका वेतन, दी नोटिस

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की सातवीं की छात्रा मेनका देवी सोमवार को एक दिन की खंड विकास अधिकारी बनीं। उनको खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने मार्गदर्शन करते हुए ब्लाक के कामकाज के संबंध में बताया। इस दौरान मिथलेश कुमार निवासी लखनपुर, सुनीता देवी निवासी गढ़चपा, श्यामलाल निवासी अमचुर नेरुआ और अजीत कुमार व अन्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को तीन दिन में निस्तारण के आदेश दिए। बीडीओ ने बाद में कार्यालय का भी मुआयना किया और रजिस्टरों को देखा। एक दिन की बीडीओ मेनका ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा विपिन कुमार की गैरहाजिरी को गंभीरता से लेते हुए एक दिन का वेतन रोक दिया और कारण बताओ नोटिस जारी की।


मऊ में एक दिन की बीडीओ रोशनी ने लोगों की सुनीं समस्याएं। अमृत विचार

### 1 दिन की खंड विकास अधिकारी बनीं रोशनी

**मऊ (चित्रकूट)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा रोशनी ने सोमवार को एक दिन के लिए बीडीओ का कार्यभार संभाला। रोशनी ने जनसमस्याएं सुनकर अफसरों और कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बीडीओ रामजी मिश्रा ने बताया कि रोशनी ने सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई की और बाद में विभिन्न पटलों पर कर्मचारियों से उनके कामकाज के बारे में पूछा और ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए।


कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनती एक दिन की जिला पूर्ति अधिकारी काजल।

### एक दिन की डीएसओ बनीं काजल

**चित्रकूट।** महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चकौंध की छात्रा काजल जिला पूर्ति अधिकारी बनीं। जनसुनवाई के दौरान काजल ने भभेंट निवासी रामा देवी, सुमन देवी, प्रतिमा, भूपेंद्र, अशोक, सरोजनी आदि की राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का निदान किया। पूर्ति निरीक्षक को राशन कार्ड में यूनिट जोड़ने के निर्देश दिए। रामादेवी का मामला बांदा से जुड़ा होने की वजह से जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने वहां के डीएसओ से वार्ता की। इस मौके पर शिक्षिका दीपशिखा, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गुणवत्तापूर्ण काम करने के दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने नगर निकाय अंतर्गत 15वें वित्त आयोग के प्रस्ताव के संबंध में बैठक की और अफसरों को गाइडलाइन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण काम कराने की हिदायत दी। इस दौरान जिलाधिकारी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरेंद्र गुप्ता व अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ अमित द्विवेदी ने छात्रा प्रियांशी पांडेय को स्मृति चिह्न भेंट किया। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी, मानिकपुर भरत सिंह, मऊ/ राजापुर बीके मिश्रा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### लापता युवक का शव कुएं से मिला

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** दो दिन से लापता युवक का शव गांव के पास कुयें से मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कुयें से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के मुताबिक माराचंद्रा गांव निवासी ऋषभ सिंह (19) पुत्र संतोष चार अक्टूबर से लापता था। परिजनों ने इस संबंध में रैपुरा थाने में सूचना दी थी। पिता ने हत्या की आशंका जताई है। सीओ निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि जांच की जा रही है। अगर कोई दोषी पाया जाएगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 2 आरोपी गिरफ्तार

**भरतकूप (चित्रकूट)।** पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायर करने के दो आरोपियों को तमंचा-कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में 24 जून को कमलेश पटेल पुत्र रामस्वरुप निवासी लोखरिया मजरा बंदरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसआई रामकुमार ने छह अक्टूबर को विवेचना से प्रकाश में आए आरोपी कपिल शर्मा पुत्र राममिलन निवासी बजरंगपुर थाना फतेहगंज (बांदा) और मनफूल उर्फ पवन कुमार पुत्र सूरजपाल श्रीवास निवासी मोहल्ला डुमरौली फतेहगंज को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई अभिषेक सिंह, उत्कर्ष सिंह, मुख्य आरक्षी शैलेंद्र सिंह और आरक्षी रणवीर सिंह शामिल रहे।

# खजुराहो में होगा इंटरनेशनल फिल्म महोत्सव

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दिसंबर में होगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने बीते दिनों मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट कर कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और आमंत्रण दिया।

आयोजन के यूपी बुंदेलखंड संयोजक बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला के प्रयास प्रोडक्शन मुंबई ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुंबई में अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी की अगुवाई में अभिनेता-अभिनेत्रियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके अलावा यूपी -एमपी बुंदेलखंड के लोक कलाक़ारों, फिल्म निर्माताओं और गायन, वादन, नृत्य की प्रतिभाओं को यहां मंच मिलेगा। कार्यशालाएं की जाएंगी। आयोजन में धर्मनगरी के संत उदघाटन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी आमंत्रित हैं। साथ ही यूपी-एमपी की राजनीतिक हस्तियां भी शिरकत करेंगी।


एमपी के मुख्यमंत्री से मिलते राजा बुंदेला (फाइल फोटो)

- संयोजक राजा बुंदेला ने की एमपी के मुख्यमंत्री से भेंट

# बोरवेल में ईंट पत्थर डाल कुछ लोग उत्पन्न कर रहे है बाधा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- ठेकेदार व मोहल्ले की महिलाओं ने कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचार।** अराजक तत्वों द्वारा विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने पर मोहल्ले की महिलाओं ने विरोध किया। जबकि रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए ठेकेदार ने कोतवाली में तहरीर सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई।

बताते चलें कि नगर पालिका परिषद द्वारा दो दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद मोहल्ले में बूंद बूंद पानी के लिए तरसते लोगों के गलों को तर करने के मकसद से स्टेशन रोड वार्ड नंबर 6 में ट्यूबवेल लगाने कवायद की जा रही है। लेकिन कुछ अराजक तत्वों द्वारा इस बोरवेल में बाधा पहुंचाने का मन बनाते हुए ट्यूबवेल के पाइप पर ईटा पत्थर डालकर बंद करने का प्रयास किया।

जिस पर मोहल्ले की एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने इसका विरोध किया। विरोध को देखते हुए तम्मा पुत्र नवाब, शाहजहां पुत्र रफीक, अजहरुद्दीन पुत्र नजमुद्दीन मौके से भाग गए। इस पूरे प्रकरण पर पीड़ित ठेकेदार अशोक सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के द्वारा मानसिक व आर्थिक दबाव बना रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जागरूकता | वन्य जीव प्राणी सप्ताह के तहत हुआ आयोजन

# बच्चों ने बनाए प्रकृति और वन्यजीवों के चित्र

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** वन्य जीव प्राणी सप्ताह के तहत शारदा आदर्श इंटर कालेज गौतम बुद्धनगर में पूरे सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम हुए। इनका सोमवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागृति फैलाना था।

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वन्य जीवों और प्राकृतिक सौंदर्य के चित्र बनाए। क्षेत्रीय वन अधिकारी नफीस खान (कर्वी रेंज) ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी, कप, मेंटल और टिफिन बॉक्स वितरित कर पुरस्कृत किया। बच्चों को पर्यावरण और वन्य जीवों के संरक्षण के महत्व बताया गया। विद्यालय के प्रबंधक भरत प्रसाद कुशवाहा के साथ प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षकों ने बच्चों को प्रेरित किया।



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी। अमृत विचार

**इन बच्चों ने दिखाई प्रतिभाः** प्रतियोगिता में पूजा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयशा को दूसरा, मधु गुप्ता को तीसरा और काजल को चौथा स्थान मिला। बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### 18 को होगी सांस्कृतिक प्रतियोगिता

**चित्रकूट।** जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 18 अक्टूबर को गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय में होना है। इसमें प्रतिभाग के लिए आयु सीमा 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इस दौरान लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर बनाना, भाषण, कविता संबंधी प्रतियोगिताएं होंगी। बताया कि भाग लेने के लिए इच्छुक युवा अखंड प्रताप, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी के मोबाइल नंबर 8787021048 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मैनपावर बढ़ाकर समय से किए जाएं निर्माण कार्य

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में मैनपावर बढ़ाकर काम समय से पूरा करने की हिदायत दी। इस मौके पर एक दिन की जिलाधिकारी छात्रा प्रियांशी पांडेय भी मौजूद रहीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो काम पूरे हो चुके हैं, विभागों को हैंडओवर कराएं। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को बन चुके सेतुओं की कमेटी गठित कर तकनीकी जांच कराने और परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को अप्रोच रोड तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर आदि अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**राजापुर (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में 30 मार्च को एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीया पुत्री को एक अज्ञात बहला फुसलाकर ले गया है। प्रभारी निरीक्षक ने सात अक्टूबर को राजू कुमार पुत्र गंगवा अहिरवार निवासी कलाना थाना मुरका (बांदा) को गिरफ्तार किया। पीड़िता के मेडिकल परीक्षण एवं न्यायालय में बयान के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी धर्मेंद्र द्वितीय और राहुल पुरी शामिल रहे।

### जलनिकासी की व्यवस्था कराने का अनुरोध

**भरतकूप (चित्रकूट)।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कस्बे की नालियों को ठीक कराने और जलनिकासी की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया है। श्रीराम गुप्ता, राकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, रवि, धर्मेंद्र कुमार, मुन्ना लाल, नत्थू प्रसाद, राजकुमार, धीरेंद्र यादव आदि व्यापारियों का कहना है कि सफाई न होने से आयेदिन घरों और दुकानों में पानी भर जाता है। व्यापारियों ने कस्बे में पक्का नाला बनवाने की आवश्यकता बताई। बताया कि घरों के पानी का निकास न होने से यह सड़क पर बहता है, जिससे यह क्षतिग्रस्त हो गई है।

### मंडौर और बियावल में बांटे निःशुल्क चश्मे

**मऊ (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत मंडौर और बियावल में सोमवार को जरूरतमंदों की आंखों की जांच कर निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। भारतीय नव निर्माण संस्थान के परियोजना प्रबंधक सृजन त्रिपाठी की अगुवाई में इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के तत्वावधान में शिविर लगाया गया। नेत्र परीक्षण एवं आई ड्राप वितरण प्रयागराज के डा. आरके श्रीवास्तव, डा. कौशिकी एवं डा. जूली सिंह ने किया। इस मौके पर क्रांति कुमार, आकाश त्रिपाठी, वीरेंद्र बाजपेई, धर्मराज सिंह, शिवम, दिलीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

### एक्सईएन से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश

**चित्रकूट।** जिलास्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केशरवानी व अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा को निर्देश दिए कि लंबित आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। उप जिलाधिकारियों से कहा कि उद्यमियों के धारा 80 के प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करें। अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह को खुले विद्युत बॉक्सों को बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत समस्या का निस्तारण न किए जाने पर अधिशासी अभियंता जल निगम से स्पष्टीकरण लिए जाने के निर्देश दिए।

# महिलाओं व बच्चों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लें

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई संपंन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की, साथ ही महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने दिशा- निर्देश दिये।


कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मौजूद जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने जिले में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया । जिलाधिकारी द्वारा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिह्नित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा, गैंगस्टर एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की समीक्षा की गई। उन्होंने जन शिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब व जुआं के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने आदि के संबंध में निर्देशित किया।

डीएम ने समीक्षा बैठक दौरान आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने को पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, एसडीएम चरखारी प्रदीप कुमार, एसडीएम कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, सीओ सदर दीपक दुबे, सीओ कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, सीओ चरखारी आदि मौजूद रहे।

# खनिज विभाग शत-प्रतिशत वसूली करके बढ़ाए रजिस्ट्रेशन

संवाददाता महोबा

- कर करेत्तर राजस्व की हुई मासिक समीक्षा बैठक
- जिलाधिकारी ने मातहतों को दिये दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व कार्यों व वादों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को शासन के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर को लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली कर रजिस्ट्रेशन बढाने के लिए संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कर करेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। साथ ही डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने के लिए अभियान चला कर वसूली करने के निर्देश दिए, इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत कराएं। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# महिला से लूटपाट में 2 लोगों को 7 साल की कैद

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- अदालत ने अभियुक्तों पर सश्रम कैद की सजा सुनाते हुए 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** करीब 12 साल पहले हुई लूटकांड की घटना का अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए दोनों लुटेरों को 7-7 साल की सजा और 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया । जुर्मान अदा न करने पर 6-6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। वहीं अदालत ने अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया।

3 अगस्त 2014 को कांति अपने भाई के साथ बाइक से मायके जा रही थी तभी चरखारी खरेला बीच में दो बाइक सवार सशस्त्र बदमाशों ने जा रही महिला के आगे अपनी बाइक लगाकर महिला से लूटपात की थी। भाई द्वारा इसका विरोध करने पर लुटेरों ने तमंचों की बटों से हमला कर घायल कर दिया और सोने चांदी के जेवर लूटकर ले गए। घटना की रिपोर्ट कांति के भाई पवन ने कोतवाली चरखारी में 4 अगस्त 2014 को दर्ज कराई थी। पुलिस ने कुछ माह बाद चेकिंग के दौरान धर्मेंद्र राजपूत और ब्रजेंद्र विश्वकर्मा को पकड़ लिया था। सोमवार को न्यायाधीश अपर जिला जज ध्रुव राय ने दोनों पक्षों के गवाह और बहस सुनने के बाद धर्मेंद्र राजपूत और ब्रजेंद्र विश्वकर्मा का दोषी ठहराते हुए 7 साल की सश्रम सजा सुनाई साथ ही 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। वहीं अदालत ने अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया।




चादर जुलूस में शामिल अकीदतमंद। अमृत विचार

# कमली वाले का जिस पर करम हो गया, वो वली हो गया एक ही रात में...

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- हजरत सैयद मोहम्मद अली का सालाना उर्स धूमधाम से हुआ संपन्न

**अमृत विचार।** हजरत सैयद मोहम्मद अली का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। उर्स के दौरान सैयद शमीम अली के मकान से चादर जुलूस निकाला गया, जो मुख्य सड़क से होता हुआ मजार ए अकदस पर पहुंचा और अकीदमंत के साथ मजार पर चादर चढ़ाई गई। हाफिजों और मौलाना द्वारा फातिहा पढ़ी गई और दुआओं के बाद मन्नातें मानी गईं। रात दस बजे से कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों की भीड़ देर रात तक महफिल में जुटी रही और कव्वाली का लुत्फ उठाया।


कव्वाली पेश करते कव्वाल। अमृत विचार

मोहल्ला चौसियापुरा में स्थित हजरत सैयद मोहम्मद अली का संदल और सालाना उर्स रविवार की रात अकीदतमंदों ने जोशो खरोश से मनाया। मजार कमेटी के अध्यक्ष द्वारा मजार परिसर की रंगाई पुताई, साफ सफाई के अलावा फूलों और बिजली की बेहतरीन सजावट से मजार परिसर जगमगा दिया गया था। रविवार की देर शाम मजार का संदल किया गया और इसके बाद चादर पोशी की गई, जहां फातिहा के बाद मुस्लिम भाईयों द्वारा बुलंद आवाज में सलाम पढ़ा गया और फिर दुआ का सिलसिला जारी हुआ, जिसमें हाफिज द्वारा मांगी गई दुआ में लोगों ने हाथ उठाकर आमीन कहा। अंत में सभी आए हुए लोगों को तबर्रुख का वितरण किया गया।

मजार ए अकदस में रात नौ बजे से मौदहा के मशहूर कव्वाल मुईन निजामी और असलम निजामी मौदहा द्वारा कव्वाली की महफिल सजाई गई। मुईन निजामी एण्ड पार्टी की प्रस्तुति ने माहौल में चार चांद लगा दिए। कव्वाल ने कलाम पेश किया कि कमली वाले का जिस पर करम हो गया, वो वली हो गया एक ही रात में, सुनकर लोग हाथ उठाकर झूमते हुए कव्वाल से मुसाफा करने के पहुंच गए। इसी तरह कव्वाल मुईन ने अदब से लाई है हस्ती में आरजू ए रसूल कलाम सुन उपस्थित लोग सूफियाना माहौल में खो गए। कव्वाली कार्यक्रम में मजार के गद्दी नशीन सैयद शमीम अली, एहतिशाम अली, अलकाफ अहमद अली, सैयद अरसलान अहमद अली, नदीम शेख, जाहिद, आदिल इशरत, सलमान सहित तमाम महिला पुरुषों की भीड़ मौजूद रही।

# बाल संरक्षण को लेकर बैठक संपन्न

**अमृत विचार।** जिला बाल संरक्षण इकाई आईसीपीएस के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये महिला कल्याण विभाग की सचिव द्वारा जारी किए गए निर्देश के तहत कलेक्ट्रेट सभागार महोबा में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए लम्बित प्रकरणों को शीघ्र ही निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये । आजीवन करावास की सजा काट रहे बन्दियों के नाबालिग बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़े जाने के निर्देश दिये गये। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी , पुलिस अधीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जेल अधीक्षक, उप कारागार महोबा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, यूनिसेफ के मण्डलीय प्रतिनिधि के साथ-साथ विभागीय योजनाओं के कार्मिक उपस्थित रहे।

# महिलाएं निडर होकर करें चुनौतियों का सामना

मिशन शक्ति अभियान फेज-5

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- राधा रानी ग्रुप के नेतृत्व में 250 से अधिक महिलाओं ने सजधज कर किया गरबा व डांडिया नृत्य


मिशन शक्ति के तहत जानकारी देतीं एएसपी वंदना सिंह ।


डांडिया खेलती महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत शहर के एक पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर एएसपी वंदना सिंह ने महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान से रूबरू कराते हुए महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों से संबन्धित पंफलेट भी वितरित किये गये। नवरात्र पर्व पर करीब ढाई सौ महिलाओं ने गरबा व डांडिया प्रस्तुत कर मां दुर्गा की आराधना भी की।

पांचवें चरण के तहत महिलाएं देर रात तक महिलाओं ने देर रात तक गरबा और डांडिया नृत्य किया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत इस कार्यक्रम में पुलिस ने भी शामिल होकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने गरबा और डांडिया का दीप प्रज्वे्लित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, इसके बाद उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण का पाठ पढाकर उन्हें निर्भीक और निडर होकर हर चुनौती का सामना करने के लिए भी प्रेरित किया। एएसपी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए तमाम योजनाएं चला रही है और इसी के तहत मिशन शक्ति-5 के तहत यह अभियान 90 दिनों तक विशेष रूप से जारी रहेगा। इस मौके पर राधा रानी ग्रुप के नेतृत्व में 250 महिलाओं ने गरबा और डांडिया नृत्य में प्रतिभाग किया। महिलाओं ने रंग बिरंगे परिधानों में सज कर मां दुर्गा की आराधना करते हुए भक्ति गीतों पर नृत्य किया।

## महाविद्यालय में छात्राओं ने किया डांडिया नृत्य

**महोबा।** नवरात्रि पर्व के मौके पर मां चद्रिका महिला महाविद्यालय परिसर में डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देते हुए मां दुर्गा की आराधना की गई। डांडिया का शुभारंभ कलश स्थापना एवं दुर्गा पूजा के साथ की गई। कार्यक्रम के मौके पर छात्राएं सज धज कर महाविद्यालय पहुंची और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया, सांय कालीन तक चले कार्यक्रम में का छात्राओं ने जमकर लुत्फ उठाया। इस मौके पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला बचत अधिकारी सीएल साहू, समाजसेवी शिवकिशोर गोस्वामी के अलावा प्रबंधक अरविंद सिंह कछवाह, संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी, विश्वनाथ त्रिपाठी सहित तमाम वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मत्स्य जीवी समिति गठन की दी जानकारी

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- सहकारी समिति में शामिल होने से मिलेंगे रोजगार के अवसर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने मछुआ समुदाय के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए मत्स्य विभाग की नई मत्स्य जीवी सहकारी समितियों का गठन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल से मछुआ समुदाय को सहकारी समितियों में शामिल होने से रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

उक्त जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य ने दी। उन्होंने बताया कि समिति के गठन के लिए जन सामान्य से आफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेब साइट पर मांगे जा रहे हैं साथ ही समिति गठन को विस्तृत विवरण विभागीय बेवसाइट पर देखी जा सकती है। बताया कि समिति गठन के लिए न्यूनतम 27 सदस्यों का होना अनिवार्य है और सदस्य समिति के कार्यक्षेत्र में रहता हो तथा एक परिवार से एक ही सदस्य को शामिल किया जाएगा। साथ ही वह मछली पकड़ने व पालने का कार्य एवं विपणन कार्य करता हो। सदस्यों का आधारकार्ड, जाति व निवास प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।

# जुआ खेलते 9 लोग दबोचे गये

**महोबा।** चरखारी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे नौ लोगों को दबोच लिया। पुलिस ने जुआरियों के कब्जा से 3880 रुपये और ताश के पत्ते बरामद किए।

चरखारी थानाध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाने के ग्राम गौरहारी में छापा मारा। यहां पर जुआ खेल रहे मुन्ना सिंह, प्रवेश कुमार, भरत कुमार, निर्दोष साहू, रम्मू, प्रेमचंद्र, इकबाल, अजय तिवारी हेमेंद्र सहित 9 जुआरियों की घेराबंदी कर पकड़ लिया। उनकी तलाशी में 1180 और मालफड़ से 2700 रुपये बरामद किये गये। पुलिस ने सभी जुआरियों के खिलाफ संबन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।


बैठक में शपथ ग्रहण करते अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

# सिंगलयूज प्लास्टिक के उपयोग पर लगेगी पाबंदी

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाई शपथ
- नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में सभागार में संपन्न हुई बैठक

**अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षित रखने के लिए सोमवार को नगर पालिका परिषद महोबा में नगर पालिका चेयरमैन डॉ. संतोष चौरसिया की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई साथ ही पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छता के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त पाबंदी लगाए जाने पर भी विचार विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी पर्यावरण की सुरक्षा स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गम्भीरता से निभाएं। कहा कि पर्यावरण को साफ सुथरा रखने के लिए पौधों का लगाना अति आवश्यक है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि हर क्षेत्र में सफाई कर्मियों की तैनाती बढ़ाई जाएगी ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर रहे।

ईओ ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि नगर प्लास्टिक मुक्त शहर बने। शहर में सिंगलयूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त पाबंदी लगाई जाएगी। नागरिकों से अनुरोध किया जाएगा कि वे प्लास्टिक की थैलियों और उत्पादों का उपयोग न करें । इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सेवा सस्थान उप्र के महामंत्री बीके तिवारी, लक्ष्मी प्रसाद, नरायन अडजरिया, विराग पचौरी भगवान दीन यादव अरूण शुकला, अभय गुप्ता आदि उपस्थिति रहे। नगरपालिका अध्यक्ष ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लें और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करें।

शारदीय नवरात्र का पांचवां दिन | सुबह से ही मंदिरों में लगी भक्तों की भारी भीड़, माता के जयकारों से देररात तक गूंजते रहे मंदिर और पंडाल

# स्कंदमाता की पूजा कर सुहागिनों ने मांगा संतान प्राप्ति का आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के प्रेम और ममता का स्वरूप स्कंदमाता की आराधना भक्तजनों द्वारा की गई। भोर पहर से लेकर देररात तक मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। दर्शन के दौरान बीच बीच में भक्त माता के जयकारे भी लगाते रहे। श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना कर संतान प्राप्ति का वरदान मांगकर अपने बच्चों की लम्बी आयु की प्रार्थना की । प्रभु कार्तिकेय की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। नवरात्र पूजन के पांचवे दिन का शास्त्रों में पुष्कल का महत्व बताया गया है।

भक्तों ने प्रातः काल में स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद स्कंदमाता की प्रतिमा को गंगाजल चढ़ाया। मां के श्रृंगार के लिए शुभ रंगों का इस्तेमाल करते हुए स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। कुमकुम, अक्षत, पुष्प, फल आदि माता को चढ़ाते हुए चंदन लगाया और माता के सामने घी का दीपक जलाया फिर आरती की गई।

आरती के बाद कन्याओं को फलों का प्रसाद बांटा गया, जिससे स्कंदमाता प्रसन्न होकर संतान पर आने वाले सभी संकटों का निवारण कर सके।

## स्कंद माता का स्वरूप

देवी स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं, जिसमें ऊपर वाली दांयी भुजा में बाल कार्तिकेय को गोद में उठाए हुए हैं, ऊपर वाली बाईं भुजा से इन्होंने जगत तारण वरद मुद्रा बना रखी है और नीचे वाली दांयी भुजा में कमल पुष्प लिए हुए हैं व नीचे वाली बाईं भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण पूर्णत: शुभ्र है और ये कमल के आसान पर विराजमान रहती हैं इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। माता की सवारी सिंह है।


दुर्गा पंडाल में मां की आरती के लिए जुटे भक्त।


धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

# मंदिरों और दुर्गा पंडालों में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

**महोबा।** शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर एक तरफ मंदिरों में श्रद्धालुओं का पूजा-अर्चना और देवी दर्शन करने के लिए तांता लगा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ शाम होते ही दुर्गा पंडालों में आरती के बाद भजन कीर्तन व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भजन कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों को देखने और सुनने के लिए देर रात तक पंडालों में महिला पुरुषों का जमावड़ा लगा रहता है। मोहल्लों के अलावा चौराहों पर रखी दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन के लिए सुबह से ही महिलाओं का पहुंचना शुरू हो जाता है, जिसके चलते शहर के गली कूचों में माता के जयकारे और भक्ति गीत सुनाई दे रहे हैं। जिले में करीब 3 सैकड़ा से ज्यादा स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। दुर्गा पंडालों में बिजली की भव्य सजावट की गई है साथ दूर दूर तक लाउडस्पीकर भी लगाये गये हैं, जिससे देर रात तक भजन और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही है, जिसके चलते समूचा शहर भक्तिमय हो गया है। दुर्गा पंडालों में भजन और धार्मिक कार्यक्रम करने के लिए कलाकार शाम से ही पहुंच जाते हैं और आरती के बाद भक्ति कार्यक्रम की शुरुआत करते हैं। शहर के ऊदल चौक में रविवार की रात मां चंद्रिका नवयुवक समिति द्वारा बनाए गए दुर्गा पंडाल में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने मां काली सहित दुर्गा के नौ स्वरूपों पर कथा का जीवांत प्रदर्शन करते हुए अपने अभियन से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को प्रसाद भी वितरित किया गया।

# चाचा ने सजायाफ्ता भतीजे की गोली मारकर की हत्या

## ट्रैक्टर की किस्त न देने पर हुआ विवाद,कमासिन थाना क्षेत्र का मामला

कार्यालय संवाददता, बांदा

**अमृत विचार।** कमासिन थानाक्षेत्र के तिलौसा में चाचा ने सजायाफ्ता भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि टैक्टर की किस्त को लेकर चाचा ने लाइसेंसी बंदूक से भतीजे की हत्या की है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

कमासिन थाना क्षेत्र के तिलौसा गांव निवासी 40 वर्षीय जितेद्र पुत्र विजय नरायन गुप्ता रविवार की रात अपनी किराना की दुकान में बैठा था। तभी चाचा देवीचरन ने अपनी दो नाली लाइसेंसी बंदूक से सीने में गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवीचरन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतक के मामा केके गुप्ता और मां कुसुमलता ने बताया कि जितेद्र की शादी 2009 में गायत्री नगर निवासी संगीता के साथ हुई थी। संगीता ने 2016 में जहर खा कर खुदकुशी कर लिया था। दहेज हत्या में जितेद्र जेल में था। वह सात साल की सजा काट कर 22 फरवारी 2023 को छूट कर आया था। उसने धंधा करने के लिए अपनी जमीन मां के पास एक लाख में रेहन रख दी थी। चाचा देवी चरन जितेद्र से ट्रैक्टर की किस्त भरने के लिए रूपए मांग रहा था। जितेद्र ने रूपया देने से मना कर दिया। इसी से नाराज होकर देवीचरन ने जितेद्र की गोली मार कर हत्या कर दी।

### सजा काटकर लौटे युवक ने की आत्महत्या

**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर बुजुर्ग में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर बुजुर्ग निवासी रोहित सिंह 28 वर्ष रोज की तरह रविवार को खाना खाने के बाद घर के बाहर बरामदे में सो गया था। इसके बाद जब सोमवार सुबह उसकी मां व बहनें जागकर बाहर आईं तो उन्होंने उसे फांसी के फंदे पर लटका हुए देखा। फांसी पर लटक रहे पुत्र को देखकर मां व बहनों में चीख-पुकार मच गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि रोहित सिंह की पत्नी मोहिनी ने आठ साल पहले आग लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इसी मामले में उसे व उसके माता पिता को जेल जाना पड़ा था। पिता पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त थे, उनकी मौत हो चुकी है। सात साल जेल काटने के बाद एक साल पहले ही रोहित की जमानत हुई थी। जमानत के बाद वह काम धंधे के लिए बाहर रहने लगा था। जेल से छूटने के बाद वह लगातार डिप्रेशन में रहता था।

## उरई से दिल्ली ट्रेन चलाने की मांग

**उरई।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल संदीप बंसल गुट के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को रेलमंत्री के नाम एक ज्ञापन उरई रेलवे स्टेशन प्रबंधक एस के खरे को दिया गया। जिसमें व्यापार मंडल ने रेलमंत्री से मांग की है। इस अवसर पर संजीव सिपोलिया,शीलू कंथरिया, रोहित अग्रवाल, उदय करण प्रजापति, मोहन रावलानी, नगर अध्यक्ष उरई महेश अरोरा, नगर महामंत्री उमेश चंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष उरई धर्मेंद्र शर्मा, विशाल कनकने एवं अन्य बंधु उपस्थित रहे।

# कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी नितेश यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि संघ के समस्याओं को लेकर प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर वार्ता हुई। प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य विभाग, संस्था सेवा प्रदाता कंपनी जीवीके और सरकार के साथ भी महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें कोविड के दौरान कार्यरत कर्मचारियों और 108 व 102




एंबुलेंस कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार, 48 घंटों के भीतर इन समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया है। ओएसडी के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया गया कि सरकार इस दिशा में प्रयासरत है और जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि 48 घंटे में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो वे आगे भूख हड़ताल पर जाने का मजबूर होंगे। संघ ने सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपनी मांगों के लिए पूरी तैयारी के साथ संघर्ष करने के लिए तैयार रहें।

कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने 10 वर्षों तक इस विभाग और संस्था की सेवा की है, लेकिन अब उनके जीवन और रोज़गार की सुरक्षा का सवाल उठ खड़ा हुआ है। इसलिये अब अगर मांगे न पूरी हुई तो संगठन आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरेगा।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**जालौन।** टहलने जा रहे वृद्ध की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह की है। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर विधिक कार्रवाई पूरी की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी 70 वर्षीय मगन पुत्र धनीराम सोमवार सुबह कमसेरा माधौगढ़ मार्ग पर घूमने के लिए निकले थे। सुबह करीब साढ़े 6 बजे थाना माधौगढ़ के ग्राम भंगा निवासी 23 वर्षीय युवक कन्हैया पुत्र रामवीर अमखेड़ा से अपने गांव जा रहा था।



जालौन में रामलीला के मंचन का दृश्य। अमृत विचार

# रामलीला में हुआ सीता हरण का मंचन

संवाददाता,जालौन

**अमृत विचार।** श्रीराम लीला महोत्सव में 9वें दिन सीता हरण से लेकर शबरी मिलन तक प्रसंग का मंचन हुआ। सीता हरण के नए पक्ष को दिखाते हुए 176वें महोत्सव में यह दृश्य दिखाया गया कि श्रीराम को पहले से ही पता था कि सीताजी का हरण होने वाला है। इसलिए सीताजी पहले ही अग्नि में निवास करने चली जाती हैं। रावण जिस सीताजी का हरण करता है, वह सीताजी का प्रतिबिंब होता है। सीताजी की खोज में जब श्रीराम जाते हैं तब उनकी भेंट शबरी से होती है।

शबरी श्रीराम को पंपा सरोवर का पता बताती है और कहती है कि वहां सुग्रीव मिलेंगे और सीताजी की खोज में उनकी वानर सेना ही मदद करेगी। पंचवटी में निवास के दौरान प्रभु राम व लक्ष्मण के पास सूर्पनखा के आने तथा विवाह का प्रस्ताव रखने के साथ मारीच के हिरण के रूप में आने व उनके वध की लीला का मंचन किय गया। अंतिम चरण में सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन, मंगल चतुर्वेदी, राजकुमार मिझोना, पवन चतुर्वेदी आदि ने सहयोग किया।




एक दिन की जिलाधिकारी प्रशस्ती श्रीवास्तव व एसपी उन्नती गुप्ता।

# एक दिन की जिलाधिकारी और एसपी बनीं छात्राएं

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा प्रशस्ती श्रीवास्तव को जिलाधिकारी व उन्नती गुप्ता को पुलिस अधीक्षक बनाया गया।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिये महिलाओं को स्वयं सहायता सामूह से जोड़ा जाए, बालिकाओं व महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार व भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं को धरातल पर उतारें। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल कल्याण समिति किशोर नया बोर्ड वन स्टॉप सेंटर निराश्रित महिला पेंशन मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी।

# सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जालौन कोतवाली क्षेत्र में बंगरा रोड़ छिरिया के पास बाइक सड़क पर घूम रही गाय से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम निनावली जागीर निवासी सत्येंद्र पाल 28 वर्ष का रविवार को जन्मदिन था। वह अपने रामपुरा के रहने वाले साथी सुशील 25 वर्ष और मुन्ना के साथ उरई में जन्मदिन की पार्टी मना रहा था। देर रात को सुशील और मुन्ना बर्थडे पार्टी मनाने के बाद बाइक से अपने घर रामपुरा वापस जा रहे थे। जैसे ही वह बंगरा जालौन मार्ग स्थित ग्राम छिरिया के समीप पहुंचे। तभी रात के समय अचानक सड़क पर दौड़ती काली गाय उन्हें नजर नहीं आई और बाइक टकरा गई। इससे बाइक पर सवार दोनों लोग उछलकर सड़क पर गिर कर घायल हो गए। सिर में अधिक चोट लगने और खून बह जाने के कारण दोनों की मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी तब मिली जब रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। उन्होंने बाइक सवार दो युवकों और सड़क पर गाय को पड़ा देखा, तत्काल उन्होंने एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को अस्पताल पहुंचाया। मगर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाइक नंबर और फोन के आधार पर उनकी पहचान की गई, जिस पर उनके परिजनों को सूचना दी गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

- पार्टी करने के बाद बाइक से वापस गांव जा रहे थे दोनों दोस्त
- सड़क पर घूम रही काली गाय से टकराने पर हुआ हादसा

### खड़े सरिया लदे ट्रक में घुसा बाइक सवार, गई जान

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक बुंदेलखंड एक्सप्रेस के ओवरब्रिज के आगे गिरथान के पास सड़क किनारे खड़े सरिया लदे ट्रक में पीछे से घुस गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम नूनसाई निवासी अंशू परिहार 23 वर्ष रविवार को बाइक से उरई आया हुआ था। जो काम निपटाने के बाद देर रात को वापस लौट रहा था। जब वह गिरथान के पास से नेशनल हाइवे पर जा रहा था। तभी सड़क किनारे खड़े सरिये से लदे ट्रक में पीछे से जा घुसा, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरो ने सूचना पुलिस व हाईवे टीम को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना से संबंधित जानकारी ली और खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने हाईवे एम्बुलेंस की मदद से शव को मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

# पैसे के लेन-देन में 2 पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

कार्यालय संवाददाता, उरई

- कदौरा थाना क्षेत्र बड़ागांव का मामला, 6 लोग घायल

**अमृत विचार।** कदौरा थाना क्षेत्र में पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें गम्भीर हालत में इलाज के लिए समुदाय केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

कदौरा थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी लाली पुत्र रामस्वरूप और लालू पुत्र रामनाथ के बीच मूंगफली काटने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामले ने इतना तूल पकड़ा कि दोनों पक्षों के परिवारों के लोगों में लाठी डंडे चल गए। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए।



मारपीट की घटना को देखते हुए गांव में हड़कंप मच गया। घायल दोनों पक्षों के लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादौरा में भर्ती कराया गया। जहां पर हालत नाजुक होने के कारण उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। इस मामले को लेकर कदौरा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभात सिंह ने बताया कि पैसे के लेनदेन और शराब के नशे में होने के कारण मारपीट हुई थी। घायलों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

## बांदा में तीन मंडलों की रबी गोष्ठी आज

**बांदा।** 8 अक्टूबर को झांसी, कानपुर एवं चित्रकूटधाम मंडल बांदा की रबी उत्पादकता गोष्ठी आयोजित होगी। तैयारी के सम्बन्ध में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में रबी गोष्ठी की व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि विभाग एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां करते हुए अपने स्टाल आज सायं तक लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों के पंजीकरण के लिए अलग-अलग काउन्टर लगाये जाने तथा कृषि एवं एनआरएलएम से सम्बन्धित स्टालों के लिए लगवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था एवं मोबाइल ट्वायलेट हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बांदा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को आज ही स्थापित कराने को निर्देशित किया।

# गौशाला में मिला गंदा पानी, लगाई फटकार

संवाददाता, कालपी

- नायब तहसीलदार ने इमलिया बुजुर्ग गांव की गौशाला का किया निरीक्षण
- गौशाला में भूसे का स्टॉक व गोवंश की संख्या के बारे में ली जानकारी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने घूम-घूमकर कदौरा विकास खंड के इमलिया बुजुर्ग गांव की गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमियां देखकर परिसर में सुधार करने के निर्देश दिए।

नायब तहसीलदार तारा शुक्ला दोपहर को औचक तरीके से इमलिया बुजुर्ग गौशाला पहुंचीं। उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद गायों को अभिलेख से मिलान किया। गौशाला में 65 गौवंशों को पाया गया। गौवंश कमजोर पाये गए। पानी गंदा पाया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरे



निरीक्षण करते नायब तहसीलदार तारा शुक्ला। अमृत विचार

चारा की उचित इंतजाम रखे जायें। परिसर में पानी को स्वच्छ रखें तथा सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। गौशाला में निरीक्षण के दौरान कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान तहसीलदार ने कहा वह पुनः निरीक्षण में आएं तो व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें।

# मनचलों ने छात्रा से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,उरई

**अमृत विचार।** कदौरा नगर के एक मोहल्ला निवासी छात्र के साथ तीन युवकों ने छेड़खानी कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की।

कदौरा कस्बा के एक मुहल्ला निवासी कक्षा 9 की छात्रा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया की वह बीती शाम पड़ोस के मकान से अपने घर जा रही थी। तभी रास्ते मे खड़े दीपक निवासी हैदरपुरा भोले निवासी नाका रोड कदौरा व अंकित निवासी भेड़ी खुर्द उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। इस दौरान किशोरी ने विरोध करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। किशोरी के चीखने चिल्लाने पर आरोपी युवक मौके से भाग गए। घर पहुंचकर किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी।

### छेड़छाड़ पर रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** घर से शौच के लिए जा रही किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी गांव के बाहर स्थित विद्यालय के पास शौच के लिए जा रही थी। तभी गांव के निवासी युवक ने बेटी का हाथ पकड़कर छेड़खानी की।

## बाइकों की भिड़ंत में 4 लोग घायल

**जालौन।** उरई-जालौन मार्ग पर अकोढ़ी दुबे के पास तेज रफ्तार बाइक ने आगे जा रही बाइक में टक्कर मार दी। बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। सोमवार को नगर के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी नीरज (27) पुत्र अशोक कुमार किसी काम के चलते बाइक से उरई जा रहे थे। उनके साथ कटोरी (65) पत्नी वृंदावन व रामकुंवर (70) पत्नी जगदीश थे। जैसे ही उनकी बाइक उरई मार्ग पर अकोढ़ी दुबे स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंची तो पीछे से तेजी से बाइक लेकर आ रहे हथेरी निवासी छोटेलाल प्रजापति ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# जैव उर्वरक के प्रयोग और उपयोगिता पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सहकारी समितियों को नैनो यूरिया एवं डीएपी तथा जैव उर्वरक के प्रयोग की विधि, उसकी उपयोगिता को लेकर किसानों को प्रोत्साहित किये जाने के सम्बंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

गोष्ठी में उपमहाप्रबंधक इफको मुख्यालय लखनऊ यतेंद्र तेवतिया ने नैनो यूरिया, डीएपी एवं जैव उर्वरक की उपयोगिता, उपयोग विधि एवं भविष्य में होने वाले लाभों से गोष्ठी में अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने सभी बी पैक्स के सचिवों को निर्धारित मूल्य पर रसायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने के साथ-साथ मृदा परीक्षण के अनुसार निर्धारित मात्रा में उर्वरक के उपयोग करने एवं पर्यावरण तथा आमजन के हित में नैनो यूरिया / डीएपी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिये कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सचिवों को प्रशिक्षण में भावी पीढ़ी को जल,भूमि एवं पर्यावरण की सुरक्षा हेतु प्रेरित करते हुए अधिकाधिक कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिये कहा गया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता विजय प्रकाश वर्मा द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को आभार व्यक्त करते किया।

**पीएम सूर्य घर योजना** | योजना के तहत 300 यूनिट बिजली मिलेंगी फ्री

# 2 किलोवाट के सोलर पैनल लगवाने पर 75 प्रतिशत अनुदान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक
- जिलाधिकारी बोले, योजना का प्रचार-प्रसार कर लोगों को दें लाभ

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार ने इस योजना के लिए पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप तैयार किया है। योजना के अन्तर्गत प्रति किलोवाट विद्युत भार होने पर सोलर पैनल लगवाने को 60 हजार रुपये उपभोक्ता को देने होंगे, जिसमें एक एवं दो किलोवाट के लिए सोलर पैनल लगवाने पर 75 प्रतिशत की धनराशि का अनुदान दिया जाता है तथा योजना के तहत 300 यूनिट फ्री बिजली भी मिलती है। जिलाधिकारी ने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार




बैठक में योजना की जानकारी देते जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप। अमृत विचार

सभी तहसील, नगर पालिका एवं विकास खंडों में कराये जाने के निर्देश दिये, जिससे कि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएम सूर्य घर योजना में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन बृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कराते हुए कराएं।

जिलाधिकारी ने योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराये जाने को लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिये कि सभी बैंकों में पीएम सूर्य घर योजना से सम्बन्धित पम्पलेट्स लगवाते हुए लोगों को जानकारी दी जाए। उन्होंने इस योजना के अन्तर्गत सोलर पैनल लगाने वाले वेण्डरों को भी निर्देशित किया कि वह अधिक से अधिक लोंगो को योजना की जानकारी देते हुए गुणवत्तायुक्त पैनल उपभोक्ताओं को उपलब्ध करायें। इस योजना के अन्तर्गत जनपद के सभी लोग लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन उपभोक्ताओं को योजना के अन्तर्गत विद्युत भार बढ़वाने तथा मीटर लगाने के कार्य को समय के अन्तर्गत शीघ्र लगाना सुनिश्चित करें।

### योजना के तहत ये मिलेगा अनुदान

- योजना के अन्तर्गत एक किलोवाट के विद्युत भार पर सोलर पैनल लगवाने के लिए रुपये 60 हजार उपभोक्ता को जमा करना होगा, जिसमें 45 हजार का अनुदान मिलेगा तथा दो किलो वाट के विद्युत भार पर सोलर पैनल लगवाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये उपभोक्ता को जमा करना होगा, जिसमें 90 हजार अनुदान दो माह में मिलेगा। वहीं तीन किलोवाट में 1 लाख 80 हजार रुपये उपभोक्ता को जमा करना पडेग़ा, जिसमें 1 लाख 8 हजार रुपये अनुदान मिलेगा।




चालकों को जानकारी देते हैं परिवहन अधिकारी। अमृत विचार

# हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए किया गया जागरूक

संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल राजेश कुमार जालौन द्वारा उरई शहर के विभिन्न चैराहों पर के पास दो पहिया वाहन की हेल्मेट (चालक एवं पीछे बैठी सवारी सहित) मोबाइल फोन, गलत दिशा में वाहन का संचालन के विरुद्ध जागरुक करते हुए प्रवर्तन कार्यवाही की गई।

साथ ही कानपुर-झांसी हाइवे विजय विक्रम रिसोर्ट राठ रोड उरई कट के निकट अनधिकृत रुप से संचालित बसों के विरुद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया गया तथा एक्स प्रेस-वे एवं फोर-लेन रोड पर लेन ड्राइविंग के प्रति वाहन चालकों को जागरुक किया गया व वाहन को तेज गति में न चलाने की बात कही।

## बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी 9 को देंगे ज्ञापन

**बांदा।** बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी 9 अक्टूबर को अधीक्षण अभियंता व एक्सईएन कार्यालय में जमा होकर ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाएंगे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के नेताओं ने बैठक कर निर्णय लिया कि उच्च स्तरीय आदेशों का अधिकारियों द्वारा अनुपालन नहीं कराया जा रहा। कहा कि वर्षों से कार्यरत अनुभवशील संविदा कर्मियों को हटा कर अपने चहेतों को भरने के साथ अनुबंध की धज्जियां उड़ाई हैं। साथ ही समय से वेतन भुकतान भी नहीं किया जा रहा है, बिना सुरक्षा उपकरण बिजली आपूर्ति सुधारने को बाध्य होना पड़ता है। संविदा कर्मचारियों ने कहा कि इन्ही समस्याओं को लेकर हाल ही में जिले के संविदा कर्मचारियों ने चीफ आफिस में धरना दिया था।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.), गेहूंदड़ा 2750-2775, आर.आर.21. 2750-2900, गेहूंफारम 2950-3000, जौ 2300-2400, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2250-2300, मकाई 2400-2500, दलहन (प्रति क्वि.), चना 7100-7200, अरहर 8500-9000, मसूर 5500-5600, मटर 3600-3700, उड़दहरा 11500-12000, उड़दकाला 7500-8500, मूंग 7500-8000, दाल (प्रति क्वि.), अरहरफूल 15200-15300, अरहरस्पेशल 11700-11800, चनादाल 8650-8750, मटरदाल 4350-4450, मसूरमलका 7050-7200, मसूरदाल 7350-7400, उड़ददाल 9000-13500, उड़द धोवा 10000-12500, मूंगदाल 8500-9700, मूंग धोवा 9500-11000, चावल (प्रति क्वि.), अरवा 2800-4000, बासमती न01. 10500-11000, सेला 3000-4000, बासमती न02. 7000-8000, आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.), आटा 1600-1700, मैदा 1670-1720, सूजी 1700-1750, चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.), शाहपसंद 1570-1590, तिलहन (प्रति क्वि.), लाही 5900-6000, अलसी 4500-4600, अण्डी 4600-4700, तिल्ली 11000-11500, मूंगफलीदानाषिवपुरी 9400-11200, बटाली 8800-11000, सेहुआं 4000-4500, तेल (प्रति क्वि.), सरसोंकोल्हू 14800-14900, अलसी 12600-12800, अण्डी 13800-14000, रिफाइण्ड (प्रति टिन), सोयाबीन 1950-2021, खली (प्रति क्वि.), सरसों 2600-2625, अलसी 4800-4900, अण्डी 1400-1450, वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.), बावर्ची 1995-1995, मयूर 1995-1995, गुड़ (प्रति क्वि.), पन्सेरा 4400, मंगलौरलडडू 4600-5100।

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58000-58200 |

# शेयर बाजार डेढ़ माह के निचले स्तर पर

## सेंसेक्स लुढ़ककर 638.45 अंक पर पहुंचा, चौतरफा बिकवाली से गिरा बाजार

मुंबई, एजेंसी

इजराइल-ईरान तनाव और चीन के प्रोत्साहन पैकेज के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार लगातार छठे दिन गिरता हुआ आज डेढ़ माह के निचले स्तर पर आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.45 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब डेढ़ माह के निचले स्तर 81,050.00 अंक पर आ गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 218.85 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 24,795.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे



मिडकैप 1.85 प्रतिशत प्रतिशत लुढ़ककर 47,019.08 अंक और स्मॉलकैप 3.27 प्रतिशत कमजोर होकर 54,117.72 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4178 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3422 में गिरावट जबकि 636 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों में बिकवाली जबकि 10 में लिवली हुई। विश्लेषकों के अनुसार, मध्य-पश्चिम में बढ़ते तनाव के बावजूद वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार लचीले रहे हैं। इक्विटी बाजारों के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात यह है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत है, जहां सितंबर में गैर-कृषि नौकरियों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से 2.54 लाख रही। मजबूत अर्थव्यवस्था और अमेरिका के बाजार में घटती मुद्रास्फीति एक बड़ी सकारात्मक बात है। बीएसई में आईटी और टेक की 0.46 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 2.54, सीडी 1.49, ऊर्जा 2.46, एफएमसीजी 0.73, वित्तीय सेवाएं 1.90, हेल्थकेयर 1.01, इंडस्ट्रियल्स 2.38, दूरसंचार 2.49, यूटिलिटीज 3.63, ऑटो 0.38, बैंकिंग 2.10, कैपिटल गुड्स 2.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.89, धातु 2.24, तेल एवं गैस 2.38, पावर 3.14, रियल्टी 1.15 और सर्विसेज समूह के शेयर 3.12 प्रतिशत टूट गए।

### विदेशी डैक्स में भी गिरावट की गई दर्ज

पिछले सप्ताह के अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़ों से मंदी की आशंका दूर होने, ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने तथा कम से कम शुरुआत में डॉलर और इक्विटी को समर्थन मिलने के बाद बेंचमार्क 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड सोमवार को चार प्रतिशत तक बढ़ गई। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.36, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 1.60 और चीन का शंघाई कंपोजिट 8.06 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.28 प्रतिशत की गिरावट रही।

### निवेशकों के 8.9 लाख करोड़ रुपये डूबे

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहने से निवेशकों की संपत्ति 8.90 लाख करोड़ रुपये घट गई। शेयर बाजार में इस बड़ी गिरावट की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 8,90,153.84 करोड़ रुपये घटकर 4,51,99,444.70 करोड़ रुपये (5.38 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 4,521.85 अंक यानी 5.28 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। इससे निवेशकों को कुल 25.16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 3,493 नुकसान में रहे जबकि 568 शेयरों में तेजी रही और 117 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# भारत, यूएई खाद्य गलियारे पर दो अरब डॉलर निवेश : गोयल

मुंबई, एजेंसी

- हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दो अरब डॉलर के अनुमानित निवेश से एक खाद्य गलियारा स्थापित करेंगे जो यूएई एवं अन्य खाड़ी बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा। इससे भारत के किसानों को अधिक आमदनी एवं अधिक रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बारे में यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाने के लिए एक छोटा कार्यसमूह भी गठित किया गया है जिसमें केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकारें और यूएई शामिल हैं। गोयल ने कहा भारत में खाद्य पार्कों की स्थापना के बारे में बहुत विस्तार से चर्चा की गई। इससे जुड़ा बुनियादी काम काफी हद तक पूरा हो चुका है। यह एक और क्षेत्र है जो किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगा, हमारे हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और यूएई की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। यूएई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और खाद्य पार्क लॉजिस्टिक में निवेश के लिए लगभग दो अरब डॉलर की शुरुआती प्रतिबद्धता जताई है। भारत से यूएई को खाद्य उत्पाद पहुंचाने के लिए लॉजिस्टिक सुविधाओं की जरूरत होगी। उन्होंने कहा हमने केंद्र एवं राज्य सरकारों और यूएई की भागीदारी वाले एक छोटे कार्यसमूह का गठन किया है, जो दोनों देशों के बीच एक खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाएगा।

# केंद्र ने दिल्ली में 65 रुपये प्रति किलो के भाव पर टमाटर की बिक्री शुरू की

नई दिल्ली, एजेंसी

- अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में हुई वृद्धि

केंद्र ने सोमवार को आम आदमी को राहत देने और बिचौलियों द्वारा असामान्य रूप से कमाये जाने वाले मुनाफे पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचना शुरू किया। राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर औसतन 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचने वाली भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड की वैन को हरी झंडी दिखाई। खरे ने कहा हम टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतें कम हो जाएंगी। एनसीसीएफ ने मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर और उन्हें 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचकर बाजार हस्तक्षेप शुरू किया है। मोबाइल वैन राष्ट्रीय राजधानी की 50 कॉलोनियों में टमाटर बेचेगी। बयान के अनुसार, यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं को टमाटर की कीमतों में हाल ही में हुई वृद्धि से बचाने और बिचौलियों को अप्रत्याशित लाभ कमाने से रोकने के लिए किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कहा मंडियों में लगातार अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में काफी वृद्धि हुई है।

## देश में सुस्त मांग के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में सुस्त मांग के कारण सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। सितंबर में कुल पंजीकरण घटकर 17,23,330 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी महीने 18,99,192 इकाई था। यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों सहित अधिकतर श्रेणियों में सालाना आधार पर गिरावट देखी गई।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा गणेश चतुर्थी और ओणम जैसे त्यौहारों के बावजूद डीलरों ने बताया कि प्रदर्शन काफी हद तक स्थिर रहा है। बड़े त्यौहारों के मद्देनजर फाडा ने ओईएम से वित्तीय झटके से बचने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह भी किया है। वाहनों की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 2,75,681 इकाई रह गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी महीने 3,39,543 इकाई थी।

## ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 8 प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में सोमवार को दिन के कारोबार के दौरान 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई और अंत में यह आठ प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की सेवा गुणवत्ता के मुद्दे पर कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भाविश अग्रवाल और स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के बीच तीखी बहस हुई थी।

बीएसई पर ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 8.31 प्रतिशत गिरकर 90.82 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। इसमें लगातार तीसरे दिन गिरावट हुई। दिन के कारोबार में शेयर 9.43 प्रतिशत गिरकर 89.71 रुपये के निचले स्तर पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 8.38 प्रतिशत गिरकर 90.75 रुपये पर बंद हुआ।

## हिताची एनर्जी करेगी 2000 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी ने भारतीय कारोबार के 75 साल पूरे होने के अवसर पर देश में स्थायी ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता, प्रोडक्ट रेंज और टैलेंट बेस को विस्तार करने पर लगभग 2000 करोड़ का निवेश की योजना है।

पिछले 75 सालों में भारत की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं में योगदान देते हुए हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक से लेकर हिंदुस्तान ब्राउन बॉवेरी, एबीबी पावर ग्रिड्स, हिताची एबीबी पावर ग्रिड्स और अब हिताची एनर्जी बनने तक, कंपनी ने 1949 से ऊर्जा विकास में अहम भूमिका निभाई है।



# बंगाल की कोयला खदान में विस्फोट, छह लोगों की मौत

## बीरभूम में हुआ हादसा, ट्रक पर रखे विस्फोटकों में हुआ था धमाका

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में एक ट्रक पर रखे विस्फोटकों में धमाका हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ, जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए ट्रक से डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया गांव की एक कोयला खदान में हुई। बीरभूम के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राणा मुखर्जी ने बताया छह लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हुए



अचानक विस्फोट हो जाने के बाद शव को निकालने में जुटे लोग।

हैं। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने कहा, यह घटना कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। डब्ल्यूबीपीडीसीएल एक अन्य अधिकारी ने बताया कि संबंधित खान संचालक पीड़ित परिवारों को मुआवजा देगा। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने कहा घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था। पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी डब्ल्यूबीपीडीसीएल के पास पांच बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित क्षमता 4,265 मेगावाट है। चालू वित्त वर्ष में, अतिरिक्त 660 मेगावाट क्षमता बढ़ाए जाने की संभावना है।

# जम्मू-कश्मीर में जनादेश पलटने का भाजपा का मंसूबा, हम सतर्क हैं: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- महासचिव जयराम रमेश ने किया दावा- कांग्रेस-नेकां के पक्ष में फैसले को नकारने के लिए भाजपा उठा रही है कदम

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने से एक दिन पहले, सोमवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मंसूबा इस केंद्र शासित प्रदेश में जनादेश पलटने का है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि कांग्रेस-नेकां गठबंधन के पक्ष में आने वाले लोगों के फैसले को नकारने के लिए दुर्भावनापूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान हुआ था। मतगणना मंगलवार को होनी है। जम्मू-कश्मीर में 10 साल के अंतराल पर तथा 2019 में राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किये जाने के बाद ये चुनाव हुए हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आसन्न हार को देखते हुए भाजपा बहुमत हासिल करने के लिए हताशापूर्ण खेल, खेल रही है और अपनी चाल में मदद मिल जाए, उसके लिए त्रिशंकु विधानसभा की उम्मीद कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा जानती है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने कांग्रेस-नेकां गठबंधन को स्पष्ट जनादेश दिया है।

कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को खत्म करने के लिए, उन्होंने अपनी स्वयंभू फर्जी चाणक्य-नीति के पुराने तरीकों का सहारा लिया है। हमारे पास यह कहने के लिए स्पष्ट जानकारी और आधार है कि जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के पक्ष में जनादेश को नकारने के लिए दुर्भावनापूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। रमेश ने कहा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर में जनादेश को स्पष्ट खतरा है। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है, लेकिन भाजपा लोकतांत्रिक जनादेश को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है और उसका मंसूबा किसी भी तरीके से इसे पलटने का है।

# अधिकारी जब तक शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात का समय नहीं बताते लद्दाख भवन में डटे हैं : वांगचुक



जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक नई दिल्ली के लद्दाख भवन में अपनी भूख हड़ताल के दौरान अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ।

नई दिल्ली, एजेंसी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को कहा कि वह और उनके समर्थक तब तक लद्दाख भवन में रहेंगे जब तक अधिकारी यह नहीं बता देते कि कब वे देश के शीर्ष नेतृत्व से मिल सकते हैं। वांगचुक ने कहा कि प्रदर्शनकारी लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं और यह असामान्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे यहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यह याद दिलाने आए हैं जिसका वादा उसने चुनाव के दौरान किया था। मौजूदा समय में छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों को 'स्वायत्त जिलों और स्वायत्त क्षेत्रों के रूप में प्रशासन से संबंधित है। वांगचुक और उनके समर्थकों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर रविवार को लद्दाख भवन में ही अपना अनिश्चितकालील अनशन शुरू कर दिया। वांगचुक ने कहा, हम तब तक यहां बैठेंगे जब तक हमें जवाब नहीं मिल जाता कि हम अपने नेताओं से कब मिल पाएंगे। हमने 30-32 दिन तक पैदल यात्रा की है, हम कम से कम एक मुलाकात के तो हकदार हैं।

जलवायु कार्यकर्ता ने कहा कि लद्दाख के लोगों ने इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया था क्योंकि उन्हें विधानसभा और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा हम कोई असामान्य मांग नहीं कर रहे हैं, हम यहां भाजपा को उसके घोषणापत्र में किए गए वादों की याद दिलाने आए हैं।

# कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया : रिजिजू

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया और इसके नेता राहुल गांधी अब यह झूठा विमर्श फैला रहे हैं कि देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं।

रिजिजू ने कहा कि मुसलमानों को कांग्रेस का वोट बैंक नहीं बनना चाहिए क्योंकि इससे राष्ट्र और समुदाय को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का प्रभारी होने के नाते, मैं कुछ चीजें स्पष्ट करना चाहता हूं। अपने शासनकाल में, कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया। हम इस धारणा को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सरकार देश में सभी अल्पसंख्यकों के लिए



समान रूप से काम कर रही है। यह राष्ट्रीय हित के प्रति प्रतिबद्ध है।

रिजिजू ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाएं मुसलमानों को अन्य समुदायों की तरह ही फायदा पहुंचा रही हैं। फिर, क्यों मुसलमानों को कांग्रेस का वोट बैंक बने रहना चाहिए? यह न केवल राष्ट्र के लिए बल्कि मुसलमानों के लिए भी नुकसानदेह है। उन्होंने कहा, जब वे एक राजनीतिक दल और उसके सहयोगियों का वोट बैंक बन जाएंगे तो यह उनके कल्याण की तुलना में कहीं अधिक नुकसान पहुंचाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों को एकजुट रखेगी और लोगों को इस बात से अवगत कराएगी कि राहुल गांधी और उनके सहयोगियों द्वारा यह गलत विमर्श फैलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गांधी विदेशी धरती पर देश के बारे में बुरा-भला बोल रहे हैं और भारत-विरोधी ताकतों से हाथ मिला रहे हैं।

### विदेश में देश को बदनाम कर रहे

रिजिजू ने कहा, देखिए, किस तरह की राजनीति की जा रही है? क्या आपने कभी सुना था कि विदेश जाकर किसी नेता ने देश की छवि धूमिल की... जनता ने उन्हें 10 साल के लिए खारिज कर दिया और अब वह विदेश में देश को बदनाम कर रहे हैं और भारत-विरोधी ताकतों से हाथ मिला रहे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अमेरिका में, गांधी ने आरक्षण के बारे में अपने विचार व्यक्त किये और बाद में इसकी लीपापोती करने की कोशिश की। अमेरिका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान गांधी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी और अभी ऐसा नहीं है। हालांकि, बाद में गांधी ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं और असल में 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा को हटाना चाहते हैं ताकि अधिक लोगों को लाभ मिल सके। भाजपा में मुस्लिम प्रतिनिधित्व के बारे में पूछे जाने पर, रिजिजू ने कहा, ...यदि वे हमें वोट नहीं देंगे तो हमारे उम्मीदवार कैसे जीतेंगे? हम किसी का वोट नहीं छीन सकते। यदि हमें समुदाय से वोट मिलेगा तो हमारे पास उस समुदाय से सांसद और मंत्री होंगे। यदि हमें वोट नहीं मिला तो हम सांसद और मंत्री कैसे बनाएंगे? रिजिजू ने यह भी कहा कि नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए उनका मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में, हर जिले में संविधान भवन स्थापित करेगा।

## हाथी को बांधने पर दिल्ली के चिड़ियाघर की सदस्यता निलंबित

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघरों और मछलीघरों के एक वैश्विक संगठन ने एक अफ्रीकी हाथी शंकर को जंजीरों से बांधकर रखे जाने को लेकर सोमवार को दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की सदस्यता निलंबित कर दी।

दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि उचित कार्रवाई की जाएगी और पत्र का अध्ययन करने के बाद अनुपालन रिपोर्ट भेजी जाएगी। उन्होंने कहा, फिलहाल शंकर अपने बाड़े में बिना जंजीरों के आजादी से घूम रहा है। जिब्बाब्वे ने 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को यह हाथी उपहार में दिया था। अफ्रीकी हाथी शंकर अकेला है। कुमार और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को लिखे पत्र में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जू एंड एक्वेरियम्सने कहा कि पहले उसने हाथी के संबंध में उनसे जानकारी मांगी थी और जवाब 24 मई तथा 24 जुलाई को मिले।

# नीट-यूजी के लीक प्रश्नपत्र पाने के लिए 144 अभ्यर्थियों ने रकम अदा की थी : सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने 144 अभ्यर्थियों की पहचान की है जिन्होंने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने से कुछ घंटे पहले नीट-यूजी के लीक और हल प्रश्नपत्र पाने के लिए कथित तौर पर पैसे दिए थे।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने पिछले सप्ताह दाखिल अपने तीसरे आरोप पत्र में पंकज कुमार का नाम दर्ज किया है जिसने झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य अहसानुल हक और उप प्राचार्य मोहम्मद इम्तियाज आलम के साथ मिलीभगत करके स्कूल से प्रश्नपत्र चुराए थे। उन्होंने बताया कि अपराध कथित रूप से उस समय किया गया जब बैंक वॉल्ट से प्रश्नपत्र लेकर ट्रंक पांच मई को सुबह आठ बजे के बाद स्कूल पहुंचे थे जिस दिन परीक्षा होनी थी। हक हजारीबाग के शहर समन्वयक थे और आलम को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट यूजी) 2024 आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया था। आरोप पत्र में 5,500 पन्ने हैं जिसमें 298 गवाहों, 290 दस्तावेजों और 45 भौतिक वस्तुओं के आधार पर निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं, तथा पेपर लीक करने वाले गिरोह के काम करने के तरीके का विस्तृत विवरण दिया गया है। उन्होंने बताया कि हक और आलम ने जमशेदपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर कुमार को कथित तौर पर उस कमरे में प्रवेश करने की इजाजत दी, जहां ट्रंक रखे हुए थे। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कुमार ने प्रश्नपत्र वाले ट्रंक के कब्जों से छेड़छाड़ की, एक प्रश्नपत्र निकाला और इसके सभी पन्नों की तस्वीर ली।

## नाबालिग लड़के पर ऑटिज्म पीड़ित युवती के यौन शोषण का आरोप

**इंदौर।** इंदौर में एक नाबालिग लड़के द्वारा ऑटिज्म से जूझ रही 18 वर्षीय युवती के कथित यौन शोषण को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस घटना के बारे में पुलिस से पखवाड़े भर के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि पीड़ित युवती की मां ने पलासिया पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित उनकी बेटी को उसके एक नाबालिग रिश्तेदार ने तीन अक्टूबर को कथित यौन शोषण का शिकार बनाया, जब वह बाथरूम में थी। कथित यौन शोषण में शामिल 13 साल का लड़का पीड़ित युवती का रिश्तेदार है। दंडोतिया ने बताया कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एक नजर

### मेक्सिको में मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मेक्सिकन सिटी के मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की पदभार ग्रहण करने के एक सप्ताह से भी कम समय में हत्या कर दी गई। बीबीसी की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिवंगत आर्कोस रविवार को चिलपेंसिंगो में मृत पाए गए। वह दक्षिण-पश्चिमी राज्य गुएरेरो के छह दिनों तक मेयर रहे थे। राज्य की गवर्नर एवलिन सालगाडो ने कहा कि आर्कोस की हत्या को लेकर शहर में शोक की लहर है। रिपोर्ट के अनुसार, मेयर की मौत शहर सरकार के नए मंत्री फ्रांसिस्को तापिया की गोली मारकर हत्या के तीन दिन बाद हुई।

### परिवार के 13 लोगों को जहर देने वाली लड़की गिरफ्तार

**सुक्कुर (सिंध)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक लड़की और उसके प्रेमी को अपने परिवार के 13 सदस्यों को जहर देकर मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने कहा कि शाइस्ता अमीर बख्श से प्यार करती थी लेकिन उसका परिवार उनकी शादी के लिए सहमत नहीं था, जिसके कारण उसने प्रेमी के साथ मिलकर 19 अगस्त को खैरपुर के पास हैबत खान ब्रोही गांव में सामूहिक हत्या करने की योजना बनाई। जहरीला खाना खाने से शाइस्ता के परिवार के नौ सदस्यों की जल्द ही मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्यों की मौत कुछ दिनों में इलाज के दौरान हो गई।

### पुलिस अभियान में 7 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के मियांवाली जिले में सात आतंकवादियों को मार गिराने का सोमवार को दावा किया। सीटीडी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रविवार देर रात जिले के मेकरवाल इलाके में खुफिया सूचना के आधार पर अभियान चलाया गया, जिसके बाद आतंकवादियों और सीटीडी कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी के दौरान सात आतंकवादी मारे गए, जबकि उनके आठ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

### म्यांमा : पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत

**म्यांमा।** पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत बैंकॉक, सात अक्टूबर (एपी) म्यांमा की पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के वरिष्ठ नेता जॉ म्यिंट मौंग की सोमवार को जेल में मौत हो गई। वह 72 साल के थे। मौंग को 2021 में सेना द्वारा तख्ता पलट किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। माना जाता है कि उन पर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित थे। मौंग अपदस्थ नेता आंग सान सू ची के करीबी थे और नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के प्रवक्ता थे। सेना द्वारा 2021 में तख्ता पलट कर सत्ता अपने हाथ में लेने से पहले तक मौंग पार्टी के द्वितीय उपाध्यक्ष और मध्य मांडले क्षेत्र के मुख्यमंत्री भी थे। सेना ने 2021 में तख्ता पलट के बाद सू ची और एनएलडी के कई वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था।

## हमला



बेंगलुरु के पास बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क में रविवार को एक तेंदुआ सफारी बस पर कूद गया। • एजेंसी

## हसीना के सहयोगी हिरासत में, पूर्व प्रधान सचिव भी गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रधान सचिव अबुल कलाम आजाद और ढाका मेट्रोपॉलिटन अवामी लीग के कोषाध्यक्ष हुमायूं कबीर को जुबो दल के नेता शमीम की हत्या के मामले में सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने रविवार को यह आदेश जारी किया। इससे पहले, इस मामले के जांच अधिकारी, पलटन पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक (एसआई) नजमुल हसन ने दोनों आरोपियों के लिए 10 दिन की पुलिस रिमांड की मांग की थी। जवाब में, बचाव पक्ष के वकील ने रिमांड रद्द करने की मांग करते हुए जमानत याचिका दायर की थी।

# हमले का साल पूरा, जान गंवाने वालों को किया याद

- इजराइल पर हमास के हमले को लेकर दुनिया भर के कई देशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**बुडापेस्ट, एजेंसी**



हमलों के एक साल पूरे होने पर अपनों को याद कर पत्नी को गले लगाता पति।

इजराइल पर हमास के हमले का एक वर्ष पूरा होने को लेकर सोमवार को दुनिया भर के कई देशों में कई विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही वैश्विक स्तर पर कई नेताओं ने यहूदी-विरोध' को समाप्त करने तथा इजराइली बंधकों की रिहाई का आह्वान किया। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में घुसकर सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया था।

हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे। इसके बाद से इजराइल के गाजा पर हमले जारी हैं। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध के बीच इजराइल-हमास जंग से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया। यूरोपीय देशों, जहां यहूदी और मुस्लिम समुदाय के सदस्य रहते हैं, ने हमास के हमले और उसके बाद गाजा में उग्रवादियों के खिलाफ इजराइल के युद्ध के मद्देनजर यहूदी विरोधी और मुस्लिम विरोधी भावनाओं को दबाने का प्रयास किया है। पिछले साल अक्टूबर से जारी इस युद्ध में 41,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 19 लाख लोग युद्धग्रस्त क्षेत्र से विस्थापित हुए हैं। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली लोगों की याद में बर्लिन स्थित जर्मन चांसलरी के बाहर पीले रंग का एक रिबन लगाया गया। रिबन पर इजराइल पर हमले के दौरान मारे गए लोगों के नाम भी लिखे गए। इनमें से लगभग 100 लोग अभी भी बंधक हैं और उनमें से कई के मारे जाने की आशंका है।


# भारत-मालदीव में मुद्रा समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी ने मुइज्जू से द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा, मुक्त व्यापार समझौता जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और मालदीव ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा करने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौता करने और स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच सोमवार को यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए।

दोनों नेताओं ने भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे और 700 से अधिक आवास का उद्घाटन किया तथा मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया जो रक्षा, भ्रष्टाचार निरोधक कार्यवाही, विधि क्षेत्र में क्षमता विस्तार तथा खेल एवं युवा मामलों के क्षेत्र को लेकर हैं। इस मौके पर मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। हमारी पड़ोसी प्रथम की नीति और 'सागर' विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए सबसे पहले मददगार की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं की जरूरत पूरी करनी हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो या कोविड महामारी के समय वैक्सीन देने की बात हो। मोदी ने कहा हमने हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को प्रमुखता दी है। इस वर्ष भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के 10 करोड़ डॉलर के ट्रेज़री बिल्स का रोल ओवर किया है। मालदीव की आवश्यकता अनुसार, 40 करोड़ डॉलर और तीन हजार करोड़ रुपए का मुद्रा विनिमय समझौता भी संपन्न हुआ है। हमने मालदीव में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए व्यापक सहयोग पर बात की है।



मालदीव के राष्ट्रपति से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### जलवायु परिवर्तन है बड़ी चुनौती

मोदी ने कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में संस्थापक सदस्य के रूप में जुड़ने पर मालदीव का स्वागत किया और कहा कि जलवायु परिवर्तन दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती है। इस संबंध में सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता में भारत अपने अनुभव मालदीव के साथ साझा करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने मुइज्जू का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से संबंध मजबूत होंगे।

### मोदी ने कहा- डिजिटल कनेक्टिविटी पर भी फोकस

मोदी ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी पर भी फोकस किया है। उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले, मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया गया है। आने वाले समय में, भारत और मालदीव को यूपीआई से भी जोड़ने के लिए काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अड्डू में नया भारतीय वाणिज्य दूतावास और बेंगलुरु में मालदीव का नया वाणिज्य दूतावास खोलने पर भी हमने बात की है। इन सभी पहलों से, हमारे लोगों के बीच संबंधों को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। एकता हार्बर प्रोजेक्ट में काम तेजी से चल रहा है। हम मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बलों की ट्रेनिंग और क्षमता निर्माण में अपना सहयोग जारी रखेंगे। हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। हाइड्रोग्राफी और आपदा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाया जायेगा।

## इमरान के 18 तक मिलने-जुलने पर प्रतिबंध

**लाहौर, एजेंसी**

- कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन के बीच लगाया प्रतिबंध



पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुरक्षा चिंताओं के कारण 18 अक्टूबर तक उनके परिवार के सदस्यों, वकीलों और पार्टी नेताओं से मिलने पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन किये जाने के बीच लगाया गया है।

पीटीआई के संस्थापक खान अगस्त 2023 से कई मामलों में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने पीटीआई पर 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन को बाधित करने के प्रयास का आरोप लगाया है और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया है कि ये साजिशें नाकाम हों। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को रावलपिंडी की अदियाला जेल में अपने परिवार, वकीलों और पार्टी नेताओं से 18 अक्टूबर तक मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर यह फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन की प्रत्याशा में यह फैसला लिया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने आरोप लगाया है कि शिखर सम्मेलन को विफल करने के लिए पीटीआई इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन कर रही है।

## दुनिया की नदियों के लिए 2023 गत तीन दशक में सबसे अधिक सूखा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी ने सोमवार को बताया कि 2023 विश्व की नदियों के लिए तीन दशकों से अधिक समय में सबसे सूखा वर्ष रहा, क्योंकि रिकॉर्ड गर्मी की वजह से जल प्रवाह घट गया और कुछ स्थानों पर लंबे समय तक सूखे की स्थिति बनी रही। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कई देशों में स्थित ग्लेशियर को गत पांच दशक में भारी नुकसान हुआ है जो इन नदियों में जल के स्रोत हैं।

## हैरिस के पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक से संबंधों को लेकर सवाल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में एक हिंदू राजनीतिक समूह ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के यूएस कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलिजीयस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) के पाकिस्तानी-अमेरिकी सदस्य से संबंधों पर सवाल उठाए व कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर उनके प्रशासन के रुख को लेकर चिंता व्यक्त की है। हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट के संस्थापक और अध्यक्ष उत्सव संदूजा ने यूएससीआईआरएफ की पिछले सप्ताह जारी एक रिपोर्ट के बाद यह टिप्पणी की है जिसमें आरोप लगाया गया है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थितियां 2024 में भी बदतर रहीं, खासतौर से देश के आम चुनावों से पहले और तुरंत बाद के महीनों में। भारत ने इस रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्णबताया है। ट्रंप के समर्थक संदूजा ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें हैरिस को प्रचार का समर्थन करने के लिए पाकिस्तानी अमेरिकी और यूएससीआईआरएफ के आयुक्त आसिफ महमूद की तारीफ करते हुए देखा गया।

## सूडान में जारी संघर्ष में 13 बच्चों की गई जान

**काहिरा।** सूडान के उत्तरी दारफुर में सूडानी सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच जारी संघर्ष में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह जानकारी दी।

यूनिसेफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि बच्चों की उम्र छह से 17 वर्ष के बीच थी। स्थानीय समाचार पत्र सूडान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सूडानी सेना ने शुक्रवार को उत्तरी दारफुर की राजधानी अल फाशिर से लगभग 70 किलोमीटर पूर्व में स्थित अल कुमा शहर के एक बाजार को निशाना बनाकर हवाई हमले किए।

# रूस के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना

**कीव, एजेंसी**

- राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा- युद्ध अपने अहम चरण में

यूक्रेन की सेना ने दावा किया कि उसने क्रीमिया में रूस के अहम तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है जहां से रूसी सेना को युद्ध में तेल की आपूर्ति की जाती है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध अहम चरण में प्रवेश कर गया है।

यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि रूस की सैन्य और आर्थिक संभावनाओं पर चोट पहुंचाने के इरादे' से उसके कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप के दक्षिण में स्थित फियोदोसिया तेल टर्मिनल पर हमला किया गया क्योंकि वहां से रूसी सेना को युद्ध के लिए तेल की आपूर्ति की जा रही थी। फियोदोसिया में तैनात रूसी अधिकारियों ने बताया कि काला सागर के किनारे स्थित टर्मिनल में सोमवार सुबह आग लग गई लेकिन उन्होंने इसके कारणों का खुलासा नहीं किया।

यूक्रेन तीसरे साल में प्रवेश कर गए युद्ध में रूस के कब्जे वाले अहम इलाकों को निशाना बना रहा है। उसने लंबी दूरी के ड्रोन विकसित किए हैं, जिनसे तेल डिपो और तेल शोधकों के साथ-साथ शस्त्रागारों पर भी हमला किया गया है।

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सईद के दूसरी बार चुनाव जीतने के संकेत

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में आम चुनाव के बाद हुए सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में निवर्तमान राष्ट्रपति कैस सईद को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए जीत मिलने की संभावना जताई गई है। बहरहाल, सईद ने 'एग्जिट पोल' के नतीजों को स्वीकार करते हुए रविवार देर रात कहा की कि वह अपनी जीत की घोषणा करने से पहले आधिकारिक परिणामों की प्रतीक्षा करेंगे। 'एग्जिट पोल' में सईद की भारी अंतर से जीत की संभावना जताई गई है। सईद के कई विरोधियों को गिरफ्तार किए जाने से चुनाव पर असर पड़ा है। सईद ने चुनाव के बाद कहा, हम देश से सभी भ्रष्ट लोगों और षड्यंत्रकारियों का सफाया कर देंगे।

## हरियाली को बढ़ावा



कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव से पहले हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधों का उपयोग करके एक कलाकार के द्वारा बनाया गया पूजा पंडाल। • एजेंसी

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, दो चीनी नागरिकों व आतंकी की मौत

**कराची, एजेंसी**

- जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुआ विस्फोट

पाकिस्तान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे के पास देर रात चीनी श्रमिकों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए बलूच विद्रोही समूह के आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिकों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुए विस्फोट में एक संदिग्ध आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई।

यह हमला पाकिस्तान में चीनी श्रमिकों के खिलाफ हिंसा की श्रृंखला में नवीनतम घटना है। यह हमला राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से दो सप्ताह से भी कम समय पहले हुआ है।



प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह विस्फोट एक आत्मघाती हमला था, जिसमें जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से निकल रहे चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के काफिले को निशाना बनाया गया। यह हमला हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल से एक मील से भी कम दूरी पर हुआ। अधिकारियों ने हवाई अड्डे की तरफ जाने वाले सभी यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया। हमले में एक इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के चीनी कर्मचारियों को ले जा रहे काफिले को निशाना बनाया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक आसिफ शेख ने बताया प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आत्मघाती हमले को अंजाम देने के लिए एक छोटे वाहन का तब इस्तेमाल किया गया, जब चीनी नागरिकों को ले जा रहा वाहन कराची हवाई अड्डे के पास मुख्य सिग्नल पर पहुंचा था। उन्होंने कहा कि आत्मघाती हमलावर द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहन में विस्फोटक थे और निशाने से टकराने के बाद उसमें विस्फोट हो गया।

## अल्बानिया में भारतीय व्यंजनों, परंपरा की दिखी झलक

**तिराना।** अल्बानिया के राष्ट्रपति के राजप्रसाद का एक हिस्सा कुछ समय के लिए भारतीय शाही दरबार में तब्दील हो गया जिसमें रामपुर की समृद्ध पाककला, पारंपरिक संगीत और फैशन की झलक दिखाई दी। हजारों मील की दूरी पर यह संभव हुआ अल्बानिया में भारत की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित पहले भारत महोत्सव की वजह से। इस उत्सव का आयोजन अल्बानिया के अर्थव्यवस्था, संस्कृतिक और नवाचार मंत्रालय द्वारा किया गया क्योंकि बाल्कन का यह छोटा सा देश भारत के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ करना चाहता है और इसकी शुरुआत वह लोगों से लोगों के बीच संपर्क के साथ कर रहा है। मिनी फेस्टिवल ऑफ इंडिया इन तिराना नाम से की गई इस पहल में शाही रात्रि भोज के अलावा आजादी के बाद से भारत की वास्तुकला में की गई प्रगति भी प्रदर्शित की।

**ज्ञान-विज्ञान** — सेंटौर पिंडों की उत्पत्ति व बनावट का रहस्य खोलेगी यह खोज

# गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** सुदूर अंतरिक्ष में गैस की तीव्र धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा यह खोज हुई है। इन्हें सेंटौर कहा जाता है। हमारे सौरमंडल की उत्पत्ति व विकास को समझने में यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। साथ ही सेंटौर पिंडों की उत्पत्ति व बनावट के रहस्य को जानने में भी मददगार होगी।

सौरमंडल के सभी पिंडों से हम परिचित हैं। मगर सेंटौर जैसे बर्फीले पिंड आज भी रहस्य बने हुए हैं। इन पिंडों से निकलने वाली गैस की धारा कुछ उसी तरह की होती है, जैसे पृथ्वी में ज्वालामुखी फटा करते हैं। इस पिंड का नाम सेंटौर 29पी/श्वासमैन-वाचमैन है। पिंड के चट्टान के भीतर से गैस के विस्फोट होते हैं और कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड के जेट जैसी तेज धारा छोड़ते हैं। विस्फोट हर छह से आठ सप्ताह में होते हैं, जिस कारण यह बाहरी सौर मंडल में सबसे गतिशील वस्तुओं में माने जाते हैं। इस पिंड का आकार मूंगफली जैसा है। यह बर्फीले पिंड बृहस्पति और नेपच्यून के बीच से सूर्य की परिक्रमा करते हैं। यह खोज सौर मंडल के गठन और विकास में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, ऐसा वैज्ञानिकों का मानना है। वैज्ञानिक इन पिंडो की संरचना को समझने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उनकी गैस-उत्सर्जन गतिविधि के कारण को समझने का प्रयास कर रहे हैं। पिंड की सतह के नीचे मौजूद बर्फ के लुप्त होने का कारण भी तलाश करेंगे।



खोजे गए सेंटौर की तस्वीर।

### प्राचीन पिंडों व धूमकेतुओं के बीच की कड़ी हैं ये पिंड

नैनीताल : सेंटौर के संदर्भ में अधिक जानकारी नही है। यह पूर्व ट्रांस-नेप्च्यूनियन वस्तुएं हैं जो पिछले कुछ मिलियन वर्षों में ग्रहों के सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से नेप्च्यून की कक्षा के अंदर चली गई हैं। ये पिंड बाहरी सौर मंडल में आदिकालीन बर्फीले पिंडों और विकसित धूमकेतुओं के बीच की कड़ी हैं। नासा ग्रीनबेल्ट, मैरीलैंड के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर और वाशिंगटन डी.सी., अमेरिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है।